सूर्योदय 5:46 सूर्यास्त 6:52

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.5 न्यू | 26.2 अधि |
| धर्मशाला | 16.1 न्यू | 30.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79801.43 |
| निफ्टी | 24246.70 |
| सोना | 98,240 |
| चांदी | 1,00, 337 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



पहलगाम में आतंकी घटना देश की एकता व अखंडता पर सीधा हमला: नरेश चौहान

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025 | 13 बैशाख, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 116, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

**आज का मैच**

चेन्नई सुपर किंग्स vs सनराइजर्स हैदराबाद

समयः रात 7:30 बजे (चेन्नई)

## पहलगाम हमले के बाद भारत के कड़े फैसलों के जवाब में शहबाज सरकार ने भी लिए कड़े निर्णय

# अब पाक ने रद्द किया शिमला समझौता

- सिंधु जल संधि रोकने से बौखलाया पाकिस्तान
- भारत के लिए बंद किया हवाई क्षेत्र
- कहा- सिंधु जल रोका, तो यह जंग जैसा होगा

एजेंसी, इस्लामाबाद

**पहलगाम** हमले के बाद भारत के कड़े फैसलों के जवाब में पाकिस्तान ने दोनों देशों के बीच सभी द्विपक्षीय समझौते स्थगित कर दिए हैं।

इसके अलावा 1972 का शिमला समझौता रद्द कर दिया है। ये फैसले पाकिस्तान की नेशनल सिक्योरिटी कमेटी की बैठक में लिए गए, जिसकी अध्यक्षता पीएम शहबाज शरीफ ने की। एक दिन पहले भारत ने भी सिंधु जल समझौता स्थगित करने समेत 5 बड़े फैसले लिए थे। पाकिस्तान ने कहा कि अगर भारत सिंधु जल समझौते को रोकता है तो इसे एक्ट ऑफ वॉर यानी जंग की तरह माना जाएगा। भारत ने बुधवार देर रात पाकिस्तान के शीर्ष राजनयिक साद अहमद वराइच को तलब कर उनके सैन्य राजनयिकों के खिलाफ 'पर्सोना नॉन ग्राटा' का आधिकारिक नोट सौंपा। (अनंत ज्ञान)



### ये भी लिए फैसले

- पाकिस्तान ने सार्क एसवीई के तहत सभी वीजा निलंबित कर दिए।
- सिख तीर्थयात्रियों को छोड़कर सभी भारतीय लोगों को 48 घंटे के भीतर वापस जाने का आदेश
- भारत के साथ सभी व्यापार निलंबित
- वाघा बॉर्डर बंद करने का भी लिया फैसला

### क्या है शिमला समझौता?

**शिमला** समझौता भारत और पाकिस्तान के बीच 2 जुलाई, 1972 को हुआ था। इस द्विपक्षीय समझौते पर भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति (बाद में प्रधानमंत्री बने) जुल्फिकार अली भुट्टो ने साइन किए थे। यह समझौता 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद हुआ था। इस युद्ध में पाकिस्तान को हार का सामना करना पड़ा था और उसके 90,000 से ज्यादा सैनिक भारत के कब्जे में थे।

## सर्वदलीय बैठक में एक्शन के लिए सबका समर्थन



एजेंसी, नई दिल्ली

**पहलगाम** में हुए आतंकी हमले को लेकर केंद्र सरकार ने वीरवार को संसद भवन में सर्वदलीय बैठक बुलाई। सरकार ने आतंकी घटना के बारे में जानकारी दी।

करीब 2 घंटे चली बैठक में सभी दलों ने विचार रखे और केंद्र सरकार को किसी भी तरह का एक्शन लेने के लिए अपना पूरा समर्थन दिया। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, वित्त मंत्री सीतारमण, केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री किरेन रिजिजू, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे सहित तमाम दलों के नेता शामिल हुए। बैठक से पहले पहलगाम हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। वहीं, राहुल गांधी शुक्रवार को पहलगाम जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### आतंकियों और साजिश रचने वालों को बड़ी सजा मिलेगी : मोदी

**मधुबनी (बिहार)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले में शामिल सभी आतंकवादियों और इसकी साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा देने का संकल्प जताते हुए कहा कि अब आतंकियों की 'बची खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने' का समय आ गया है। बिहार के दरभंगा में मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है बल्कि देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है।

### वीजा अवधि खत्म होने से पहले भारत छोड़ें पाकिस्तानी

- 29 अप्रैल से मेडिकल वीजा भी मान्य नहीं

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाएं तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला लिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाक नागरिकों दिए गए सभी वीजा 27 अप्रैल से रद्द माने जाएंगे। इसके अलावा, पाकिस्तानी नागरिकों को जारी मेडिकल वीजा केवल 29 अप्रैल तक ही मान्य रहेंगे। मंत्रालय ने कहा कि जो पाकिस्तानी नागरिक अभी भारत में हैं, उन्हें अब बदली हुई वीजा शर्तों के अनुसार, अपने वीजा की अवधि खत्म होने से पहले भारत छोड़ना होगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारतीय नागरिकों को पाकिस्तान की यात्रा न करने की सख्त सलाह दी है। वहीं, जो भारतीय इस समय पाकिस्तान में हैं, उन्हें भी जल्द से जल्द भारत लौटने को कहा है।

### भारत में पाक सरकार का 'एक्स' अकाउंट ब्लॉक

**पाक** सरकार का आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट भारत में ब्लॉक कर दिया है। यह कदम जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच उठाया है। भारत ने यह दंडात्मक कदम सिंधु जल संधि को निलंबित करने व अन्य कूटनीतिक उपायों की घोषणा के बाद उठाया है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### नीतीश कटारा हत्याकांड के दोषी विकास को जमानत

**नई दिल्ली।** नीतीश कटारा हत्याकांड के दोषी विकास यादव को सुप्रीम कोर्ट ने 8 मई तक अंतरिम जमानत दी। विकास यादव को यह जमानत बीमार मां से मिलने के लिए दी गई है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि विकास यादव जमानत के दौरान किसी भी गवाह, विशेष रूप से नीतीश कटारा की मां से संपर्क न करें। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि विकास यादव की मां की जांच एम्स के डॉक्टरों की ओर से की जाए। (अनंत ज्ञान)

### खालिस्तानी आतंकी मंगत अमृतसर से किया गिरफ्तार

**अमृतसर।** उत्तर प्रदेश के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और साहिबाबाद पुलिस की संयुक्त टीम ने अमृतसर में छापेमारी कर खालिस्तानी आतंकी मंगत सिंह को गिरफ्तार किया है। यह आतंकी पिछले 30 साल से फरार चल रहा था। यूपी की एटीएस टीम ने अमृतसर ग्रामीण पुलिस से संपर्क किया और टिम्मेवाला गांव में छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। मंगत पर 1993 से हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और आतंकवादी गतिविधि एक्ट के तहत गंभीर आरोप दर्ज हैं। (अनंत ज्ञान)

### गौतम गंभीर को जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच और भाजपा के पूर्व सांसद गौतम गंभीर को 'आईएसआईएस कश्मीर' ने जान से मारने की धमकी दी है। धमकी के बाद गंभीर ने दिल्ली पुलिस से संपर्क कर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। राजेंद्र नगर पुलिस स्टेशन के एसएचओ और मध्य दिल्ली के डीसीपी ने बताया कि गंभीर ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों से उनके परिवार और करीबी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है। (अनंत ज्ञान)

### गोधरा कांड: 6 और 7 मई को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड मामले में गुजरात सरकार और दोषियों की याचिकाओं पर 6 और 7 मई को अंतिम सुनवाई शुरू करेगा। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने कहा कि इस मामले की सुनवाई में कम से कम दो सप्ताह लगेंगे। 6 और 7 मई को पूरे दिन इस पर सुनवाई होगी। इस दौरान किसी अन्य मामले पर तब तक सुनवाई नहीं होगी, जब तक कि कोर्ट की तरफ से विशेष रूप से नहीं कहा जाए। (अनंत ज्ञान)

### पाक रेंजर्स ने गलती से सीमा पार करने पर बीएसएफ जवान को लिया हिरासत में

**नई दिल्ली।** भारतीय बीएसएफ के एक जवान को गलती से पंजाब की सीमा पार कर जाने के बाद पाकिस्तान रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया। अधिकारियों ने बताया कि जवान की रिहाई के लिए दोनों देशों के बलों के बीच बातचीत जारी है। 182वीं बटालियन के कांस्टेबल पीके सिंह को बुधवार को फिरोजपुर सीमा पार से पाकिस्तान रेंजर्स ने हिरासत में लिया था। जवान वर्दी में था और उसके पास सर्विस राइफल भी थी। बीएसएफ जवान किसानों के साथ था और छाया में आराम करने के लिए आगे बढ़ा, जिसके बाद उसे पाकिस्तानी रेंजर्स ने पकड़ लिया। अधिकारियों ने बताया कि ऐसी घटनाएं असामान्य नहीं हैं और दोनों पक्षों के बीच पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं।

## 24 घंटे में तीन एनकाउंटर, उधमपुर में जवान शहीद



एजेंसी, श्रीनगर

**पहलगाम** आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच पिछले 24 घंटे में लगातार तीसरा एनकाउंटर चल रहा है।

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर के डूडू बसंतगढ़ में वीरवार को तलाशी अभियान के बाद सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में सेना का हवलदार झंटू अली शेख शहीद हो गया। जवानों ने कुछ आतंकियों को घेर लिया है। उधर, जम्मू-कश्मीर में बांदीपुरा पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा के चार ओवर ग्राउंड वर्कर्स को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े कुछ ओजीडब्ल्यू पुलिस और गैर स्थानीय लोगों पर हमला करने का मौका तलाश रहे थे। बांदीपोरा पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू किया और जिले में विभिन्न स्थानों पर घेराबंदी की थी। नाका चेकिंग के दौरान मोहम्मद रफीक खांडे और मुख्तार अहमद डार को पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके पास से अवैध हथियार गोला-बारूद बरामद किया गया, जिसमें 2 चीनी हैंड ग्रेनेड, 7.62 एमएम मैगजीन 1 और 7.62 एमएम के 30 राउंड बरामद किए हैं।

## कृषि-बागवानी के सुदृढ़ीकरण पर खर्च होंगे 2 हजार करोड़: सुक्खू

### मुख्यमंत्री बोले- दुग्ध क्षेत्र के विकास के लिए प्रयास तेज



शिमला में वीरवार को कृषि, बागवानी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

**सीएम** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार कृषि व बागवानी क्षेत्र को सुदृढ़ कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त कर रही है। इस वित्त वर्ष के दौरान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रदेश सरकार 2 हजार करोड़ रुपए व्यय करेगी।

मुख्यमंत्री ने वीरवार को कृषि, बागवानी व अन्य संबद्ध विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। सुक्खू ने कहा कि कृषि व बागवानी उत्पादों का प्रसंस्करण कर उनका विपणन करने के लिए बेहतरीन व्यवस्था विकसित की जा रही है। इसी दृष्टिकोण के साथ दुग्ध क्षेत्र के विकास के लिए भी नवोन्मेषी प्रयास किए जा रहे हैं।

सुक्खू ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में पशुधन का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश सरकार की ओर से हिम गंगा योजना को प्रथम चरण में पायलट आधार पर हमीरपुर और कांगड़ा जिलों में आरंभ किया है। मिल्कफैड की ओर से मंडी, कुल्लू और शिमला जिलों में 120 स्वचालित और 32 डिजिटल दूध संग्रहण इकाइयां स्थापित की गई हैं। (अनंत ज्ञान)

### प्राकृतिक खेती से जोड़े जाएंगे एक लाख लोग

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक खेती से उत्पादित हल्दी, गेहूं व मक्का के समर्थन मूल्य को इस वित्त वर्ष में क्रमशः 90 रुपए, 60 रुपए तथा 40 रुपए प्रति किलोग्राम करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस वर्ष एक लाख नए किसानों को प्राकृतिक खेती के अंतर्गत लाने का लक्ष्य रखा है और प्राकृतिक खेती करने वाले सभी किसानों को हिम परिवार रजिस्टर से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस मौके पर कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार, बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी, विधायक आशीष बुटेल, मिल्कफैड के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर, सचिव पशुपालन रितेश चौहान, मिल्कफैड के प्रबंध निदेशक विकास सूद व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## प्राकृतिक खेती ने दिखाई खुशहाली की राह : चंद्र कुमार

**सुक्खू** सरकार ने हिमाचल में कृषि क्षेत्र के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इन योजनाओं की पहुंच आसान बनाई जा रही है। खासकर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के प्रयास हो रहे हैं। नवीन कृषि तकनीक पर भी ध्यान दिया जा रहा है। प्रशिक्षित लोग नई कृषि आधारित फसलों पर किसानों को ट्रेंड कर रहे हैं। इन्हीं मुद्दों पर ब्यूरो चीफ **सत्यदेव भारद्वाज** ने कृषि एवं पशुपालन मंत्री **प्रो. चंद्र कुमार** से खास बातचीत की। पेश हैं मुख्यांश-



चंद्र कुमार, कृषि एवं पशुपालन मंत्री

अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत

**किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार क्या योजनाएं चला रही?**

देखिए, कृषि क्षेत्र सबसे बड़े रोजगार का जरिया है। अधिकतर लोग कृषि पर आश्रित हैं। जरूरत है बड़े बदलाव की। पहले खेतीबाड़ी अपने निर्वाह के लिए की जाती थी, लेकिन अब आमदनी का जरिया बन गई है। सुक्खू सरकार किसानों की आय दोगुना करने की सोच रखती है। इसके लिए हमने प्राकृतिक खेती की तरफ ध्यान दिया है। इसे खूब प्रचारित और प्रसारित किया जा रहा है। हमने मक्की, गेहूं आदि फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया है। सरकार प्राकृतिक रूप से तैयार हल्दी को भी 90 रुपए किलो के हिसाब से खरीदेगी, साथ ही खाद्यान्नों को डिपुओं में बेचेगी।

**ऋण और अन्य योजनाएं कैसे चल रही हैं?**

**किसानों** की भलाई के लिए एससी/एसटी कोटे के तहत 40 फीसदी सब्सिडी दी जा रही है। अन्य को भी सब्सिडी से राहत पहुंचाई जा रही है, जिसमें जानवरों से फसलों के बचाव के लिए फेंसिंग लगाने के लिए सब्सिडी का प्रावधान है। पावर टिलर, कृषि से संबंधित औजारों पर भी सब्सिडी दी जा रही है। सरकार का इस दिशा में गंभीर प्रयास चल रहा है।

**किसान बीमा और इससे जुड़ी योजनाओं के बारे में बताएं?**

**अभी** कुछ निजी कंपनियां बीमा करवा रही हैं। इसमें किसानों का शेयर ज्यादा है और सरकार या फिर संबंधित कंपनी का शेयर कम रहता है। सरकार किसानों के लिए बीमा राशि कम करेगी, ताकि उन्हें बीमा करने में दिक्कत न आए। ज्यादा से ज्यादा लोग फसल बीमा करवाएं, जिससे प्राकृतिक आपदा से होने वाली हानि से क्षतिपूर्ति हो सके।

### तकनीक के सहारे जलवायु परिवर्तन से निपट रही सरकार?

**हम** तकनीक के सहारे जलवायु परिवर्तन से निपट रहे हैं। सैटेलाइट से चित्र प्राप्त कर उनका विश्लेषण होता है। रिमोट प्रणाली से मौसम सहित दूसरी प्राकृतिक एवं कृषि गतिविधियों पर नजर रखी जाती है, इसके लिए देहरादून स्थित मौसम एवं कृषि प्रशिक्षण केंद्र में पहले चरण में उपनिदेशक से लेकर कृषि अधिकारियों के साथ 21 सदस्य प्रशिक्षित हो चुके हैं। दूसरे चरण में अब मैं खुद अपनी एक टीम के साथ देहरादून जा रहा हूं, जहां कृषि एवं मौसम से संबंधित पहलुओं पर गहन अध्ययन किया जाएगा, जिसे बाद में राज्य के अंदर भी लागू किया जाएगा, ताकि मौसम से होने वाली प्रतिकूल गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

### नौजवान खेतीबाड़ी से करें आय में इजाफा

नौजवान किसान शहर में ज्यादा भागदौड़ करने के बजाए गांव की तरफ रुख करें और वहां पर आधुनिक तकनीक से खेतीबाड़ी करें, ताकि कैश क्रॉप से किसानों की आय में इजाफा हो और उनकी जीविका में बाधा रहित लाभ मिले। इससे उनका जीवन समृद्ध और खुशहाल बन सकता है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- बद्दी में कबाड़ के गोदाम में लगी आग, लाखों का नुकसान -पेज 3
- सीर में मलबा फेंकना पीडब्ल्यूडी को पड़ा भारी -पेज 6
- मुर्शिदाबाद हिंसा भड़काने के पांच और आरोपी गिरफ्तार -पेज 13
- ट्रेंट बोल्ट बोले-विश्वस्तरीय खिलाड़ी हैं रोहित -पेज 14

**विकास या विनाश** अब तक 6,00,000 से अधिक पर्यटक कर चुके हैं विजिट, नहीं लिया जाता था शुल्क, दुर्गम इलाकों के संजोए थे चलचित्र

# कुछ दिनों में उजड़ जाएगी हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी

अनिल शर्मा, मंडी

**प्राकृतिक** सौंदर्य और अनसुलझे रहस्यों से भरी देवभूमि हिमाचल को छायाचित्रों के माध्यम से एक ही छत के नीचे दिखाने वाली हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी 28 वर्ष की यात्रा पूरी कर उजड़ने वाली है।

अगले दो माह बाद पर्यटकों और संस्कृति प्रेमियों को यह देखने को नहीं मिलेगी। दूसरी बार फोरलेन की जद में आने के कारण उत्तर भारत की अनोखी फोटो गैलरी अब केवल इतिहास के पन्नों में उलझ कर रह गई है। इसको बचाने के लिए शिमला से लेकर दिल्ली तक प्रयास किए गए, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। गौर रहे कि हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी में कुछ ही पलों में पूरे हिमाचल प्रदेश को निहारा जा सकता था। फोटो गैलरी में संरक्षित अद्भुत छायाचित्र, दुर्लभ वस्तुओं और बरसेलों सहित विलुप्त हो चुकी कार्यपद्धति और वस्तुओं को देखा जा सकता था। (अनंत ज्ञान)



अनंत ज्ञान स्पैशल

हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी।

**अपने में समेटे हुए थी प्रदेश के कोने-कोने की संस्कृति**

### सहयोग से किया सपना पूरा : बीरबल

हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी के संस्थापक बीरबल शर्मा का कहना है कि एक प्रदेश को एक ही जगह पर हर विधा से दिखाने का एक सपना देखा था। दिन-रात मेहनत की, दर्शकों का उत्साह मिला, शुभचिंतकों, परिवारजनों व 50 साल की छायाकारिता यात्रा में साथी रहे मित्रों का सहयोग व हौसले ने इस सपने को साकार कर दिया था। पूरे देश में ऐसी कोई भी गैलरी नहीं है। अब तक 6 लाख के लगभग दर्शक यहां आ चुके हैं और 28 साल से इसे निःशुल्क दिखाने का क्रम चला आ रहा था। उन्होंने कहा कि मंडी-कुल्लू मार्ग पर मंडी से चार किलोमीटर दूर बिंदरावणी में ब्यास नदी के किनारे राष्ट्रीय मार्ग पर 24 अप्रैल, 1997 को स्थापित हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी 28 साल की हो गई।

### चलचित्रों के माध्यम से दिखता था पूरा हिमाचल

**बीरबल** शर्मा ने बताया कि इस गैलरी में प्रदेश के लोकगीतों, लोक नृत्यों, त्योहारों, पर्वों, विवाह गीतों, मेलों समेत समृद्ध संस्कृति के हर पहलू को चलचित्रों के माध्यम से भी देखा जा सकता था। फोटो गैलरी में एक म्यूजियम भी था। प्रदेश के इतिहास, कला, संस्कृति, लोक गाथाओं, लोक कथाओं व अन्य विषयों पर आधारित पुस्तकों की हेरिटेज लाइब्रेरी, हिमाचल कला संस्कृति भाषा अकादमी ने भी अपनी पुस्तकों का विक्रय केंद्र और प्राचीन हटली के बरसेले भी देखने को मिलते थे।

### पुन: निर्माण की नहीं रही हिम्मत

**बीरबल** शर्मा ने बताया कि चार साल पहले गैलरी भवन के क्षतिग्रस्त होने से उन्होंने इसे फिर से निर्मित करने का विचार छोड़ दिया था। यहां आने वाले पर्यटकों, दशकों व शुभचिंतकों की टिप्पणियों ने उन्हें हिम्मत दी, लेकिन अब पुनः इसका निर्माण करने की हिम्मत नहीं रही है।

## हिमाचल : नशे में गाड़ी चलाने पर 13,165 चालान, 1300 गिरफ्तार

- हिमाचल पुलिस मुख्यालय की रिपोर्ट में खुलासा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**हिमाचल** में वर्ष 2024 में पुलिस ने ड्रंकन ड्राइविंग के कुल 13,165 चालान किए हैं। इस दौरान 1300 लोगों को गिरफ्तार किया, जबकि 3391 मामलों में ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन के लिए भेजे गए।

यह जानकारी राज्य पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी एक रिपोर्ट में सामने आई है। एक जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक के आंकड़ों में शिमला जिला सबसे आगे रहा, जहां 2078 चालान किए गए और 224 लोगों को गिरफ्तार किया गया। 535 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन के लिए भेजे गए। दूसरे नंबर पर मंडी जिला रहा, जहां 1493 चालान और 268 गिरफ्तारियां हुईं व 397 लाइसेंस निलंबन की संस्तुति की गई। सोलन जिले में 1376 चालान, 158 गिरफ्तारी और 477 लाइसेंस निलंबन के लिए भेजे गए। बद्दी में 1333 चालान और 98 लोगों को पकड़ा गया, जबकि बिलासपुर में 1128 चालान के साथ 113 गिरफ्तारी और 450 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन के लिए भेजे गए। चंबा में 831 चालान, 116 गिरफ्तार और 365 लाइसेंस निलंबन को भेजे गए। हमीरपुर जिले में 446 चालान और 145 लाइसेंस व कांगड़ा जिले में 1273 चालान के बावजूद कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। किन्नौर में 411 चालान, 19 गिरफ्तारी और 18 लाइसेंस निलंबन व लाहौल-स्पीति में 189 चालान, 64 मामलों में लाइसेंस निलंबन की सिफारिश की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### स्कूल प्रबंधन समिति की मासिक बैठक संपन्न

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** राजकीय उच्च पाठशाला पटनौण में स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान अरुण लगवाल की अध्यक्षता में मासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 20 अभिभावकों ने भाग लिया। इसमें मुख्याध्यापक महेश कुमार ने बच्चों के चहुंमुखी विकास से संबंधित विषयों पर चर्चा की। इसमें कमेटी के सदस्यों ने कंप्यूटर अध्यापक तथा खेल के विकास के लिए कोच रखने और बच्चों की वर्दी के प्रस्ताव पारित किए। इस मौके पर ग्राम पंचायत पटनौण के प्रधान कमलजीत सिंह कमेटी के सदस्य मीना कुमारी, ज्योति कुमारी, अंजना कुमारी, प्रवीण कुमार, सुनील कुमार तथा अध्यापक मनोज कुमार, सुनीता कुमारी, विजय कुमार मौजूद रहे । यह जानकारी स्काउट मास्टर सतीश कुमार राणा ने दी।

### हंसराज जयंती समारोह 26 को चौगान में

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा एवं डीएवी कॉलेज प्रबंधकर्ता समिति द्वारा आयोजित समर्पण दिवस महात्मा हंसराज पावन जयंती 2025 समारोह सुजानपुर टीहरा, चैगान में 26 अप्रैल को 4.30 बजे शुरू होने जा रहा है। इस वर्ष यह कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश के डीएवी विद्यालयों द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि आर्य रत्न पदम् श्री अवार्डी, डॉ. पूनम सूरी, प्रेसिडेंट, डीएवी सीएमसी नई दिल्ली होंगे। महात्मा हंसराज पावन जयंती समारोह में पूरे भारत वर्ष से डीएवी संस्थान के सभी उच्च अधिकारी भाग लेंगे। समारोह में विशाल हवन यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। डीएवी विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा महात्मा हंसराज के जीवन और उनके बलिदान से संबंधित नाटक, भजन व आर्य समाज से संबंधित कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। डीएवी स्कूल आलमपुर के प्रधानाचार्य बिक्रम सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डीएवी स्कूल आलमपुर पूरी निष्ठा और इमानदारी से अपना संपूर्ण सहयोग दे रहा है ।

### आज कई क्षेत्रों में बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल भोटा के अंतर्गत 33 केवी विद्युत सब स्टेशन लदरौर से निकलने वाले 11केवी फीडरों की टैस्टिंग के चलते 25 अप्रैल को लदरौर, पट्टा, बलोखर, अग्घार, भोटा, मैड़, उखली, खरवाड़ और आसपास के गांवों में सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बिजली की आपूर्ति बीच-बीच में कुछ समय के लिए बाधित रहेगी। सहायक अभियंता राजेश भारद्वाज ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### लोगों को दी पंचायतीराज के बारे में जानकारी

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** ग्राम पंचायत पटलांदर में पंचायती राज दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के तौर पर बीडीओ सुजानपुर किशोरी लाल ने शिरकत की। कार्यक्रम में बीडीसी चेयरपर्सन आरती देवी, वाइस चेयरमैन राजेश कुमार पंचायत समिति सदस्य सुरजीत सिंह मौजूद रहे। इस अवसर पर पंचायत के लोगों को पंचायती राज के बारे में जानकारी दी गई। लोगों को स्वच्छता के फायदे बताए गए। बीडीसी सदस्य राजकुमार ने ग्रामीणों को पंचायती राज के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा प्रदान करना आधुनिक भारत की राजनीतिक व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण क्षण था। ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों का स्वशासन सहभागी लोकतंत्र का एक मॉडल तैयार करता है और सरकार को आंतरिक क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के करीब लाता है।

### खेलों में कुठेड़ा स्कूल के 9 खिलाड़ी चयनित



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्रीय स्कूली खेलों में अंडर-19 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठेड़ा के एक ही स्कूल के 9 खिलाड़ी खो-खो खेल में पांच लड़के और चार लड़कियां हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उच्च शिक्षा उपनिदेशक डॉ. माही राम चैहान तथा सहायक जिला शारीरिक शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शर्मा ने स्कूल के प्रधानाचार्य आरसी भनोट तथा कर्मठ शारीरिक शिक्षकों और स्कूल के समस्त स्टाफ को बधाई दी। साथ ही खिलाड़ियों जिसमें शिवम शर्मा, अजय, अरपित सिंह, कार्तिक शर्मा, राहुल कुमार, कृतिका राणा, सोनिया शर्मा, सिमरन तथा निशा देवी को अपनी शुभकामनाएं दी। राजेंद्र शर्मा ने कहा कि उन्हें पूर्ण आशा है कि यह खिलाड़ी स्कूली राष्ट्रीय प्रतियोगिता खो-खो खेल में अपना बेहतर प्रदर्शन करेंगे तथा हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। राष्ट्रीय प्रतियोगिता दिल्ली में 30 अप्रैल से 5 मई तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी 25 से 28 अप्रैल तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कंडाघाट जिला सोलन में आयोजित कैंप में भाग लेंगे।

### 6 ग्राम हेरोइन सहित युवक काबू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** थाना नादौन की एक टीम द्वारा आरोपी सूर्यांश पुत्र राकेश कुमार निवासी प्रतापगली तहसील व जिला हमीरपुर के कब्जा से 6 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पुलिस ने युवक गिरफ्तार कर के थाना नादौन में एनडीपीएस अधिनियम के अधीन अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### आतंकियों के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, भोटा।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में वीरवार को नगर पंचायत भोटा बाजार में जनाक्रोश फूट पड़ा। हमले के विरोध में भोटा बाजार सुबह 9 बजे से लेकर 11 बजे तक पूर्ण रूप से बंद रहा। रेहड़ी -फहड़ी वालों ने बंद का पूरा समर्थन किया। व्यापार मंडल के प्रधान सनी शर्मा, डॉ. देशराज शर्मा, तेज सिंह पठानिया एवं नगर पंचायत की प्रधान सपना सोनी, उप प्रधान संजय कुमार एवं स्थानीय लोगों ने व्यापार मंडल के सहयोग से पाकिस्तान मुर्दाबाद के जमकर नारे लगाए। भोटा बस स्टैंड पर पाकिस्तान का पुतला बनाकर फूंका गया।

### जाहू हवाई अड्डे की मांग पर धर्माणी को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** जाहू क्षेत्र में प्रस्तावित हवाई अड्डे की परियोजना को शीघ्र अमल में लाने की मांग को लेकर वरिष्ठ वेलफेयर एसोसिएशन भरेड़ी के प्रतिनिधिमंडल ने टाउन एंड कंट्री प्लानिंग तथा वोकेशनल एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी से भेंट की और उन्हें एक औपचारिक ज्ञापन सौंपा। वरिष्ठ नागरिकों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि वे पिछले कई वर्षों से इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए प्रयासरत हैं। उनका कहना है कि जाहू में हवाई अड्डे की स्थापना न केवल क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार और व्यावसायिक अवसर प्रदान करने में भी सहायक सिद्ध होगी। क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता और धार्मिक पर्यटन स्थलों को देखते हुए यह परियोजना इस पूरे अंचल को राज्य के प्रमुख पर्यटन केंद्रों में शामिल कर सकती है। मंत्री धर्माणी ने ज्ञापन प्राप्त करने के उपरांत प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित विभागों से इस विषय में चर्चा कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**पहलगाम हमला** आतंकी हमले के विरोध में लोगों में आक्रोश, जिले में कई बाजार 2 घंटे तक रहे बंद

# लोगों ने फूंका इस्लामी आतंकवाद का पुतला

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



पहलगाम क्षेत्र में हुए आतंकी हमले के विरुद्ध संपूर्ण देश के लोगों में आक्रोश है और इस हमले की कड़ी निंदा कर रहे हैं। वीरवार को व्यापार मंडल हमीरपुर ने भी सुबह 9 से 11 बजे तक सभी दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद रखी और गांधी चैक पर आतंक हमले की निंदा करते हुए धरना प्रदर्शन किया। रोष रैली के दौरान हमीरपुर बाजार के दुकानदारों, बीजीपी और विश्व हिंदू परिषद, एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने इस्लामी आतंकवाद का पुतला भी जलाया।

सुबह से ही गांधी चैक पर दुकानदार जुटना शुरू हो गए थे और पाकिस्तान आतंकवादियों की इस घटना को लेकर नारेबाजी कर रहे थे। इस दौरान कई नेताओं ने इस घटना की कड़ी निंदा की और कहा कि पाकिस्तान की यह घटना अक्षमय है और जिन आतंकियों ने इस घटना को अंजाम दिया है उनके खिलाफ भारतीय सेना को कार्रवाई करनी चाहिए। इस अवसर पर इस्कॉन के संत गौर चंद्र दास ने भी सबको धर्म के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी। इससे पूर्व व्यापार मंडल के महामंत्री राजेंद्र सोनी ने इस दुखद घटनाक्रम पर शोक प्रकट करते हुए व्यापारियों के पूर्ण समर्थन की बात कही। उन्होंने कहा की हमीरपुर के व्यापारी बिना पंजीकरण और पुलिस वेरिफिकेशन के किसी को भी अपनी दुकान न दे ताकि इस तरह का घटनाक्रम न हो पाए।

विश्व हिंदू परिषद प्रदेश प्रांत सह मंत्री पंकज भारतीय ने विश्व हिंदू परिषद की हिमाचल को धर्मांतरण मुक्त करने के अपने संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सिकंदर, विधायक आशीष शर्मा, इंद्र दत्त लखनपाल, पूर्व विधायक राजेंद्र राणा, कमलेश कुमारी सहित आदि ने हिसा लिया। (अनंत ज्ञान)

## पर्यटकों की हत्या के विरोध में बिझड़ी, सलौणी

**एसके ठाकुर, बड़सर।** पहलगाम क्षेत्र में हुए आतंकी हमले के विरुद्ध बड़सर में वीरवार को बिझड़ी सलौणी मैहरे बाजार 2 घंटे बंद रहे। बिझड़ी बाजार सुबह 9 बजे से लेकर 10 :00 तक पूर्णता बंद रहा यह बंद पूर्णता शांतिपूर्ण था, वहीं दूसरी ओर सलोनी बाजार में व्यापार मंडल ने अपना विरोध पाकिस्तान मर्दाबाद के नारे लगाकर कहा कि पर्यटकों के हत्यारों को ऐसी सजा मिलनी चाहिए कि उनकी सात पीड़ियां याद करें। (अनंत ज्ञान)

## 'हिंदुस्तान जिंदाबाद' के नारों से गूंजा बाजार

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकी हमले के खिलाफ भरेड़ी बाजार सुबह 10 बजे से 11 बजे तक पूरी तरह से बंद रहा। बंद के दौरान व्यापारियों ने एकजुट होकर पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' और 'हिंदुस्तान जिंदाबाद' के नारों से पूरा बाजार गूंज उठा। इस दौरान कांग्रेस सेवा दल के ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र जरयाल भी शामिल हुए। वहीं व्यापार मंडल उपप्रधान दीप चन्द, कांग्रेस सेवा दल के भोरंज अध्यक्ष सुरेंद्र , विपन, ग्राम पंचायत प्रधान अंकुश, अनिल सहगल आदि उपस्थित रहे।




## 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' के नारों से गूंजे बाजार

## लोगों ने उठाई कठोर कार्रवाई की मांग

**अनंत ज्ञान, नादौन।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा मासूम पर्यटकों पर किए गए अमानवीय हमले के विरोध में वीरवार को व्यापार मंडल नादौन के अहवान पर दुकानदारों ने बाजार बंद रखा। नादौन शहर में अक्रोष रैली निकाली तथा पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। तथा पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए बेगुनाह लोगों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजली दी तथा उनकी आत्मा की शांति की भगवान से कामना की। हिंदू संगठनों ने केन्द्र सरकार से कठोर कार्रवाई करने की मांग की। इंद्रपाल चौक पर रैली को संबोधित करते हुए हिंदू नेताओं किशोर शर्मा, वीरेंद्र, केश्व गोस्वामी व्यापार मंडल नादौन के प्रधान त्रिभुन ठाकुर तरुण कपिल, श्याम सोनी आदि ने पहलगाम की घटना को दुखद बताते हुए केंद्र सरकार से आतंकियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि यह घृणित कृत्य न केवल इंसानियत पर धब्बा है, बल्कि शांति और सद्भावना को नष्ट करने की कायरतापूर्ण कोशिश है। वक्ताओं ने नादौन सहित समूचे हिमाचल में बढ़ रही फेरी लगाने वाले व फहड़ी आदि लगाने वाले बाहरी मुस्लमान सामुदाय के लोगों की संख्या के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इन लोगों पर कड़ी नजर रखी जाए और बिना किसी ठोस प्रमाण के यहां फेरी आदि लगाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाए।

## धर्माणी ने किया जाहू के मेवा उत्सव का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, जाहू**

जाहू का सात दिवसीय मेवा उत्सव-2025 वीरवार को आरंभ हो गया। नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने इसका शुभारंभ किया। उन्होंने शाम लगभग 4 बजे पंचायत कार्यालय जाहू से मेला मैदान तक आयोजित शोभा यात्रा में भाग लिया और झंडा रस्म के साथ उत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने मेला मैदान में विभिन्न विभागों और स्वयं सहायता समूहों के प्रदर्शनी स्टॉलों का उद्घाटन एवं अवलोकन किया।



मेवा उत्सव का शुभारंभ करते हुए राजेश धर्माणी व साथ हैं अन्य।

इस अवसर पर सभी क्षेत्रवासियों को मेवा उत्सव की बधाई देते हुए राजेश धर्माणी ने कहा कि कभी जाहू के मेले में बहुत बड़ी पशु मंडी लगती थी, लेकिन अब इस मेले का स्वरूप बदल चुका है। विधायक सुरेश कुमार और आयोजन समिति ने इस उत्सव को अब नया स्वरूप देकर बहुत ही सराहनीय पहल की है। इस दौरान विधायक सुरेश कुमार, कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष राम चंद्र पठानिया, भोरंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय बन्याल, एसडीएम शशि पाल शर्मा, डीएसपी लालमन शर्मा, अन्य अधिकारी, मेला कमेटी अध्यक्ष अनुराधा शर्मा आदि उपस्थित थे। राजेश धर्माणी शाम को मेवा उत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या में भी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## शिवा कॉलेज घुमारवीं ने जीता क्रिकेट मैच

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रदेश भर के बीएड कालेजों की तीन दिवसीय राज्य स्तरीय विंडवाल क्रिकेट प्रतियोगिताएं भोटा के राज राजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शुरू हुई। इस प्रतियोगिताओं का उद्घाटन एसडीएम बड़सर राजेंद्र कुमार गौतम ने किया। इस अवसर पर हिमाचल दिव्यांग क्रिकेट टीम के मैनेजर व कैप्टन राजन वर्मा, राज राजेश्वरी एजुकेशन सोसायटी के सदस्य राम कृष्ण पॉल व आईक्यूएसी सदस्य शशि बाला शर्मा ने अपनी उपस्थिति दी।



क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान मौजूद मुख्य मेहमान व साथ हैं अन्य।

प्रतियोगिता के प्रथम दिवस पर पहला मैच शिवा कालेज ऑफ एजुकेशन, घुमारवीं व एसवीएन कॉलेज आफ एजुकेशन, तरक्काड़ी के बीच खेला गया जिसमें शिवा कालेज आफ एजुकेशन, घुमारवीं विजय रहा। दूसरा मैच डीडीयू कालेज आफ एजुकेशन मैहरे व दून कालेज आफ एजुकेशन सिरमौर के बीच हुआ जिसमें डीडीयू मैहरे विजेता रहा, तीसरा छात्राओं का मैच राज राजेशवरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन व दून कालेज ऑफ एजुकेशन सिरमौर के बीच हुआ जिसमें राज राजेशवरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन भोटा विजय रहा। चौथा मैच शांति कॉलेज ऑफ एजुकेशन ऊना व डीडीएम साई कालेज आफ एजुकेशन कल्लर नादौन के मध्य खेला गया जिसमें शांति कॉलेज ऑफ एजुकेशन ऊना विजय रहा। पांचवा मैच राज राजेशवरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन व विजय बल्लभ कॉलेज ऑफ एजुकेशन, नादौन के मध्य खेला गया जिसमें राज राजेशवरी कॉलेज विजय रहा।

## नशा तस्करी करने वाले दो आरोपी काबू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** थाना सदर हमीरपुर की पुलिस टीम ने सतर्कता और मुस्तैदी से काम करते हुए हेराइन तस्करी में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने छापेमारी करते हुए हर्ष (पुत्र विनोद कुमार) निवासी भोटा, बड़सर और सूरज कुमार (पुत्र बृज लाल) निवासी लगवाण, जुलाहां को उनके कब्जे से 5.26 ग्राम हेरोइन बरामद की।

इस संबंध में थाना सदर हमीरपुर में एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## सुजानपुर का विकास कांग्रेस की देन : राणा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



जानकारी देते हुए रणजीत राणा व साथ हैं अन्य।

सुजानपुर का विकास कांग्रेस की देन है और विकास शिलान्यासों तक नहीं बल्कि शहर के चारों कोनों में देखा जा सकता है। स्थानीय विधायक रणजीत राणा ने कहा कि पूर्व विधायक को हमीरपुर का मुख्यमंत्री रास नहीं आता है, जिससे शिलान्यासों तक ही अपनी विकास कार्यों की परिभाषा बोलने वाले राजेंद्र राणा को बीते चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। उन्होंने राजेंद्र राणा पर तंज करते हुए कहा कि राजेंद्र राणा ने 2 वर्ष पहले बजट का प्रावधान करवाया था तो जमीन हकीकत पर कार्य क्यों नहीं शुरू किया गया।

उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर एक के कुएं पर राणा की पट्टिका लगी है, लेकिन कुएं के निर्माण के लिए कोई काम नहीं किया है, जिससे साफ साबित हो रहा है कि 15 वर्षों से जनता को प्रलोभन के अतिरिक्त कोई काम नहीं किया गया है। हमीरपुर क्षेत्र में कार्य चल रहे हैं, जो बिना बजट के होना मुश्किल है। उन्होंने बताया कि सुजानपुर के मैदान में सिंथेटिक ग्राउंड बनने जा रहा है, जिससे राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी, जिससे का ध्यान नशे से हटकर खेल गतिविधियों बढ़ावा मिलेगा, इस अवसर पर ब्लॉक अधक्ष राजेंद्र वर्मा, सुरेंद्र सिंह, विनय शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## धबड़ियाना में हुआ सिलेंडर ब्लास्ट, मकान जलकर राख

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

बड़सर उपमंडल की ग्राम पंचायत धबडियाना में सिलेंडर फटने से स्लेटपोश मकान जलकर खाक हो गया। इस घटना में पीड़ित परिवार को लगभग 80 हजार रुपए का नुकसान हुआ है।

जानकारी के मुताबिक कृष्ण गोपाल सुपुत्र स्वर्गीय परमानंद निवासी धबड़ियाना के मकान में अचानक आग लग गई। इस दौरान रसोई में रखा हुआ सिलेंडर भी जोरदार धमाके के साथ ब्लास्ट हो गया तथा मकान को आग लग गई। लोगों द्वारा फायर चौकी बिझड़ी को तुरंत सूचना दी गई। जिसके बाद फायर ब्रिगेड कर्मचारियों की टीम घटनास्थल पर पहुंची तथा उन्होंने आग पर काबू पाया। फायर चौकी इंचार्ज वतन सिंह के मुताबिक सिलेंडर के फटने से स्लेटपोश मकान जल गया है।

इस घटना में लगभग 80 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया तथा साथ में सटे हुए घरों को भी आग की चपेट में आने से सुरक्षित किया।

# बच्चों में स्वस्थ भोजन की आदत बेहद जरूरी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर हमीरपुर में वीरवार को हेल्दी टिफिन गतिविधि का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में स्वस्थ भोजन की आदतों को प्रोत्साहित करना और जंक फूड के प्रति जागरूकता फैलाना था।

कार्यक्रम में बाल वाटिका-1 से लेकर कक्षा तीसरी तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता व जागरूकता का परिचय दिया। इस अवसर पर कक्षा चौथी के विद्यार्थियों अस्मि और अर्याना ने



जंक फूड पर आधारित एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया। उन्होंने संदेश दिया कि स्वाद के लिए खाया जाने वाला जंक फूड न केवल शरीर को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि कई गंभीर बीमारियों का कारण भी बन सकता है। नाटक की प्रस्तुति बच्चों और उपस्थित अभिभावकों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक रही। विद्यालय अकादमिक प्रधानाचार्या डॉ हिमांशु शर्मा ने इस पहल की सराहना की।

## हिम अकादमी पब्लिक स्कूल में 'हेल्दी टिफिन-डे' मनाया

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरा नगर में 'स्वस्थ शुरुआत, आशावादी भविष्य' थीम पर मनाए गए हेल्दी टिफिन-डे में विद्यालय के पहली से पांचवी कक्षा के 298 छात्रों ने भाग लिया। फल, स्लाद, अंकुरित दालें, मौसमी सब्जियां आदि हर टिफिन की शोभा बढ़ा रहे थे।



विद्यालय परिचारिका साक्षी धीमान ने'अच्छे स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक आहार कितना आवश्यक है इन सब की जानकारी दी। समन्वयक पूजा शर्मा व बुनियादी अध्यापक वर्ग कार्यक्रम समन्वयक रहे। प्रधानाचार्य शशि बाला ने भी कार्यक्रम में शिरकत की व कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अध्यापक वर्ग को बधाई दी।

## स्कूल में बच्चों को मिल रहा पौष्टिक भोजन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** फीडिंग इंडिया टीम ने हाल ही में अपने प्रायोजित भोजन कार्यक्रम के अंतर्गत एक विद्यालय का दौरा किया। इस अवसर पर टीम ने कार्यक्रम के संचालन की विस्तार से समीक्षा की और उसकी सुचारु एवं प्रभावी कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रसन्नता जाहिर की। टीम ने बताया कि यह कार्यक्रम जमीनी स्तर पर बेहतरीन ढंग से कार्य कर रहा है, जिससे बच्चों को नियमित एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इस दौरे के दौरान टीम ने भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता संबंधी वितरण की भी जांच की।

## पटलांदर पंचायत में मनाया गया पंचायतीराज दिवस



बीडीसी सदस्य कार्यक्रम के दौरान गणमान्यों को सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

पटलांदर पंचायत में पंचायती राज दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर के मुख्यातिथि ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर किशोरी लाल जस्वाल थे। उनके साथ पंचायत इंस्पेक्टर शेर सिंह, बीडीसी अध्यक्ष आरती कुमारी, बीडीसी उपाध्यक्ष राजेश कुमार तथा बीडीसी सदस्य सुरजीत कुमार उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, पंचायत प्रधान, उपप्रधान और पंचायत सदस्यगण भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम की पटलांदर पंचायत के बीडीसी सदस्य राजकुमार ने इस आयोजन की एक नई शुरुआत की।

मुख्यातिथि किशोरी लाल जसवाल ने पंचायती राज दिवस क्यों मनाया जाता है, पर जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में बीडीसी सदस्य राज कुमार ने मुख्यातिथि, पंचायत इंस्पेक्टर, बीडीसी सदस्यगण एवं पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित किया।

**समस्या** आईपीएच विभाग बड़सर नहीं कर रहा ठेकेदारों की सुनवाई

# भुगतान न होने से ठेकेदारों में बेचैनी

**एसके ठाकुर, बड़सर**

हिमाचल प्रदेश सरकार के आईपीएच विभाग में कार्यरत ठेकेदारों को भुगतान नहीं करने के चलते उनकी माली हालत खराब हो गई है। व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर सत्ता में आने वाली कांग्रेस सरकार आम जनता के साथ-साथ आईपीएच विभाग में रिपेयर वर्क का कार्य करने वाले ठेकेदारों के लिए भी मुसीबत बन गई है।

बडसर विधान सभा क्षेत्र मेंआईपीएच सबडिवीजन बड़सर में कार्यरत ठेकेदारों का कहना है की पिछले लगभग डेढ़ वर्षो से किए गए कार्यों का भुगतान नहीं हो रहा है , जिसके चलते बच्चों का पालन पोषण करना एक बहुत बड़ी समस्या बन गई है। हालांकि इस संदर्भ में कई बार उच्च पदों पर बैठे अधिकारियों के साथ-साथ सरकारी तंत्र को भी अवगत करवाया गया है ,लेकिन आज दिन तक उनके कानों के नीचे जूं तक नहीं रेंगी है।

### भुगतान न होने के चलते बढ़ी लोगों की देनदारियां

ठेकेदारों का कहना है की भुगतान न होने के चलते देनदारी लोगों की बहुत हो गई है, लोग भी अगर भुगतान नहीं कर रहे हैं तो गाली-गलौज करते आते हैं। (अनंत ज्ञान)

### आखिर यह सिलसिला कब तक चलता रहेगा ?

31 मार्च तक सरकार सब देनदारियां क्लियर कर देती थी ताकि ने वर्ष में नई योजनाओं के साथ शुरू होता था ,परंतु सब डिवीजन बड़सर में भी दर्जनों आईपीएस ठेकेदार ऐसे हैं जिन्हें कोई भुगतान नहीं हुआ है। वह परेशान चल रहे हैं कल को ठेकेदारों के साथ कोई अनहोनी होती है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा ?नेता लोग तो पीड़ित परिवार के पास जाकर संवेदना व्यक्त करते हैं परंतु जिसे पीड़ा होती है उसे ही पता होता है की पीड़ा कितनी है । ठेकेदारों का कहना है कि हिमाचल प्रदेश सरकार आईपीएच विभाग के आला अधिकारियों को आदेश जारी करें कि रिपेयर्स वर्क के पेमेंट जितनी जल्द हो खाते में डाल दी जाए ताकि देनदारियां क्लियर हो सके ।

### फंड की कमी के कारण रुका है भुगतान : राजेश

**राजेश** धीमान फंड की कमी होने के चलते भुगतान रुका हुआ है हम तो एक एजेंसी है जैसे ही विभाग के खाते में एलोसी आएगी ठेकेदारों को भुगतान कर दिया जाएगा।

## वचित्र सिंह बने हिम आंचल पेंशनर्स संघ भोरंज के प्रधान

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

हिम आंचल पेंशनर्स संघ भोरंज खंड इकाई का सत्र 2025-27 का द्विवार्षिक चुनाव पर्यवेक्षक सुभाष चन्द शर्मा, शंभू राम जस्वाल व रंजीत सिंह ठाकुर की देखरेख में संतोषी माता मंदिर परिसर, भ्याड़ में संपन्न हुए। सर्वप्रथम खंड बैठक में पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा लगभग 28 पर्यटकों पर कायराना हमला करके मौत के घाट उतारने की कड़े शब्दों में निंदा की।

वहीं खंड प्रधान विचित्र सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में खंड की आम बैठक हुई जिसमें द्वारा खंड इकाई की दो वर्ष की गतिविधियों बारे जानकारी दी और वर्ष 2023-25 के लेखों को हाउस के सामने प्रस्तुत किया गया जिसे बैठक में सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया तदुपरान्त खंड प्रधान द्वारा कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की गई।

पर्यवेक्षकों द्वारा चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई। खंड प्रधान पद के लिए राज कुमार ने वचित्र सिंह ठाकुर का नाम प्रस्तावित किया गया जिसका कृष्ण चन्द व हरनाम सिंह ने समर्थन किया गया। वचित्र सिंह ठाकुर को खंड प्रधान चयनित घोषित किया गया। खंड महासचिव पद के लिए राज कुमार पटियाल तथा कोषाध्यक्ष के पद पर शम्मी शर्मा चयनित किया गया। कमलेश कुमार मिश्रा को वरिष्ठ उपप्रधान मनोनीत किया गया।

# बद्दी में कबाड़ के गोदाम में लगी आग, लाखों का नुकसान

## गोदाम मालकिन ने पड़ोसी खेत मालिक पर लगाए गंभीर आरोप

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

औद्योगिक नगर बद्दी के चक्का रोड पर स्थित एक कबाड़ के गोदाम में वीरवार सुबह भीषण आग लगने से लगभग 50 लाख रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। गोदाम में रखा सारा माल जलकर राख हो गया। हालांकि, इस हादसे में किसी प्रकार के जानी नुकसान की खबर नहीं है। आग लगने का कारण पास के गेहूं के खेत में लगाई गई आग को बताया जा रहा है, जो अनियंत्रित होकर गोदाम तक पहुंच गई। गोदाम की मालकिन सीमा ने इस घटना को साजिश करार देते हुए पड़ोसी खेत के मालिक पर गंभीर आरोप लगाए हैं।



बद्दी में कबाड़ स्टोर में भीषण आग से उठता धुआं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग सुबह करीब पौने बजे लगी, जब पास के खेत में गेहूं कटाई के बाद बचे भूसे को जलाया गया। हवा के साथ आग तेजी से फैली और देखते ही देखते गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। सीमा ने बताया कि उन्होंने तत्काल दमकल विभाग को सूचित किया। करीब एक घंटे बाद दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची, तब तक आग पूरे गोदाम में फैल चुकी थी। गोदाम में रखा सारा कबाड़ जलकर राख हो गया।

सीमा ने कहा कि खेत के मालिक ने पहले भी उन्हें गोदाम को आग लगाने की धमकी दी थी। उनका दावा है कि यह आग जान-बूझकर लगाई गई थी, जिसके पीछे पुरानी रंजिश हो सकती है। उन्होंने कहा कि खेत के मालिक ने जान-बूझकर भूसे में आग लगाई, जो हमारे गोदाम तक पहुंच गई। यह कोई हादसा नहीं, बल्कि साजिश है। सीमा ने सरकार से इस नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजे की मांग की है और पुलिस से मामले की गहन जांच की अपील की है। दमकल विभाग की कई गाड़ियों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर तो काबू पा लिया लेकिन आग लगने के कारण गोदाम के बीच रखा हुआ सारा सामान जलकर खाक हो चुका है और गोदाम मालिक को लाखों के नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

# आतंकवाद के खिलाफ कांग्रेस केंद्र के साथ : मुकेश अग्निहोत्री

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि आतंकवाद पर राष्ट्रहित में उठाए हर निर्णय में कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार के साथ है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी इस कायराना हरकत की कड़े शब्दों में निंदा करती है। उन्होंने इसे अमानवीय और दिल दहलाने वाली घटना करार दिया।



**आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की मांग**

ऊना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ आज पूरे देश में आक्रोश है और इस लड़ाई में कांग्रेस पार्टी एक जिम्मेदार विपक्ष के तौर पर केंद्र सरकार के साथ मजबूती से खड़ी है। अग्निहोत्री ने कहा कि एक राष्ट्र, एक राज्य और एक जिम्मेदार राजनीतिक दल के रूप में हम सरकार के साथ हैं।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सदैव क्रॉस-बॉर्डर टेररिज्म के खिलाफ मुखर और स्पष्ट रुख अपनाया है। आतंकवाद में पाकिस्तान और उसकी सेना का निश्चित हाथ रहा है । आतंकवाद को पनाह देने वालों के खिलाफ केंद्र सरकार जो भी कड़े कदम उठाएगी, कांग्रेस उसका समर्थन करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस नृशंस हमले ने हमारी सुरक्षा व्यवस्था और खुफिया तंत्र की कमजोरियों को उजागर किया है, परंतु कांग्रेस इस समय दोषारोपण के बजाय यह चाहती है कि राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और निर्णायक कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि विश्व के अनेक देश आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़े हैं। केंद्र सरकार द्वारा पाकिस्तान पर उठाए जा रहे कड़े कदमों का कांग्रेस समर्थन करती है। राष्ट्रहित में उठाए गए हर निर्णय में कांग्रेस सरकार के साथ है। हम चाहते हैं कि केंद्र सरकार समयबद्ध माकूल जवाब दे,निर्णायक करवाई की जाए ताकि आतंकवाद देश में सिर न उठा पाए।

# पहलगाम में आतंकी घटना देश की एकता व अखंडता पर सीधा हमला : नरेश चौहान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा की गई 26 पर्यटकों की नृशंष हत्या की कड़े शब्दों में निंदा की है।

**हिमाचल में भी अलर्ट जारी**

**कांग्रेस पार्टी का संविधान बचाओ आंदोलन स्थगित**



उन्होंने गुरुवार को एक पत्रकार वार्ता में कहा कि इस दुखद घटना के कारण पूरे देश में भय और दुख का माहौल है और ऐसी भयावह स्थिति को देखते हुए हिमाचल प्रदेश में भी भारी अलर्ट जारी कर दिया गया है।

चौहान ने कहा कि पिछले दो सालों तक कश्मीर में पर्यटन गतिविधियां व्यापक स्तर पर थीं और एक आंकड़े के अनुसार वहां पर्यटकों के आने की संख्या 2.33 करोड़ रही, लेकिन इस घटना से कश्मीर में पर्यटन को गहरा धक्का लगा है। उन्होंने कहा कि हालांकि, बुधवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा संविधान बचाओ प्रदर्शन का कार्यक्रम तय था, लेकिन कश्मीर की दुर्घटना के कारण हमें इस कार्यक्रम को स्थगित करना पड़ा, क्योंकि इस समय सारा देश सदमे में है और हमारी पार्टी इस घटना में मारे गए लोगों के परिवारों के दुख में शामिल है।

उन्होंने कहा कि आतंकियों ने जिस प्रकार निहत्थे पर्यटकों पर गोलियां बरसाई और उनकी नृशंष हत्या की वह बहुत ही निंदनीय है, जिसकी कांग्रेस पार्टी कठोर शब्दों में भर्त्सना करती है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी केंद्र सरकार के साथ खड़ी है और अब बाहरी ताकतों से सख्ती से निपटने की आवश्यकता है, ताकि देश में फिर से इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो।

### केंद्र के साथ खड़ी सरकार

**अखिल** भारतीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान का हवाला देते हुए नरेश चौहान ने कहा कि संकट की इस घड़ी में हमारी पार्टी एकजुटता दिखाते हुए केंद्र सरकार के साथ खड़ी है और हम सरकार का समर्थन करते हैं।


### आतंकियों का पूरी ताकत से करें सफाया

**उन्होंने** कहा कि पहलगाम में हुआ यह आतंकी हमला भारत की एकता व अखंडता पर सीधा हमला है। उन्होने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि वह पूरी ताकत के साथ आतंकियों के साथ सफाया करे।

## न्यूज ब्रीफ

### पहलगाम की घटना से भारत का सिर हुआ नीचा : शांता कुमार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि पहलगाम की दर्दनाक और दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना से पूरे देश का दिल दहल गया है। दुनिया के सामने एक शक्तिशाली आत्मनिर्भर बनने की घोषणा करने वाले भारत का सिर नीचा हो गया है। गम ही नहीं गुस्सा भी चारों तरफ है। उन्होंने कहा कि यह एक कठोर सच्चाई है कि स्थानीय लोगों की सहायता के बिना न तो विदेशी घुसपैठ सफल हो सकती है और न ही इस प्रकार की घटनाएं हो सकती हैं। सरकार ने अब 1500 संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया है और पूछताछ हो रही है।शांता ने कहा कि इस प्रकार की आतंकवादी घटनाएं जब भी हुई हैं, तो स्थानीय सूत्रों की सहायता का सबसे बड़ा कारण बताया गया है। कश्मीर पूरे भारत के लिए एक नासूर बनता जा रहा है। सबसे बड़ा कारण स्थानीय देशद्रोही तत्वों द्वारा आतंकवाद की सहायता करना है।



### मुख्यमंत्री सुक्खू से मिले विभिन्न जिलों के एपीएमसी अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कृषि उपज मंडी समिति हमीरपुर के अध्यक्ष अजय शर्मा ने बुधवार को शिमला में प्रदेश के अन्य जिलों की कृषि उपज मंडी समिति के अध्यक्षों के साथ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों ने बजट में किसानों के हित में की गई महत्वपूर्ण घोषणाओं के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। अजय शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री ने शीघ्र ही हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इस बैठक में विपणन बोर्ड के पदाधिकारियों और अधिकारियों के साथ-साथ सभी जिलों की एपीएमसी के पदाधिकारियों, कृषि, उद्यान तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति भी सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री के साथ भेंट के दौरान अजय शर्मा और अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि प्राकृतिक खेती से तैयार फसलों के लिए अलग से न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा से किसान-बागवान प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर होंगे तथा उनकी आय में काफी बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि हल्दी के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य और जिला हमीरपुर में स्पाइस पार्क की घोषणा भी किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी।

## प्रधानमंत्री मोदी पर राजस्व मंत्री नेगी का जुबानी हमला, बोले–

# लच्छेदार भाषण से कुछ नहीं होता, एक्शन करके दिखाओ

**अनंत ज्ञान, शिमला**



हिमाचल प्रदेश के राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बड़ा जुबानी हमला बोला। उन्होंने कहा, खाली बड़े बड़े लच्छेदार भाषण देने से कुछ नहीं होता। एक्शन करके दिखाओ, तब हम भी कहेंगे बहुत अच्छा है।

राजस्व मंत्री ने कहा, चीन लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में अंदर घुस गया है। उसे आंखे नहीं दिखा पा रहे। अब पाकिस्तान वाले जब चाहे हिंदुस्तान में आकर पूछ-पूछ कर मार रहे हैं। सर्जिकल स्ट्राइक का आज तक ये पता नहीं चला कि इसमें कितने लोग मारे गए। नेगी ने कहा, पहलगाम हमले में केंद्र की बड़ी लापरवाही है। उन्होंने कहा, जब टूरिस्ट सीजन पीक पर था। 2000 से ज्यादा टूरिस्ट यहां पहुंचे हुए थे। क्या कारण रहे कि यहां किसी भी किस्म की सुरक्षा नहीं थी। आतंकवादी यहां आराम से आ जाते हैं और लोगों को इकट्ठा कर गोलियों से भून देते हैं। इसमें देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को इसका जवाब देना चाहिए। उन्हें नैतिकता में ध्यान में रखते हुए।

### 10 दिन पहले सुरक्षा को लेकर की मीटिंग, फिर भी हमला हो गया

**जगत** नेगी ने कहा कि हफ्ता-दस दिन पहले ही जम्मू कश्मीर की सुरक्षा को लेकर मीटिंग की और 10 दिन के भीतर ही हमला हो गया। इससे पहले पुलवामा में भी ऐसी ही लापरवाही हुई।आज तक यह नहीं बताया गया कि आरडीएक्स कहां से आया था। जो भी जिम्मेदार है उसे लेकर सरकार वक्तव्य दें।

### सैयद आदिल की बहादुरी को किया सलाम

**राजस्व** मंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि इस तरह की घटनाएं न केवल चिंता का विषय हैं, बल्कि यह देश की आंतरिक सुरक्षा को चुनौती है। उन्होंने पहलगाम हमले के दौरान हिम्मत दिखाने वाले सैयद आदिल हुसैन शाह की बहादुरी की प्रशंसा की। कहा, आदिल ने जिस हिम्मत और जज्बे के साथ यात्रियों की जान बचाई, इसके लिए वें सैयद आदिल हुसैन शाह की तारीफ करते हैं।

# सिरमौर में भ्रष्टाचार के आरोप में 25 पंचायत प्रतिनिधि निलंबित

**अनंत ज्ञान, नाहन**

कांग्रेस सरकार ने पंचायत स्तर पर विकास कार्यों में हो रहे भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। सिरमौर जिले के विभिन्न विकास खंडों से कुल 28 पंचायत प्रतिनिधियों को कार्रवाई की जद में लाया गया है। इनमें से 25 को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, जबकि 3 जन प्रतिनिधियों को बर्खास्त कर दिया गया है। सबसे ज्यादा मामले शिलाई विकास खंड से हैं।

सरकारी रिपोर्ट के अनुसार, इन प्रतिनिधियों पर विकास कार्यों में गड़बड़ी, वन भूमि पर अवैध कब्जा और चुनाव के दौरान झूठे हलफनामे दाखिल करने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। शिलाई विकास खंड में सबसे ज्यादा 17 प्रतिनिधियों पर कार्रवाई की गई है। इसके अलावा संगड़ाह से 5, नाहन से 2, और पच्छाद, पांवटा साहिब, राजगढ़ से 1-1 प्रतिनिधि शामिल हैं। कोटीधिमान, काथली, हलांह, कोटी उतरऊ, नाया पंजौड़, तिलौरधार, शिलांजी, लानी बोराड़, अशयाड़ी, मिल्ला पंचायतों के प्रधान व सदस्यों पर कार्रवाई पीपलवाड़ा पंचायत के प्रधान को झूठा हलफनामा देने पर बर्खास्तमात्तर पंचायत के उपप्रधान को वन भूमि पर कब्जा करने के चलते पद से हटाया गया।

पंचायतीराज अधिनियम की धाराओं 145 और 146 के तहत की गई इस कार्रवाई के लिए 30 मार्च 2022 से 28 जनवरी 2025 तक की जांच रिपोर्ट को आधार बनाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार कई पंचायतों में विकास कार्यों के नाम पर लाखों रुपये की अनियमितता पाई गई। डीआरडीए के उपनिदेशक अभिषेक मित्तल ने इन निलंबनों और बर्खास्तगियों की पुष्टि करते हुए बताया कि यह कदम पंचायत व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में उठाया गया है।

# पांवटा गोदाम से 19 लाख की प्रतिबंधित दवाइयां बरामद

**अनंत ज्ञान, नाहन**

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), हिमाचल प्रदेश के ड्रग विभाग और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की एक साथ मिलकर की गई कार्रवाई में पांवटा साहिब में एक दवा कंपनी के गोदाम से बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाएं मिली। टीम ने गोदाम के अंदर से लगभग 19 लाख प्रतिबंधित गोलियां बरामद की हैं, जिसके बाद गोदाम को सील कर दिया गया है। इस मामले की आगे की जांच सिरमौर ड्रग कंट्रोलर की टीम कर रही है।

जांच पूरी होने के बाद कंपनी का लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है। ड्रग विभाग ने इस मामले में सख्त कार्रवाई करने की बात कही है। जानकारी के अनुसार, एनसीबी अमृतसर जोन की टीम ने कौशिक नाम के एक व्यक्ति को दिल्ली एयरपोर्ट से पकड़ा। पकड़ा गया व्यक्ति विदेश भागने की कोशिश में था और उसके खिलाफ पहले से ही लुकआउट नोटिस जारी किया गया था। एनसीबी की टीम को पता चला था कि कौशिक नाम का यह व्यक्ति पंजाब में प्रतिबंधित दवाइयों की तस्करी करता है।



### क्या कहते हैं एडीसी सन्नी

**उधर,** एडीसी सन्नी कौशल ने इस घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि एनसीबी से मिली जानकारी के आधार पर हिमाचल ड्रग विभाग, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और एनसीबी की संयुक्त टीम ने पांवटा साहिब में यह कार्रवाई की है। उन्होंने यह भी बताया कि इस संयुक्त ऑपरेशन के दौरान गोदाम को सील कर दिया गया है और मामले की आगे की जांच जारी है। मौके से ड्रग विभाग ने दवाइयों के नमूने भी लिए हैं।

जांच में यह भी सामने आया कि पांवटा साहिब में उसका एक गोदाम है। इसी सूचना के आधार पर संयुक्त टीम ने पांवटा साहिब में छापा मारा और लाखों की संख्या में प्रतिबंधित दवाइयों का जखीरा बरामद किया।

# कांग्रेस 26 अप्रैल की प्रस्तावित रैली का जल्द करेगी ऐलान : प्रतिभा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने 26 अप्रैल को प्रस्तावित शिमला के चौड़ा मैदान में केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस के राष्ट्रीय अभियान संविधान बचाओ रैली को फिलहाल स्थगित कर दिया है। अब इस रैली की नई तारीख फिर से तय की जाएगी।



प्रतिभा सिंह ने प्रदेश के पार्टी नेताओं को एक सर्कुलर जारी कर 26 अप्रैल की संविधान बचाओ रैली को स्थगित करने की सूचना जारी की है। उन्होंने बताया है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए देश के पर्यटकों की निर्मम हत्या के बाद व देश के ताजा घटना क्रम को देखते हुए मृतकों के सम्मान में प्रदेश कांग्रेस ने संविधान बचाओ की राज्य स्तरीय रैली को फिलहाल स्थगित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इस हमले में मारे गए निरपराध लोगों के प्रति कांग्रेस पार्टी अपनी संवेदना व्यक्त करती है। कांग्रेस पार्टी आतंकवाद के खिलाफ व इस दुख की घड़ी में देश व लोगों के साथ खड़ी है।

# नाबालिग छात्राओं से छेड़छाड़ के दोषी को दो साल कारावास व पांच हजार जुर्माना

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

जिला कांगडा के जवाली विधानसभा क्षेत्र के अधीन एक लेक्चरर को छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार करने व छेड़छाड़ करने का दोषी पाए जाने पर शिक्षा विभाग ने तत्काल प्रभाव से सरकारी सेवा से हटा दिया गया है।

**सजा मिलते ही शिक्षा विभाग ने तत्काल प्रभाव से सरकारी सेवा से हटाया**

उक्त लेक्चरर पर एक छात्रा ने पुलिस थाना नूरपुर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि लेक्चरर जमा एक व जमा दो की छात्राओं से दुर्व्यवहार व छेड़छाड़ करता है। शिकायत के आधार पर 23 अक्तूबर 2019 को पुलिस ने लेक्चरर के खिलाफ धारा 354 ए, 354, 506 और पोक्सो एक्ट 2012 की धारा 7, 8 और 12 के तहत एफआईआर दर्ज की थी। मामले की जांच का जिम्मा सरकारी डिग्री कॉलेज नूरपुर की प्रिंसिपल डॉ. अरुणा शर्मा को दिया गया। डॉ. अरुणा शर्मा ने तथ्य व साक्ष्यों सहित रिपोर्ट प्रेषित की। जांच रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट ने उक्त लेक्चरर को दोषी पाया तथा आरोपी पाए जाने पर दो साल के कारावास व पांच हजार रुपए की सजा सुनाई है। अगर जुर्माना की राशि अदा न की गई तो छह माह अतिरिक्त सजा काटनी पड़ेगी।



इस बारे हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग के उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अमरजीत शर्मा ने बताया कि लेक्चरर को कोर्ट ने दो साल की सजा व पांच हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है, जिस आधार पर उसे तत्काल प्रभाव से शिक्षा विभाग ने सरकारी सेवा से हटा दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे अध्यापकों व लेक्चरर को बख्शा नहीं जाएगा।

# पहलगाम हमले के विरोध में श्रीराम सेना ने निकाला मशाल जुलूस

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में निर्दोष हिंदुओं की पहचान कर उनकी नृशंस हत्या कर दी गई, जिससे पूरे देश का हिंदू समाज आक्रोशित है। इस घटना के विरोध में बद्दी के व्यापारिक संगठनों ने श्रीराम सेना के आह्वान पर एक विशाल मशाल जुलूस निकाला, जिसमें शहर की लगभग सभी व्यापारिक संस्थाओं ने भाग लिया।



इस जुलूस का नेतृत्व श्री रामसेना हिमाचल प्रदेश अध्यक्ष राजेश जिंदल ने किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि यह हमला केवल व्यक्तियों पर नहीं, बल्कि हमारे अस्तित्व और धार्मिक पहचान पर हमला है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे इस प्रकार की घटनाओं के खिलाफ एकजुट होकर आवाज़ बुलंद करें। श्रीराम सेना और व्यापारिक संगठनों ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि अब समय आ गया है जब हिंदू समाज को संगठित होकर खड़े होने की आवश्यकता है।

मशाल जुलूस वीरवार शाम 6ः00 बजे सिटी स्क्वायर मॉल, साई रोड, बद्दी (भारद्वाज हॉस्पिटल के पास) निकाला गया।

आयोजकों ने हिंदू समाज के सभी भाइयों और बहनों से अपील की थी कि वे दुकानें व कार्य छोड़कर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हों, निर्दोष हिंदुओं को श्रद्धांजलि दें और आतंकी घटना के खिलाफ आक्रोश प्रकट करें।

श्री राम सेना के हिमाचल प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह जुलूस न केवल शोक का प्रतीक है, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का संदेश भी है। उन्होंने कहा कि आज ये मशालें नहीं जलाई गई हैं बल्कि ये हम सब हिन्दुओं का दिल जला है। मशाल जुलूस के माध्यम से पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को सभी एकत्रित लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

**फैसला** बीबीएमबी को खुद उठानी होगी जिम्मेदारी, बिलासपुर में खोलना होगा कार्यालय

# गोबिंदसागर झील में बढ़ती अवैध डंपिंग पर सख्ती

**शुभम राही, बिलासपुर**

भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) को अब बिलासपुर जिले में अपने अधीन आने वाले क्षेत्र की पूरी जिम्मेदारी खुद निभानी होगी। प्रशासन द्वारा हाल ही में आयोजित एक अहम बैठक में यह फैसला लिया गया है कि बीबीएमबी को जिले में न केवल अपना कार्यालय स्थापित करना होगा, बल्कि क्षेत्र की निगरानी, अवैध डंपिंग पर नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी तमाम गतिविधियों की निगरानी भी स्वयं करनी होगी।

यह निर्णय गोबिंदसागर झील में लगातार सामने आ रहे अवैध डंपिंग के मामलों के मद्देनजर लिया गया है। पर्यावरणीय दृष्टिकोण से अत्यंत संवेदनशील इस झील में अवैध निर्माण मलबा, प्लास्टिक व अन्य कचरे को फेंकने की घटनाएं बीते कुछ समय से तेजी से बढ़ी हैं, जिससे झील की जैवविविधता और जल गुणवत्ता पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, बीबीएमबी को बिलासपुर में स्थायी कार्यालय स्थापित करना होगा, जहां से वह अपने अधीनस्थ क्षेत्रों की निगरानी करेगा। इसके अलावा, पेट्रोलिंग टीम की तैनाती, निगरानी उपकरणों की व्यवस्था और अवैध डंपिंग पर त्वरित कार्रवाई के लिए एक विशेष निगरानी टीम का भी गठन किया जाएगा।





### क्या कहते हैं स्थानीय निवासी और पर्यावरण प्रेमी

**स्थानीय** निवासियों और पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि गोबिंदसागर झील हिमाचल प्रदेश की धरोहर है और इसके संरक्षण की जिम्मेदारी सभी की है, लेकिन बीबीएमबी को इसकी अग्रिम पंक्ति में खड़ा होना ही होगा। वहीं, यह कदम प्रशासन की उस बदलती नीति की ओर इशारा करता है जिसमें अब सिर्फ निर्देश देने तक सीमित न रहकर जिम्मेदार एजेंसियों से प्रत्यक्ष कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है। यदि बीबीएमबी समय रहते प्रभावी कार्य योजना तैयार करता है और उसे लागू करता है, तो गोबिंदसागर झील को एक बार फिर साफ, स्वच्छ और जीवंत बनाए रखने की दिशा में यह बड़ा मील का पत्थर साबित हो सकता है।

इस विषय पर जानकारी देते हुए पवन शर्मा, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी बिलासपुर ने पुष्टि की कि अब बीबीएमबी को अपने क्षेत्र में होने वाली हर पर्यावरणीय गतिविधि पर नजर रखनी होगी। उन्होंने कहा कि गोबिंदसागर झील और उसके आसपास का काफी क्षेत्र बीबीएमबी के अधीन आता है। इसलिए यह जरूरी हो गया है कि वह न केवल अपने क्षेत्र की सुरक्षा करे, बल्कि अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए एक कार्य योजना तैयार करे। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्टों के अनुसार, झील में प्लास्टिक कचरा, निर्माण मलबा और घरेलू अपशिष्ट लगातार डाला जा रहा है, जिससे जल में ऑक्सीजन की मात्रा कम हो रही है और जलीय जीवों का जीवन संकट में आ रहा है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि जल्द सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो इसका असर न केवल पर्यावरण पर पड़ेगा, बल्कि पर्यटन और मत्स्य पालन पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। प्रशासन द्वारा बीबीएमबी को निर्देश दिया गया है कि वह शीघ्र ही कार्यालय स्थापना की प्रक्रिया शुरू करे और अगले 30 दिनों के भीतर निगरानी तंत्र को सक्रिय करे। इसके अलावा, बीबीएमबी को समय-समय पर पर्यावरणीय रिपोर्ट प्रशासन को सौंपनी होगी, जिससे कार्य की पारदर्शिता बनी रहे। (अनंत ज्ञान)

> **एसडीएम** सदर की ओर से बीबीएमबी प्रशासन को कुछ निर्देश जारी किए गए हैं, जिसमें उन्हें पैट्रोलिंग व साइन बोर्ड सहित अन्य व्यवस्थाएं करने को कहा गया है। वहीं, अन्य विभागों व स्थानीय निकाय को भी निर्देशित किया गया है।
> **-पवन शर्मा, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी, बिलासपुर।**

> प्रशासनिक बैठक में ऐसे बिंदुओं पर चर्चा हुई थी, लेकिन अभी तक आदेश तक नहीं पहुंचे हैं। आदेश पहुंचते ही इसको लेकर कार्य किया जाएगा।
> **-मुनीष, अधिशाषी अभियंता, बीबीएमबी।**

## न्यूज ब्रीफ

### नगरोटा बगवां कॉलेज में पीटीए सभा आज

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां अभिभावक और अध्यापक संघ कार्यकारिणी की सदस्यों की एक महत्वपूर्ण सभा 25 अप्रैल को प्रातः 10:30 बजे महाविद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी। पहले यह सभा 24 अप्रैल को दोपहर दो वजे रखी थी घ इस बैठकमें महाविद्यालय से संबंधित विभिन्न शैक्षणिक, प्रशासनिक तथा छात्रहित के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सभी कार्यकारिणी सदस्यों से अनुरोध है कि समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाएं यह जानकारी प्राचार्य सुरिंदर सोनी राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां ने दी।

### नगरोटा कॉलेज में ओपन प्लेसमेंट ड्राइव कल

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा 26 अप्रैल 2025 को सुबह 10:30 बजे से महाविद्यालय परिसर में ओपन प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सोनी ने बताया कि इस प्लेसमेंट ड्राइव में पांच प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी और योग्य उम्मीदवारों को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। उन्होंने बताया कि उपयुक्त उम्मीदवारों के लिए वेतन परक्राम्य होगा और यह 15,000 से 22,000 रुपए प्रति माह तक हो सकता है। इस प्लेसमेंट ड्राइव में आईटीआई, होटल मैनेजमेंट और तकनीकी डिप्लोमा होल्डर छात्र भाग ले सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी इस अवसर का लाभ उठाने के लिए महाविद्यालय परिसर में निर्धारित समय पर पहुंचें। अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी पंकज ठाकुर से फोन न 85806-21488 पर संपर्क किया जा सकता है।

### तहसीलदार ने सुलझाया रास्ते का मामला

**अनंत ज्ञान, गगल।** गगल से मांझी खड्ड से ढुगियारी को जाने वाले संपर्क मार्ग को लेकर ग्रामीणों द्वारा गांव के एक व्यक्ति के विरुद्ध तहसीलदार कांगड़ा के पास शिकायत की थी। इसमें ग्रामीणों ने शिकायत की थी के रास्ते में आने वाले एक ग्रामीण द्वारा लगाए गए डंगे के चलते उन्हें वाहनों के आने ले जाने में मुश्किल हो रही है ।इस पर कार्रवाई करते हुए कांगड़ा की तहसीलदार पूजा अधिकारी ने मौके काजायजा लिया। व्यक्ति ने अधिकारी को बताया कि 2021 में बरसात के मौसम में आई भयंकर बाढ़ में उनका रास्ते वाली जमीन भी पानी में बह गई थी। जिलाधीश ने पांच लाख रुपए देकर पुणः इसका निर्माण करवाया था। जिस पर तहसीलदार ने कहा कि जब के यह डंगा अब सरकार द्वारा बनाया गया है इसलिए इसका व्यक्तिगत प्रयोग नहीं किया जा सकता और बाकी ग्रामीण भी इसका प्रयोग कर सकते हैं। इस अवसर पर कानूनों दिनेश कुमार ने भी ग्रामीणों पंचायत प्रधान सुनीता देवी उपप्रधान रजनीश कुमार ग्रामीण ओमप्रकाश, ओंकार, महिंद्र, जनम सिंह, धनी राम, जगदीश, राज कुमार, कर्म चंद, विमला, अमिता, अंजू, अमित आदि के विचार सुने और आपसी समझौता करवाकर राहत की सास ली।

### योल में दिव्यांग समानता व संरक्षण पर दिया बल

**अनंत ज्ञान, योल।** हिमाचल प्रदेश सरकार एवं ब्रह्मा कुमारीज दिव्यांग सेवा विंग द्वारा आयोजित हिमाचल राज्यस्तरीय दिव्यांग समानता, संरक्षण एवं सशक्तिकरण अभियान ने वीरवार को 11वें दिन सूर्य उदय चेरिटेबल ट्रस्ट (स्पेशल एबल्ड चिल्ड्रन ) थेहड़ धर्मशाला में दिव्यांग बच्चों के लिए उपरोक्त विषय पर अनेक कार्यक्रम किए। कार्यक्रम में दिव्यांग सेवा अभियान माउंट आबू दल के मुख्य संचालक सूर्य प्रकाश ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के स्वयं के माता पिता भी दिव्यांग बच्चों से समान भाव से व्यवहार नहीं करते तथा समाज में भी इन बच्चों को भेदभाव की नजर से अक्षम मानकर इनको उन्नति के समान अवसर प्रदान नहीं करते हैं। इसमें इन बच्चों के आध्यात्मिक सशक्तिकरण की आवश्यकता और भी बढ़ जाती है, जबकि इन बच्चों में प्रतिभावान बच्चे भी हैं, जो अवसर मिलने पर ये साबित कर देते हैं। उन्होंने बताया कि बच्चे अपनी इस आत्मा में आत्मिक ऊर्जा को परमात्मा से जोड़ कर बढ़ा सकते हैं। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अनुराधा शर्मा छेत्री ने ब्राकुमारीज प्रबंधन व संचालन सदस्य, दिव्यांग बच्चे एवं उनके अभिभावकों ने भाग लिया। इस अभियान का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों के आत्मिक मानसिक उन्नति में सहयोग करना है। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न खेल, ड्राइंग एवं अन्य मानसिक उन्नति की एक्टिविटी में भाग लिया। अनेक प्रकार की मनोरंजक प्रतियोगिताओं में विजेता बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।

# नरेड़, बागडू और पुहाड़ा के खेतों की जल्द बुझेगी प्यास : पठानिया

## उपमुख्य सचेतक ने पुहाड़ा में 1.36 करोड़ से बन रही कूहल का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के पुहाड़ा गांव में बहाव सिंचाई योजना के अंतर्गत 1.36 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन नई कूहल का कार्य शीघ्र पूरा होने वाला है। इस कूहल का निरीक्षण आज प्रदेश सरकार के उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया द्वारा किया गया।



पुहाड़ा गांव में 1.36 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन कूहल का निरीक्षण करते उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया।

उन्होंने बताया कि 2510 मीटर लंबी इस कूहल का 85 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके निर्माण से नरेड़, बागडू एवं पुहाड़ा गांवों के 183 किसान परिवारों की लगभग 1285 कनाल भूमि को सुचारु सिंचाई सुविधा मिलेगी, जिससे क्षेत्र में कृषि उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। उनके साथ जिला परियोजना प्रबंधक योगेंद्र पाल, अधिशासी अभियंता जल शक्ति विभाग कैप्टन अमित डोगरा, सहायक अभियंता रज्जाक मोहम्मद, सहायक अभियंता लोक निर्माण विपुल, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुरजीत राणा, खंड परियोजना प्रबंधक अंकिता शर्मा, उपमुख्य सचेतक के सलाहकार विनय, जनप्रतिनिधि एवं किसान उपस्थित रहे।

### धारकंडी में सल्ली-भलेड़ योजना का कार्य भी प्रगति पर

**पठानिया** ने जानकारी दी कि जाइका परियोजना के अंतर्गत धारकंडी क्षेत्र में 2.06 करोड़ रुपए की लागत से सल्ली-भलेड़ वहाब सिंचाई योजना का कार्य भी प्रगति पर है। उन्होंने कूहल के हेडवेयर( नौण )में बरसात के दौरान आई सिल्ट की सफाई हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

# राज्य स्तरीय निबंध स्पर्धा में वंशिका ने जीता तीसरा इनाम

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



वंशिका भाटिया को सम्मानित करते सीएम सुक्खू।

राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में उपमंडल पालमपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टटेहल की +2 कक्षा की छात्रा वंशिका भाटिया ने तीसरा स्थान हासिल कर अपने विद्यालय व समूचे क्षेत्र का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में अग्निशमन सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनमें रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से सामाजिक सरोकारों को समझने की क्षमता विकसित करना था। वंशिका ने इस प्रतियोगिता में अपने असाधारण लेखन कौशल, गहरी समझ और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक प्रभावशाली निबंध प्रस्तुत किया। उसके लेख में न केवल अग्निशमन सेवाओं की भूमिका को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया, बल्कि आपदा प्रबंधन और जनसहभागिता जैसे अहम मुद्दों को भी खूबसूरती से उकेरा गया। राज्य स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली वंशिका को 20 अप्रैल 2025 को राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण केंद्र, बल्देयान (शिमला) में हिमाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। यह पल न केवल वंशिका और उसके परिवार के लिए गौरवपूर्ण था, बल्कि विद्यालय और समूचे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्पद थे। वंशिका की यह उपलब्धि यह दर्शाती है कि यदि प्रतिभा को सही मार्गदर्शन और अवसर मिले, तो वह किसी भी ऊंचाई को छू सकती है। विद्यालय के प्रिंसिपल संजीव धीमान व शिक्षको ने वंशिका को उसकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स बधानी में 200 लोगों की आंखों का चेकअप

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स बधानी पठानकोट में सत्य साई सेवा समिति बधानी की ओर से दूसरा आंखों का चेकअप कैंप लगाया गया। ज्योति प्रज्वलित करने के उपरांत पहले आंखों का फ्री चेक श्रीगणेश करते हुए ग्रुप के चेयरमैन इंजीनियर एसके पुंज, एमडी तृप्ता पुंज तथा सीएमडी कंवर तुषार पुंज और डॉक्टर ओम प्रकाश आंखों के अस्पताल की टीम ने अपना कार्य शुरू किया। पुंज फाउंडेशन के सहयोग से और डॉक्टर ओम प्रकाश आंखों का अस्पताल सैली रोड पठानकोट सदस्य टीम को संस्थान में बुलाया गया।

कैंप में डॉ. ओम प्रकाश तथा उनकी टीम ने रोगियों का फ्री चेकउप किया। कैंप में लगभग 200 लोगों ने अपनी आंखों का चेकअप करवाया। जरूरत के हिसाब से रोगियों को ऑय ड्रॉप्स, फ्री मेडिसिन्स के साथ 70 लोगों को चश्मे और 40 लोगों को आंखों के लेंस दिए गए। जरूरतमंद तबके के मरीजों का ऑपरेशन पुंज फाउंडेशन द्वारा फ्री कराया जाएगा। चेकअप करवाने आए लोगों के लिए भोजन का भी प्रबंध भी किया गया था। इस आई चेकअप कैंप में डायरेक्टर रणजीत सिंह, कन्वीनर मुकेश गुप्ता, डॉ. गिरीश गुप्ता, डॉ. राजेश गुप्ता, डॉ. विपिन गुप्ता, डॉ. सजय पंडित, डॉ. दिनेश महाजन, सुलक्ष्य कुमार, अश्वनी शर्मा, हेड ऑफ डिपार्टमेंट्स, स्टाफ तथा स्टूडेंट्स आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



मरीज की आंखों का चेकअप करते हुए डॉक्टर

# निर्माण कार्य में भूकंप प्रतिरोधी मानक अपनाएं : डीसी

## आपदा प्रबंधन को लेकर अधिकारियों के लिए आयोजित कार्यशाला में किया आह्वान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला भूकंप संभावित क्षेत्र में स्थित है ।यहां के निर्माण कार्यों में भूकंप प्रतिरोधी मानकों को प्राथमिकता दी जाना अत्यंत जरूरी है। शुक्रवार को चेल्लियां में आपदा प्रबंधन के तहत लोक निर्माण विभाग तथा आईपीएच विभाग के अधिकारियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि आपदा की दृष्टि से सुरक्षित निर्माण कार्य करना एक आवश्यक प्रक्रिया है जो लोगों की जान बचा सकती है और आर्थिक नुकसान को कम कर सकती है।

उन्होंने कहा कि भूकंपीय क्षेत्र में निर्माण करते समय, इमारतों को भूकंप प्रतिरोधी मानकों के अनुसार डीपीआर तैयार करने पर विशेष बल दिया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण प्रक्रिया में आपदाओं को ध्यान में रखने और सुरक्षित निर्माण विधियों का उपयोग करने के लिए आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से इस तरह की कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं।






उन्होंने कहा कि आपदा से सुरक्षित निर्माण कार्यों पर बल देने का मतलब है कि निर्माण कार्य करते समय प्राकृतिक आपदाओं (जैसे भूकंप, बाढ़, तूफान) से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए विशेष ध्यान दिया जाए। इसमें निर्माण सामग्री का चयन, डिजाइन और निर्माण प्रक्रिया में आपदाओं को ध्यान में रखकर बदलाव करना शामिल है। भूकंप और तूफान से बचाव के लिए मजबूत और लचीली सामग्री का उपयोग करें।

### मिस्त्रियों को सुरक्षित भवन निर्माण के लिए दिया जा रहा प्रशिक्षण

**डीसी** ने कहा कि कांगड़ा जिला में विभिन्न चरणों में मिस्त्रियों को भी सुरक्षित भवन निर्माण को लेकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है इसके साथ ही आपदा प्रबंधन को लेकर स्कूलों में नियमित तौर पर पूर्व अभ्यास करवाया जा रहा है। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि मौसम, भूस्खलन इत्यादि की पूर्व जानकारी के लिए भी आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है, ताकि लोगों को पहले ही सर्तक किया जा सके ताकि आपदा से कम से कम नुकसान हो सके। इससे पहले आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के समन्वयक रॉबिन ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कार्यशाला के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर आईआईटी मंडी के विशेषज्ञों ने अधिकारियों को डीपीआर तैयार करने के लिए विस्तार से प्रशिक्षण दिया।



# अनंत पर्यटन



*भारत देश के जम्मू-कश्मीर राज्य पहलगाम में आंतकी घटना के कारण पर्यटकों के चेहरों पर अब खौफ साफ देखा जाने लगा है। कश्मीर की ओर जाने वाले पर्यटकों ने अब हिमाचल प्रदेश का रुख कर लिया है। होटलों में ऑनलाइन बुकिंग बढ़ने लगी है। पर्यटकों की संख्या में 25 से 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो चुकी है। देश-विदेश से आने वाले पर्यटक हिमाचल प्रदेश को पूरी तरहं से सुरक्षित मान कर चले हुए है। गर्मी के सीजन में अब भारी संख्या में भारी बढ़ोतरी की उम्मीद भी जताई जाने लगी है। पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में पर्यटकों की संख्ख में भारी छाल आया है। यहां पर्यटकों की संख्या में 20 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई है।*

# पहलगाम आतंकी हमले के बाद पर्यटकों ने किया हिमाचल का रुख



## बढ़ने लगी ऑनलाइन बुकिंग, 20 से 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**मई में धर्मशाला में होंगे तीन आईपीएल मैचः** होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्वनी बांमा के अनुसार पर्यटकों द्वारा ऑनलाइन होटलों में बुकिंग करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुई दर्दनाक आंतकी घटना के बाद पर्यटकों ने हिमाचल प्रदेश का रुख कर लिया है। उन्होंने कहा कि ट्रैवल एजेंट कश्मीर छोड़ हिमाचल की बुकिंग कर रहे हैं। कई हिस्सों में ट्रैवल एजेंसियों ने बताया है कि हमले के बाद बड़ी तादाद में लोग कश्मीर व श्रीनगर के लिए पहले से तय अपनी यात्राओं को रद्द करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मई माह में धर्मशाला में आईपीएल मैचों का भी आयोजन होना है। ऐसे में आने वाले समय में पर्यटकों की भारी भीड़ होने का अनुमान है। अंतकी घटना के बाद पर्यटकों में आक्रोश के साथ खौफ भी देखा जा रहा है।

**ट्रैवल एजेंट कैंसिल कर रहे कश्मीर के टूअर :** वहीं दूसरी ओर में आतंकी हमले के बाद ट्रैवल एजेंटों ने वहां के टूर रद्द कर दिए हैं। अब वे धर्मशला, कुल्लू मनाली और शिमला आदि की बुकिंग कर रहे हैं। पर्यटन कारोबारियों का कहना है कि एक ही दिन में ऑनलाइन बुकिंग में 20 से 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। मनाली होटलियर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर के अनुसार आतंकी हमला देश के लिए एक दिल दहला देने वाली घटना है। इसकी जम्मू-कश्मीर के पर्यटन कारोबार पर इसकी दोहरी मार पड़ेगी। धर्मशाला होटल संचालक अजय कुमार, संजीव शर्मा, विपन नेहरिया, पंकज आदि ने बताया कि उनकी ऐसे ट्रेवल एजेंटों से बात हुई है। ट्रेवल एजेंट मनाली में बुकिंग कर रहे हैं। हिमाचल सैर सपाटे के लिए आना सुरक्षित है। होटल संचालकों ने भी पर्यटकों के आगमन को लेकर विशेष तैयारियां करनी शुरु कर दी है। पर्यटकों का मानना है कि हिमाचल प्राकृतिक सुंदरता के साथ शांत व सुरक्षित प्रदेश है।

**पूरे प्रदेश में सुरक्षा घेरा मजबूत :** कांगड़ा जिला की एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि आंतकी घटना करे लेकर जिला में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम है। वहीं, दूसरी ओर हिमाचल प्रदेश सरकार ने भी पहलगाम में घटी आंतकी घटना को लेकर पूरे प्रदेश में सुरक्षा घेरा मजबूत कर दिया है। वहीं, धर्मशाला स्थित उत्तरी क्षेत्र के डीआईजी अभिषेक दुल्लर के अनुसार जम्मू-कश्मीर के साथ हिमाचल के जिला चंबा लगती सींमाओं में चौकसी तेज कर दी है। यहां हर गतिविधियों में नजर रखी जा रही है। हिमाचल प्रदेश का चंबा जिला जेएंडके के साथ 216 किलोमीटर लंबी सीमा लगती है। यहां 13 सुरक्षा चौकियां स्थापित की गई हैं। चंबा का सलूणी और तीस्सा जेएंडके के साथ लगता है। सलूणी के किहार सेक्टर के अलावा कालावन और सतरुंडी के इलाके भी जेएंडके के साथ लगते हैं। कालावन और सतरुंडी में पहले भी पहलगाम जैसा आतंकी हमला हो चुका है आतंकी हमले हो चुके हैं। इसके साथ ही पांगी घाटी भी एक दुर्गम और सीमावर्ती घाटी है, जो चंबा जिले के उत्तर में स्थित है। पांगी घाटी जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले से सटी है। *प्रस्तुतिः संजय अग्रवाल, धर्मशाला*

# 'धर्मकोट' हिमाचल का इसराइल एक छुपा हुआ रत्न

### रेस्तरां से लेकर दुकानें सब कुछ इसराइली रंग में रंगे





**धर्मकोट** कांगड़ा जिले का एक छोटा सा गांव है। विशाल पहाड़ों और हरी-भरी भूमि के खूबसूरत नजारों के अलावा, यह जगह बहुत सारे रोमांच भी प्रदान करती है। धर्मकोट मैक्लोडगंज के पास कांगड़ा जिले में स्थित एक छुपा हुआ रत्न है। धर्मकोट कांगड़ा घाटी और धौलाधार पर्वतमाला के विस्तृत दृश्य वाला स्थान है। इस स्थान को हाल ही में उनकी मान्यता मिली है, इससे पहले यह स्थान पूरी तरह से छिपा हुआ था और केवल इसराइलियों या कांगड़ा के स्थानीय लोगों द्वारा दौरा किया जाता था। एक सर्वेक्षण बताता है कि हर साल 20,000 से अधिक इसराइली इस स्थान पर आते हैं और उनमें से कुछ स्थायी रूप से स्थानांतरित हो जाते हैं। धर्मकोट पहाड़ से काम करने के लिए भी सबसे अच्छी जगह है, क्योंकि यह स्थान शांतिपूर्ण पहाड़, तेज इंटरनेट और बहु-व्यंजन भोजन परोसने वाले रेस्तरां प्रदान करता है। इतना ही नहीं, अगर आप शांति की तलाश में हैं तो धर्मकोट ध्यान और योग पाठ्यक्रम, वैकल्पिक उपचार और कार्यशालाओं की एक अविश्वसनीय शृंखला प्रदान करता है, जो हिप्पियों को आकर्षित करने का कारण भी है। यहां सिर्फ भारत के ही नहीं, बल्कि विदेशी पर्यटक भी आते हैं, जिन्हें यह क्षेत्र बहुत भाता है। इसका कारण यह है कि यहां हिमाचल या तिब्बत की ही नहीं, बल्कि विदेशी जीवनशैली भी दिखती है। मैक्लोडगंज से तिब्बती संस्कृति की झलक मिल जाती है। यहां से महज दो किलोमीटर की दूरी पर धर्मकोट नामक एक ऐसा स्थान है, जहां आपको केवल इसराइल के पर्यटक ही नजर आएंगे। यहां के रेस्तरां से लेकर दुकानें सब कुछ इसराइली रंग में रंगे हुए हैं। इस कारण इसे मिनी इसराइल भी कहा जाता है। ऊंची पहाड़ी पर बसा यह क्षेत्र चारों तरफ से देवदार के पेड़ों से घिरा है, यही कारण है कि गर्मी के दिनों में पर्यटन स्थल ठंडक का एहसास करवाता है।



### हवाई व सड़क मार्ग से जुड़ा क्षेत्र

**हवाई** मार्ग धर्मकोट पहुंचने का सबसे सुविधाजनक और तेज तरीका है, क्योंकि निकटतम कांगड़ा एयरपोर्ट है जो धर्मकोट से सिर्फ 19 किमी और धर्मशाला से 16 किमी दूर है, जिसे आप निजी टैक्सियों या स्थानीय बसों द्वारा कवर कर सकते हैं। बहुत सारे सरकारी और निजी ऑपरेटर हैं, जो बसें चलाते हैं। जो चंडीगढ़ और दिल्ली से आसानी से उपलब्ध है। बस से यह यात्रा वास्तव में आरामदायक है, क्योंकि अधिकांश ऑपरेटर वोल्वो बसें प्रदान करते हैं, जो ज्यादातर रात में चलती हैं जो आपके अनुभव को बताती हैं। धर्मशाला में अपने अंतिम गंतव्य तक पहुंचने में केवल 10 घंटे लगते हैं, वहां से आप टैक्सी ले सकते हैं या स्थानीय बस का इंतजार कर सकते हैं।

### यहां से मात्र 10 किलोमीटर दूर है त्रियुंड

**ट्रैकिंग** स्थल त्रियुंड के लिए जाने से पूर्व पर्यटकों को धर्मकोट में ही अपनी जरूरत की सारी सामग्री लेनी पड़ती है। यहां से त्रियुंड 10 किलोमीटर दूर है। हालांकि, धर्मकोट से करीब डेढ़ से दो किलोमीटर ऊपर गलू क्षेत्र है, जहां तक बाइक पहुंच जाती है, लेकिन गलू में सिर्फ एक दो छोटी दुकानें हैं। इसी कारण धर्मकोट को त्रियुंड का बेस कैंप भी कहा जाता है। धर्मकोट को मिनी इसराइल, ग्लोबल विलेज व ग्लोबल स्ट्रीट का नाम भी दिया जा चुका है। यहां अलग-अलग सोच का संगम है। पर्यटकों की जीवन शैली, खानपान अलग है। विकसित देशों का पर्यटक यहां सभ्यता के हिसाब से पाषाण सभ्यता में चला जाता है।

# मनाली में करें दुनिया के सबसे ऊंचे प्राकृतिक शिवलिंग के दर्शन

## अमरनाथ की तर्ज पर पहचान बना रहा अंजनी महादेव का शिवलिंग

## सैलानियों का पंसदीदा स्थल

**अमरनाथ शिवलिंग के बारे में तो आप सब ने सुना होगा, लेकिन हम आपको महादेव के एक ऐसे रूप के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके दर्शन सर्दियों के पांच महीने ही किए जा सकते हैं। मनाली के सोलंगनाला स्थित अंजनी महादेव दुनिया का सबसे बड़ा बर्फ का प्राकृतिक शिवलिंग है। अंजनी महादेव में पारा माइनस में जाते ही यहां शिवलिंग का आकार बनना शुरू हो जाता है और फरवरी में शिवरात्रि के दौरान आकार 35 फुट से भी अधिक ऊंचा हो जाता है। प्राकृतिक तौर पर बनने वाले इस शिवलिंग की उंचाई देख हर कोई पर्यटक हैरान है। इन दिनों इस शिवलिंग का आकार काफी ऊंचा हो गया है। इस शिवलिंग को अंजनी महादेव के नाम से जाना जाता है। लिहाजा, पर्यटन नगरी मनाली के सोलंगनाला स्थित अंजनी महादेव में अमरनाथ की ही तरह हर साल बर्फ से बना शिवलिंग बनता है जोकि सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहता है। अंजनी महादेव अपने आप में एक खूबसूरत जगह है। प्राकृतिक दृश्यों का आनंद उठाने के लिए यहां दूर-दूर से लोग पहुंचते हैं। यहां भक्तों को शिवलिंग का झरने द्वारा जलाभिषेक करने का अद्भुत नज़ारा देखने को मिलता है। इस शिवलिंग का दर्शन करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ जमा होती है।**

**पौराणिक कथाः** पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, अंजनी महादेव मंदिर का इतिहास भगवान जी की माता अंजनी से जुड़ा हुआ है। मान्यता है कि त्रेता युग में माता अंजनी ने पुत्र की प्राप्ति के लिए इसी स्थान पर तपस्या की थी। जिससे शिव जी प्रसन्न हुए और उन्होंने अंजनी को दर्शन दिए थे। तभी से यहां पर प्राकृतिक तौर पर बर्फ का शिवलिंग बनता है। इस मंदिर को लेकर यह भी मान्यता है कि इस शिवलिंग के दर्शन करने से व्यक्ति की हर इच्छा पूरी हो सकती है।

### रोहतांग की तर्ज पर हो रहा लोकप्रिय

**मनाली** का पर्यटन स्थल रोहतांग देश व दुनिया मे अपनी पहचान बना चुका है। रोहतांग की तर्ज पर अब अंजनीमहादेव भी लोकप्रिय हो रहा है। इन दिनों सैकड़ों की संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं जिनकी कुछ ही दिनों में संख्या हजारो में हो जाएगी।



**हिमाचल का अमरनाथः** इस स्थान को हिमाचल प्रदेश का अमरनाथ भी कहा जाता है। मान्यताओं के अनुसार कई वर्षों पहले इस स्थान की खोज गुरु बाबा प्रकाश पुरी महाराज द्वारा की गई थी। मंदिर के पास ही संत बाबा की एक कुटिया भी बनी हुई है। सर्दियों के समय में यह झरना जमने लग जाता है और शिवलिंग के आसपास भी बर्फ की परत जम जाती है। इस कारण शिवलिंग की ऊंचाई लगभग 40 फुट तक भी पहुंच जाती है। ऐसे में सर्दियों में भी प्राकृतिक रूप से बने इस शिवलिंग का दर्शन करने भक्त यहां पहुंतचे हैं। माना जाता है कि श्रद्धालु अंजनी महादेव के दर्शन करने नंगे पांव चलकर जाते हैं।

**ऐसे पहुंचें मंदिरः** अंजनी महादेव मंदिर, मनाली से लगभग 14 किमी दूर सोलंगनाला के पास स्थित है। यह मंदिर साढ़े 11 हजार फीट की ऊंचाई पर बना हुआ है। मंदिर पहुंचने के लिए आपको मुख्य सड़क से लगभग 2 किमी की दूरी तरह करनी पड़ेगी। आप मंदिर तक पैदल भी पहुच सकते हैं या फिर आप घोड़े और एटीवी बाइक भी किराये पर ले सकते हैं। इसके बाद शिवलिंग के दर्शन के लिए आपको 150 सीढ़ियां चढ़नी होती हैं। **प्रस्तुतिः कमलेश वर्मा, कुल्लू**

# पहलगाम के दोषियों को मिलेगी कठोर सजा : परमार

## पालमपुर में सनातन सुरक्षा मंच ने बेगुनाह हिंदुओं की हत्या के विरोध में किया प्रदर्शन

अजय पाल, पालमपुर

सनातन सुरक्षा मंच के बैनर तले पालमपुर में वीरवार को पहलगाम में की गई बेगुनाह हिंदुओं की हत्या को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों के साथ पाकिस्तान का पुतला फूंका तथा गांधी मैदान पालमपुर से नया पुल, हॉस्पिटल व सुभाष चौक होते हुए एसडीएम कार्यालय तक रैली निकाली व एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती को ज्ञापन सौंपा।

इस रोष रैली में सनातन सुरक्षा मंच के संयोजक कमल कुमार, पूर्व मंत्री विपिन परमार, भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर, पूर्व विधायक जयसिंहपुर रवि धीमान, पूर्व विधायक बैजनाथ मुल्ख राज प्रेमी, पूर्व विधायक पालमपुर प्रवीण शर्मा विशेष तौर पर उपस्थित रहे। विपिन परमार ने अपने संबोधन में कहा कि ये जो आतंकवादियों ने पहलगाम में निर्दोष हिंदुओं की हत्या की है, उन्हें उसकी कठोर सजा मिलेगी। उन्होंने कहा कि पूरा देश इन शोक संतप्त परिवारों के साथ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पूरे देशवासियों को भरोसा है उन्होंने ने भी साफ शब्दों में कह दिया है कि जिन आतंकवादियों ने यह जघन्य अपराध किया है ओर जो भी इस हमले की साजिश में शामिल है उन्हें उनकी कल्पना से भी ज्यादा सजा दी जाएगी। परमार ने एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती से आग्रह किया कि पालमपुर उपमंडल में जो भी बाहरी लोग फर्जी आधार कार्ड या बिना अनुमति के रह रहे है उनकी पहचान के उन पर सख्त कार्यवाई की जाए। इस रोष रैली में सैकड़ों लोग शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)



आतंकी हमले के खिलाफ पालमपुर में सनातन सुरक्षा मंच प्रदर्शन करता हुआ।

## आतंकवाद के खिलाफ पूरा हिंदू समाज पीएम मोदी के फैसले के साथ खड़ा : सुधीर शर्मा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला



**धर्मशाला** के विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ, जो भी ठोस कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उठाएंगे, पूरा देश उस फैसले के साथ खड़ा रहेगा। कश्मीर के पहलगाम में बीते दिनों हुए आतंकी हमले के खिलाफ धर्मशाला में विभिन्न हिंदू संगठनों के विरोध प्रदर्शन को संबोधित कर विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि पहलगाम में जिस तरीके से धर्म पूछ-पूछ कर वहां हिंदुओं को निशाना बनाकर मारा गया, ऐसा निर्मम हत्याकांड भारत के इतिहास में कभी नहीं हुआ है। ऐसे कृत्य को देखते हुए अब वो समय आ गया है, जब पूरे समाज को एकजुट होकर चलना होगा। आतंकवाद के खिलाफ जो भी कड़े कदम देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उठायेंगे, उस फैसले के साथ समाज को कंधे से कंधा मिलाकर चलना होगा, ताकि आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंका जा सके। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार आतंकवादी धर्म पूछ पूछ कर हिंदू धर्म के पर्यटकों को कश्मीर के पहलगाम में निशाना बनाया गया, अब समय आ गया है कि हिंदू समाज एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ खड़ा हो। विधायक सुधीर शर्मा ने आह्वान किया कि हम सभी मिलकर हिंदू समाज को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करेंगे ताकि आतंकवाद के खिलाफ जंग को कड़ा रुख दिया जा सके। विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने शर्मनाक करतूत की है, भारत सरकार आतंक का सफाया करके रहेगी।

## पाकिस्तान को सख्त सबक सिखाया जाए

अनंत ज्ञान, कांगड़ा। पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों द्वारा मारे गए पर्यटकों की घटना पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और



विधायक पवन काजल ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने कायरता दिखाते हुए धर्म पूछकर पर्यटकों की हत्या की। यह निंदनीय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ उठाए गए सख्त कदम सराहनीय हैं। काजल ने कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है और रहेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे और पाकिस्तान को सबक सिखाएंगे। उन्होंने कहा, केंद्र की भाजपा सरकार आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। मटौर स्थित भाजपा कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर पहलगाम में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी।

## न्यूज ब्रीफ

### गगल चौक पर फूंका पाकिस्तान का पुतला

अनंत ज्ञान, गगल। हिमाचल प्रदेश व्यापार मंडल के बंद आह्वान पर आज गगल के व्यापार मंडल के अध्यक्ष देवेंद्र कोहली की अध्यक्षता में दुकानदारों ने आधा दिन अपनी अपनी दुकानें बंद रखीं तथा पाकिस्तान के विरुद्ध जमकर विरोध किया और पुतला फूंका और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए।

### आतंकी हमले के खिलाफ निकाली रैली

अनंत ज्ञान, बैजनाथ। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में जनता में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिल रहा है, जिसके चलते वीरवार को पपरोला बाजार के व्यापारियों ने न्यू बस स्टैंड से लेकर महेरना चौक तक रोष रैली निकाली और पाकिस्तान का पुतला फूंका।वहीं व्यापारी वर्ग द्वारा पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाए गए,व्यापारियों का कहना है, कि जिस प्रकार की हरकत पाकिस्तान ने की है,वो माफ करने के काबिल नहीं है,पहले भी पाकिस्तान ने हमारे सैनिकों और पर्यटकों पर अत्याचार किया है,उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से मांग की है कि इस बार पाकिस्तान को ऐसा जवाब दिया जाए, ताकि वो फिर से भारत पर आंख उठा कर देखने की हिम्मत न कर सके। इस मौके पर अनिल सूद, आशीष सूद, मुनीश सूद, सुदीप महाजन, बाली चौधरी, रितेश सूद, भोलू, विक्रम, दिशांत गुप्ता, अतुल गोरा, अनूप बंटा, शिशर सोनी, अजुय विज, सतीश कौल, नीरज, समीर, विक्की सूद, जगदीश, ओमी, नमित नंदा, अतुल सूद सहित अन्य मौजूद रहे।

### पहलगाम हमले के विरोध में बंद रहे बाजार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में धर्मशाला के व्यापारियों ने सुबह 9 बजे से एक बजे तक अपनी-अपनी दुकानों को बंद रखा और केंद्र सरकार से इस आतंकी हमले में शामिल सभी आतंकवादियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की भी मांग की। धर्मशाला व्यापार मंडल के अध्यक्ष मुनीश सूदा ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगांव में हुए इस आतंकी हमले की पूरा व्यापर मंडल निंदा करता है और इस हमले में शामिल हर आतंकी को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के सभी व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकानें बंद करने का निर्णय लिया था, इसी कड़ी में धर्मशाला व्यापार मंडल के सभी दुकानदारों ने अपनी दुकानों को बंद रखा और इस बंद का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को जम्मू कश्मीर में आंतकवादियों को मिल रही लोकल स्पोर्ट को बंद करना चाहिए और जो लोग इन आतंकवादियों की मदद करते है उन्हें भी कड़ी सजा दी जानी चाहिए। मुनीश ने कहा कि पाकिस्तान आर्मी भी इस हमले में शामिल ना होने की बात कर रही है, लेकिन पाकिस्तान की आर्मी भी चोरी छुपे इन आतंकवादियों को स्पोर्ट करती है। इसी लिए यह आंतकवादी इस तरह की घटना को अंजाम देने में कामयाब हो जाते है। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संधू जल समझौते को रद करने के फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि जब तक इस तरह के कड़े फैसले केंद्र सरकार द्वारा नहीं लिए जाएंगे तब तक पाकिस्तान सुधरने वाला नहीं है।

### भोड़ा स्कूल में प्रवक्ता संघ इकाई का गठन

अनंत ज्ञान, डरोह। वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोड़ा में हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ भोड़ा इकाई का गठन किया गया। इस बैठक में स्कूल के सभी प्रवक्ताओं ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी पदाधिकारी आगामी जिला चुनाव में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। प्रधानाचार्य संजीव जम्वाल ने इस बैठक में बतौर पर्यवेक्षक भाग लिया। राजन सूद चुनाव अधिकारी के रूप में उपस्थित रहे। इस बैठक में संतोष कुमार प्रधान, रुचिका राणा सचिव तथा रुबी गुलेरिया को मीडिया सलाहकार चुना गया। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रवक्ताओं की मांगों को सरकार के समक्ष हर मंच पर उठाया जाए।

### शराब की 20, बीयर की 3 पेटियां पकड़ीं

अनंत ज्ञान, बैजनाथ। थाना बैजनाथ की टीम द्वारा गत रात राष्ट्रीय उच्चमार्ग -154 बैजनाथ से जोगिंदनगर मार्ग पर अवाही नाग मंदिर मोड़ के समीप नियमित यातायात जांच के चलते नाकाबंदी की थी। इस दौरान पंघा की ओर से आ रही एक पिकअप वाहन की तलाशी के लिए रोका गया, जिसमें अवैध शराब बरामद की गई। डीएसपी बैजनाथ अनिल शर्मा ने बताया कि उक्त वाहन से देसी शराब की 5 पेटियां, बीयर की 3 पेटियां तथा अंग्रेजी शराब मार्का रॉयल स्टैग की 15 पेटियां बरामद की गई। शराब को अपने कब्जे में रखने के कारण शक्ति कुमार पुत्र भगवान दास निवासी गांव वगियाड़ा, डाकघर कडियाना, तहसील धर्मशाला, के विरुद्ध हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 39(1)(ए) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है, और नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

### घुरकड़ी में मनाया मानव एकता दिवस

अनंत ज्ञान, गगल। सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज और राज पिता रमित के आदेश अनुसार वीरवार को संत निरंकारी भवन घुरकड़ी में संयोजक महात्मा दीनानाथ तथा महात्मा मदन नढ़ा की देखरेख में 24 अप्रैल को प्रेम और भाईचारे की भावना को उजागर करता 'मानव एकता दिवस' मनाया गया। निरंकारी मिशन द्वारा प्रति वर्ष 24 अप्रैल को बाबा गुरबचन सिंह की पावन स्मृति में श्रद्धा और आध्यात्मिक भावनाओं से परिपूर्ण वातावरण में आयोजित किया जाता है। यह दिन केवल पुण्य स्मरण का अवसर नहीं, अपितु मानवता, सौहार्द और एकत्व की भावनाओं का एक आत्मिक संगम है। मानव एकता दिवस के अवसर पर मिशन द्वारा देशभर में रक्तदान की प्रेरक शृंखला आरंभ होती है, जो निस्वार्थ सेवा भावना की सामूहिक जागृति का स्वरूप बनकर पूरे वर्ष समाज में प्रवाहित होती रहती है। इसके साथ ही सत्संग कार्यक्रमों के माध्यम से प्रेम, शांति और समरसता का प्रकाश भी जन-जन तक पहुंचाया जाता है। यह दिन इस बात का परिचायक है कि सेवा केवल एक कार्य नहीं, अपितु निष्काम समर्पण का आत्मिक भाव है। इस वर्ष भी, संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा पूरे भारतवर्ष की लगभग 500 से अधिक ब्रांचों पर भव्य रक्तदान शिविरों की अविरल शृंखला आयोजित की गई।

### साईं मंदिर ट्रस्ट लंज में लगाया रक्तदान शिविर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। साईं मंदिर ट्रस्ट लंज के तत्वावधान में वीरवार को एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपमुख्य सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर पठानिया ने रक्तदान को मानव सेवा का सर्वोत्तम रूप बताते हुए कहा कि ऐसे शिविरों के आयोजन से न केवल लोगों में जागरूकता आती है, बल्कि यह कार्य अनेक जिंदगियों को बचाने में सहायक सिद्ध होता है। उन्होंने साईं मंदिर ट्रस्ट को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई दी और रक्तदान करने वाले सभी दानदाताओं को ट्रस्ट की ओर से प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। शिविर से पूर्व पठानिया ने साईं मंदिर में पूजा-अर्चना की एवं प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर लंज कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, साईं मंदिर ट्रस्ट के सदस्य, विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## प्रताप वर्ल्ड स्कूल चनौर ने निकाला कैंडल मार्च



अनंत ज्ञान, इंदौरा। प्रताप वर्ल्ड स्कूल चनौर, इंदौरा की प्रिंसिपल रेणु परमार व एमडी डॉ. रिचा महाजन की अध्यक्षता में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए छात्रों ने आज एक भावनात्मक कैंडल मार्च का आयोजन कर देश के लिए शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल शहीदों को सम्मान देना था, बल्कि छात्रों में देशभक्ति की भावना को भी जागृत करना था। डॉ. विशाल महाजन ने कहा कि हमारे बच्चों ने आज जो संवेदनशीलता दिखाई, वह अत्यंत सराहनीय है। यह कैंडल मार्च न केवल हमारी श्रद्धांजलि है, बल्कि एक संदेश भी है कि हम अपने शहीदों को कभी नहीं भूल सकते। इस कैंडल मार्च में इन्दौरा के सभी ऐडवोकेट व स्थानीय लोगों ने भी भाग लिया।

## इंजीनियरिंग कॉलेज नगरोटा में भी निकाला कैंडल मार्च

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। राजीव गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज नगरोटा बगवां में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में कैंडल मार्च निकाला गया। इस मार्च में कॉलेज के प्रिंसिपल, छात्र-छात्राएं, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मान सिंह और अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



## नूरपुर में पाकिस्तान का पुतला जलाया

अनंत ज्ञान, नूरपुर। पहलगाम में हुए विभत्स हमले को लेकर देश भर में ज्वाला भड़क उठी है। पूरा देश इस घटना को लेकर सड़कों पर है तथा आतंकवादियों व पाकिस्तान को करारा जवाब देने की मांग कर रहा है। विधानसभा नूरपुर में भी आज इसका असर देखने को मिला, जहां लोग बाजार बंद कर सड़कों पर उतर पड़े। इस घटना से गुस्साए हिंदू समाज ने चौगान बाजार से लेकर वजीर राम सिंह पठानिया स्मारक तक रोष रैली निकाल कर पाकिस्तान व आतंकवाद का पुतला जलाया। इस मौके पर हिंदू संगठन विश्व हिंदू परिषद के सह्प्रांत संपर्क प्रमुख उदय सिंह पठानिया ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि जो श्रीनगर के पहलगांव में धर्म पूछ कर पर्यटकों पर गोलियां चलाई गई हैं उसका बदला आतंकवादियों का खात्मा कर व पाकिस्तान में बैठे उनके आकाओं से लिया जाए। सरकार पाकिस्तान को इस कत्लेआम का मुह तोड़ जवाब दे।

## आतंकवाद के खिलाफ करनी पड़ेगी कड़ी कार्रवाई

मनोज चंदेल, योल

पहलगाम में हुए भयानक आतंकी हमले के विरोध में वीरवार को योल बाजार सुबह सात बजे से लेकर दोपहर 12 तक बंद रहा। 11 बजे के करीब बाजार के तमाम व्यापारियों, स्थानीय नागरिकों और युवाओं ने इस कायरतापूर्ण हमले की कड़ी निंदा करते हुए हाथों में तिरंगा झंडा पकड़कर रैली निकाली। रैली बस स्टैंड से शुरू होकर घियारी पुल तक गई और वापस पीरू सिंह चौक तक पहुंची। अंत में राधा कृष्ण मंदिर में 2 मिनट का मौन रखकर मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी।

प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद, भारत से जो टकराएगा चूर-चूर हो जाएगा आदि नारे लगाए। इनमें व्यापार मंडल योल के अध्यक्ष अक्षित मैनी, निदेशक हिमाचल प्रदेश खाद्य आपूर्ति निगम पुनीत मल्ली, विश्व हिंदू परिषद के नेता राजेंद्र बड़जातय, रमन चौधरी सचिव व्यापार मंडल योल, व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष व खजांची योल एकता मंच के सदस्य अशोक धवन और सनी भाटिया व व्यापारियों ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

### दोषियों को पकड़कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए






व्यापार मंडल योल के अध्यक्ष अक्षित मैनी ने कहा कि आज भारत का हर नागरिक इस आतंकी हमले का विरोध कर रहा है। आज योल के व्यापारियों ने एक मत होकर एकता का संदेश दिया और भारत सरकार को इन आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का संदेश भेजा। हम केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि दोषियों को पकड़कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। वहीं, निदेशक हिमाचल प्रदेश खाद्य आपूर्ति निगम पुनीत मल्ली ने कहा पहलगाम में हुए आतंकी हमले की हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं और दुख प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि पहलगाम में जो हुआ वह केवल आतंकवाद नहीं था, वह हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा व्यवस्था की असफलता का एक आइना भी था। उन्होंने सवाल उठाया कि हर बार आतंकी वारदात के बाद ही सुरक्षा बढ़ाई जाती है, पहले क्यों नहीं। आखिर ऐसा क्यों होता है? जब देश में इतना खर्चा रक्षा पर हो रहा है तो यह चूक क्यों और कैसे हो गई यह जवाबदेही भी केंद्र सरकार को सुनिश्चित करनी पड़ेगी। वहीं, राजेंद्र बड़जातया अध्यक्ष कांगड़ा विश्व हिंदू परिषद ने कहा भारत सरकार को अब कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। वहीं, योल एकता मंच के सदस्य सनी भाटिया ने कहा कि सरकार को कड़े फैसले लेने पड़ेंगे, ताकि ऐसी हरकत करने की किसी की हिम्मत दोबारा न हो।

## भाली में फोरलेन कार्य के चलते लगा लंबा जाम

अनंत ज्ञान, कोटला। फोरलेन निर्माणाधीन कंपनी द्वारा नियमों को ताक पर रखकर निर्माण कार्य किया जा रहा है। वीरवार को भाली में फोरलेन के कार्य के चलते करीबन पौना घंटा जाम की स्थिति बनी रही। भाली के मल्लपुर से लेकर 2 किलोमीटर तक लंबा जाम लगा रहा। जाम और उड़ती धूल से बस व वाहन सवारों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

## अपनी नाकामियों का ठीकरा केंद्र पर फोड़ रहे सुक्खू : राकेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पर प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही टिप्पणी पर पूर्व मंत्री राकेश पठानिया ने पलटवार किया है। बल्क ड्रग पार्क और मेडिकल डिवाइस पार्क से पहाड़ी राज्य हिमाचल की दिशा और दशा बदलनी थी। धर्मशाला में प्रेसवार्ता के दौरान राकेश पठानिया ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने हिमाचल की बेहतरी और बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए बल्क ड्रग पार्क और मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए आवेदन किया था। देश के कई राज्यों से मुकाबला करते हुए हिमाचल को रक्त दो पार्क मिले थे, लेकिन सीएम कह रहे हैं कि 500 करोड़ कीमत की भूमि 12 लाख में नहीं देंगे। पठानिया ने कहा कि चिन्हित भूमि बंजर है और किसी के परिवार की नहीं है। इस भूमि पर पार्क निर्माण से 80 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मिलना था और 6 हजार से अधिक साइंस ग्रेजुएट को इसका लाभ मिलना था। हिमाचल में युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए उद्योगपतियों को बुलाने की पहल की गई थी, लेकिन हिमाचल बचाने के नाम पर सीएम ने बेरोजगारों के पेट पर लात मारने का काम किया है।

## इंदौरा के मंड में किसानों की 65 कीले गेहूं की फसल राख

### ट्रांसफार्मरों में जुगाड़ से डाले गए फ्यूज, जमीन से तारों की कम हाइट से हुआ नुकसान

अनंत ज्ञान, फतेहपुर

विद्युत बोर्ड मंड क्षेत्र में लगाए गए ट्रांसफार्मरों को जुगाड़ से चला रहा है। खुली छोड़ी गई बिजली की तारों की स्पार्किंग से फसलें जल रही हैं। विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के तहत उपजाऊ क्षेत्र मंड में बिजली विभाग की लापरवाही के कारण अलग-अलग तीन जगह गेहूं की फसल के खेत में आग लग जाने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। मंड घंड्रा, हलेर मलाल, पंचायत भोग्रवां के मंड भोग्रवां में लगभग 65 कीले गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है। मंड घंड्रा में लगभग छह से 8 कीले गेहूं जलकर राख हुई, जिसमें किसान सुरजीत, बलदेव, हरवंश, सीताराम व सुरेश को नुकसान हुआ है, जबकि हलेर गांव के बिजली के ट्रांसफार्म से शुरू होकर भृइ तक आग ने कहर बरपाते हुए लगभग 30 किले गेहूं जला दी। इसके साथ ही मलाल से बिजली की तार टूटने से हुए शॉर्ट सर्किट की आग मंड भोग्रवां तक लगभग अमर सिंह, धर्म सिंह, मांगी राम, सुरेश पठानिया, कृष्ण की 25 कीले गेहूं को राख कर गई। कुछ महीने पहले ही खुली फायर ब्रिगेड इंदौरा में मात्र एक गाड़ी है, जो कि मौके पर खराब होने के कारण भी जवाब दे गई, जिस कारण अपनी सेवा नहीं दे सकी। बिजली विभाग को बार बार शिकायत करने पर भी किसानों की न सुनने के कारण किसानों को अपनी छह महीने कमाई को खोना पड़ा है। प्रभावित किसानों का कहना है कि उनका न तो प्रशासन और न ही नेताओं ने हाल चाल जाना है। वहीं, एसडीएम इंदौरा सुरेंद्र ठाकुर का कहना है कि चार-पांच जगहों पर आग लगने के मामले सामने आए हैं। बिजली की तारों से शॉर्ट सर्किट होने से आग लग रही है। संबंधित विभाग को इन समस्याओं को हल करने के लिए बोल दिया गया है। टीम को नुकसान के आकलन के लिए जल्द भेजा जाएगा।




## विकसित भारत निर्माण में सभी की सहभागिता जरूरी : चंदेल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के कुलपति,प्रो. राजेश्वर चंदेल ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति सहभागिता जरूरी है। उन्होंने कहा कि एक विकसित राष्ट्र की शुरुआत विकसित व्यक्तियों से होती है आत्म-स्वास्थ्य और आत्म-प्रबंधन एक समृद्ध परिवार, समाज और राष्ट्र की नींव हैं। वीरवार को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला में विकसित भारत 2047 विषय पर प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन सत्र में बतौर मुख्यातिथि कुलपति प्रो राजेश्वर चंदेल ने आत्म-जागरूकता और व्यक्तिगत विकास के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हर परिस्थिति में एक आशा की किरण होती है।

उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है तथा यहां पर प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। आज भी दुनिया भर में भारत के युवा हर क्षेत्र में अपनी धाक जमा रहे हैं यह भविष्य के विकसित भारत के लिए शुभ संकेत हैं। उन्होंने कहा कि भारत निश्चित तौर पर प्राचीन पद्धतियों के साथ नवाचार के समन्वय के साथ दुनिया की सबसे बड़ी सांस्कृतिक तथा सामाजिक आर्थिक शक्ति के रूप में खड़ा होने में है तथा इसी ध्येय को लेकर हमें आम जनमानस की सहभागिता के साथ आगे बढ़ना होगा। इस अवसर पर प्रो. कुलवंत राणा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। वहीं, प्रो. कुलदीप अत्री, निदेशक एवं सम्मेलन के सह-संरक्षक ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। दो दिनों में, देशभर के शोधार्थियों और शिक्षाविदों ने छह ऑनलाइन तकनीकी सत्रों में अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए, जिनमें विकसित भारत 2047 की परिकल्पना से जुड़ी विविध विषयवस्तुओं को शामिल किया गया। इन सत्रों में आर्थिक विकास, नवाचार, सतत विकास और समावेशी प्रगति जैसे विषयों पर गहन विमर्श हुआ।

सम्मेलन के संयोजक डॉ. राम रत्तन ने दो दिवसीय आयोजन की मुख्य बातों और चर्चाओं का सार प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम के सफल समापन की घोषणा की।

## शुभम, विनायक व दीपांशी सर्वश्रेष्ठ एथलीट

### कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में खेल महोत्सव का सफल समापन

अनंत ज्ञान, पालमपुर

चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर को 27वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन 23 और 24 अप्रैल को दो दिवसीय प्रतिस्पर्धाओं के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन में अनुशासन, खेल भावना और विश्वविद्यालय की सहभागिता का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला। डॉ. जीसीएन पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान महाविद्यालय ने कुल 9 स्वर्ण, 11 रजत और 9 कांस्य पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया।

कॉलेज ऑफ बेसिक साइंसेज ने 8 स्वर्ण, 3 रजत और 10 कांस्य पदक के साथ उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। अन्य प्रमुख प्रदर्शन करने वालों में कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर (5 स्वर्ण, 10 रजत, 6 कांस्य) और कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंसेज (3 स्वर्ण, 1 रजत, 1 कांस्य) शामिल रहे। व्यक्तिगत श्रेणी में शुभम और विनायक राणा को सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट घोषित किया गया, जबकि दीपांशी को सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट के खिताब से नवाजा गया।

मीट का शुभारंभ डॉ. आरके कपला, अधिष्ठाता, स्नातकोत्तर अध्ययन द्वारा किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि रहे डॉ. एमसी राणा, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, जिन्होंने विजेताओं को सम्मानित किया और छात्रों की प्रतिस्पर्धात्मक भावना एवं खेल कौशल की सराहना की। मीट में विश्वविद्यालय के सभी संबद्ध कॉलेजों के कुल 256 छात्रों ने 25 खेल प्रतिस्पर्धाओं में भाग लिया। आयोजन को निष्पक्षता और अनुशासन सुनिश्चित करने में होल्टा कैंप, योल कैंप और अलहिलाल कैंट के सेना कर्मियों के साथ-साथ पड़ोसी सरकारी स्कूलों के रेफरीज का भी अहम योगदान रहा। इस दो दिवसीय एथलेटिक मीट में कुल 25 स्वर्ण, 25 रजत और 26 कांस्य पदक प्रदान किए गए।



पशु चिकित्सा महाविद्यालय एथलेटिक मीट का ओवरऑल चैंपियन रहा।

## जानकारी

### भीड़ प्रबंधन को लेकर एचपीसीए के कर्मियों को दी जाएगी ट्रेनिंग : शिल्पी बेक्टा

# आईपीएल मैचों में भीड़ पर नजर रखेगा ड्रोन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में मैच के दौरान किसी भी प्रकार की आपदा की स्थिति में बेहतर तरीके से निपटने के लिए, पूर्व तैयारी के तौर पर स्टेडियम के समीप भीड़ प्रबंधन को लेकर एचपीसीए के कर्मचारियों तथा ड्यूटी पर तैनात लोगों को 26 अप्रैल को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद स्टेडियम में ही मॉक एक्सरसाइज की जाएगी। यह जानकारी एडीएम शिल्पी बेक्टा ने वीरवार को धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में एचपीसीए के आपदा प्रबंधन प्लान पर चर्चा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

उन्होंने कहा कि मैचों के दौरान भीड़ पर नजर रखने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को मैच के आयोजन से जुड़ी सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस विभाग को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए। एडीएम ने कहा कि मैच के आयोजन के दौरान वाहनों की पार्किंग के लिए निर्धारित स्थलों की नंबरिंग करके दिशा सूचक बोर्ड लगाए जाएंगे। उन्होंने लोगों की सुविधा के लिए निकासी गेटों से पार्किंग स्थलों तक दिशा सूचक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को स्टेडियम में अग्नि संबंधी आपातकालीन प्रबंधों का निरीक्षण करने तथा आवश्यक अग्निशमन सेवाएं सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए। एडीएम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को मैचों के आयोजन के दौरान अस्पताल में विशेष वार्ड और डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, मैच के दौरान सभी प्रकार की आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं से सुसज्जित आपातकालीन वाहन को क्रिकेट मैदान में तैनाती सुनिश्चित बनाने को कहा। बैठक में हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ धर्मशाला के सीईओ (प्रशासन) सेवानिवृत्त कर्नल एचएस मिन्हास सहित पुलिस, होमगार्ड तथा शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।


धर्मशाला में होने वाले आईपीएल मैचों के दौरान एचपीसीए के आपदा प्रबंधन प्लान पर चर्चा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करती हुईं एडीएम शिल्पी बेक्टा।

## एडीएम शिल्पी बेक्टा ने मां के दर टेका माथा

अनंत ज्ञान, कांगड़ा। एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा को हाल ही में एडीएम धर्मशाला के पद पर नियुक्ति मिली है। एडीएम का पदभार संभालने से पूर्व शिल्पी बेक्टा बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा माथा टेकने पहुंचीं। उनके साथ तहसीलदार देहरा सुभाष और तहसीलदार परागपुर भी मौजूद रहे।

## आपदा प्रबंधन के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग आवश्यक: प्रो. बंसल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कहा कि अंतराष्ट्रीय श्रेष्ठ प्रथाओं को अपनाकर केंद्रीय विश्वविद्यालय आपदा जोखिम न्यूनीकरण शिक्षा और अनुसंधान में क्षेत्रीय अग्रणी संस्थान के रूप में अपनी पहचान स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है, जिससे भारत में सतत विकास और आपदा लचीलापन निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकेगा। उन्होंने आपदा प्रबंधन और सार्वजनिक सुरक्षा के क्षेत्र में अंतराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। वे ताइवान कके हुआलिएन में डिजास्टर प्रिवेंशन एजुकेशन सेंटर में आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान बोल रहे थे। आपदा प्रबंधन और आपातकालीन प्रतिक्रिया में सहयोग को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में बंसल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सीमा कॉलेज में मेगा प्लेसमेंट ड्राइव 30 को

**दशमी रावत, रोहड़ू।** राजा वीरभद्र सिंह राजकीय महाविद्यालय सीमा में 30 अप्रैल को एक भव्य प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर देश की अनेक प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के कैरियर गाईडेंस एवं प्लेसमेंट सेल और बी-वॉक विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में किया जाएगा। इस मेगा प्लेसमेंट ड्राइव में बीवॉक, बीबीए, बीसीए, बीए, बी एससी, बीकॉम के अंतिम वर्ष के छात्र एवं छात्राएं और स्नातकोत्तर कक्षाओं के छात्र-छात्राएँ और स्नातक पास आउट विद्यार्थी भी भाग लेने के लिए पात्र होंगे। ड्राइव के माध्यम से लगभग 750 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को 18 हजार रुपये से 22 हजार रुपये तक का मासिक वेतन और विशेष योग्यताओं के आधार पर 30 हजार रुपये तक वेतन दिया जाएगा। कॉलेज प्राचार्य डॉ. ललिता रावत ने छात्रों से आग्रह किया है कि इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं। (अनंत ज्ञान)

### आयुषी का जुन्गा में किया जोरदार स्वागत

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में 325वां रेंक प्राप्त करने पर आयुषी ठाकुर का वीरवार को जुन्गा में लोगों ने फूलमालाओं के साथ गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया तथा इनके सम्मान में पंचायत घर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयुषी का चयन भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के लिए हुआ है। इस मौके पर आयुषी ठाकुर ने कहा कि बदलते परिवेश में भी ग्रामीण क्षेत्रों में बेटे की तुलना में बेटियों की शिक्षा पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता है क्योंकि बेटियों को पराए घर का धन माना जाता है जबकि बेटियां वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हर क्षेत्र में आगे भी बढ़ रही है और उन्होंने बेटियों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। इन्होने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता को दिया है । उन्होंने शिक्षित युवाओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि आगे बढ़ने के लिए अपना लक्ष्य ऊंचा रखे , जिसे हासिल करने में कई बार असफलता का सामना भी करना पड़ता है, उससे घबराएं नहीं बल्कि उससे प्रेरणा लें और एक दिन सफलता आपके चरणों को चूमेंगी। इस मौके पर तहसीलदार जुन्गा नरायण वर्मा, प्रधान बंसी लाल कश्यप, प्रधान मदन मोहन के अतिरिक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश कौशल, सचिव रमेश सोनी, मेनेजर राज्य सहकारी बैंक, ग्रामीण बैंक, सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे ।

### शिलारू फल मंडी में दुकानों की ऑक्शन 3 मई को

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** शिलारू फल मंडी में दुकानों की ऑक्शन 3 मई को होगी। एपीएमसी शिमला किन्नौर के अध्यक्ष देवानंद वर्मा ने कहा कि इछुक व्यक्ति 30 अप्रैल तक दुकान ऑक्शन करने के फॉर्म एपीएमसी कार्यालय शिमला में जमा कर सकते हैं। बताते चलें कि शिलारू सेब मंडी के निर्माण पर 19 करोड़ 34 लख रुपए व्यय हुए हैं। शिलारू सेब मंडी में आड़तीयों के लिए 28 दुकाने बनाई गई है। इसके अलावा 28 अन्य दुकानें हैं। एपीएमसी चेयरमैन ने बताया कि आगामी सेब सीजन को देखते हुए मंडी का उद्घाटन 20 मई के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू करेंगे। उन्होंने बताया कि उपरोक्त सब्जी मंडी बनने से शिमला के अलावा किन्नौर, करसोग, रामपुर, निरमंड, रोहडू क्षेत्र के बागवानों को विशेष लाभ होगा। सेब उत्पादकों को एक छत के नीचे सेब बेचने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा कार पार्किंग, ट्रकों की लोडिंग अनलोडिंग की सुविधा भी इस आधुनिक सुविधाओं से लैस सब्जी मंडी में होगी। बताते चलें कि 8 किलोमीटर के दायरे में कोई भी आड़ ती सड़क किनारे सेब का व्यापार नहीं कर सकेगा। इस मंडी की फिनिशिंग आदि का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। 20 मई के बाद सेब मंडी के उद्घाटन की घोषणा कभी भी हो सकती है।

### आतंकी हमले के विरोध में बाजार किया बंद

**अनंत ज्ञान, शिमला।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ राजधानी शिमला में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। हमले में बेगुनाह सैलानियों को निशाना बनाए जाने से आक्रोशित लोगों ने बुधवार को विभिन्न हिन्दू संगठनों के बैनर तले उपायुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर आतंकवाद के खिलाफ कड़ी नाराजगी जताई। वहीं वीरवार को शिमला के व्यापारियों ने इस घटना के विरोध में आधे दिन का बाजार बंद रखकर अपना विरोध दर्ज करवाया।

# वर्कर्स यूनियन ने मांगों को लेकर बोला हल्ला

## मजदूरों के अधिकारों को कुचलने को लेकर हाइड्रो इलेक्ट्रिक परियोजना का काम ठप

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**



### कंपनी प्रबंधन ने मांगों को मानने का दिया भरोसा

**इन** सभी मांगों पर यूनियन पदाधिकारियों व कंपनी प्रबंधन के मध्य लगभग दो घंटे वार्ता चली। वार्ता में मजदूरों की मांगों को पूर्ण करने पर सहमति बनी। आपसी सहमति पर कंपनी प्रबंधन ने मजदूरों को साल में तीस दिन लीव सैलरी का भुगतान करने का निर्णय लिया है। कंपनी प्रबंधन ने मजदूरों को प्रतिमाह एक हजार रुपए का धूल भत्ता देने का निर्णय लिया है। मजदूरों को श्रेणी अनुसार वेतन दिया जाएगा।

**सीटू से संबंधित वर्कर्स हुए प्रदर्शन में शामिल**

### समझौता लागू नहीं किया, तो 1 मई को फिर होगा प्रदर्शन

**सभी** मजदूरों के ईएसआई पंजीकरण की प्रक्रिया तीन दिन के भीतर पूर्ण की जाएगी। यूनियन ने चेतावनी दी है कि अगर समझौते को पूर्ण रूप से लागू न किया गया तो एक मई को प्रदर्शन होगा व मजदूरों की मांगों को लेकर बीस मई को हड़ताल होगी।

**सीटू** से संबंधित सुन्नी डैम हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन ने सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड व ऋत्विक प्रबंधन द्वारा मजदूरों के अधिकारों को कुचलने को लेकर परियोजना का काम पूरी तरह से बंद रखा और अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए पूर्ण हड़ताल की। इस हड़ताल में सैकड़ों मजदूरों ने भाग लिया, जिसमें सीटू से संबंधित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। जिन्होंने इस हड़ताल में पूर्ण सहयोग किया।

हड़ताल में सीटू राज्य अध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, जिला अध्यक्ष कुलदीप डोगरा, विवेक कश्यप, किसान सभा सुन्नी डैम इकाई से कुंदन शर्मा, भीमी शर्मा यूनियन अध्यक्ष ओम प्रकाश, महासचिव प्रेम प्रकाश, दुष्यंत, प्रेम, हेमराज, संदीप और हेमराज सहित सेंकड़ों मज़दूरों शामिल रहे। मजदूर नेताओं ने मजदूरों को संबंधित करते हुए कहा कि सुन्नी डैम हाइड्रो में सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड व ऋत्विक प्रबंधन द्वारा श्रम कानूनों की खुली उल्लंघना की जा रही है, जिसमें परियोजना में मजदूरों को न्यूनतम वेतन नहीं दिया जा रहा है, मजदूरों से कुशल श्रेणी का काम करवाया जा रहा है और वेतन अकुशल श्रेणी का दिया जा रहा है। अवकाश वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। मजदूरों को आई कार्ड नही है। मजदूरों का ईपीएफ जमा नहीं किया जा रहा है। पीने के पानी और रहने की उचित व्यवस्था नहीं है। (अनंत ज्ञान)

# एसडीएम मंजीत शर्मा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किए प्रशिक्षु



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**उपायुक्त** कार्यालय शिमला के बचत भवन सभागार में आपदा प्रबंधन के अंतर्गत भीड़ प्रबंधन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन उपमंडलाधिकारी शिमला (ग्रामीण) मंजीत शर्मा ने किया। मंजीत शर्मा ने 3 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के सभी प्रशिक्षुओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

शिविर के अंतिम दिन सभी प्रतिभागियों को 4 ग्रुप में विभाजित किया गया। सभी चार ग्रुप ने समर फेस्टिवल, विंटर कार्निवाल, डिस्ट्रिक्ट इमरजेंसी ऑपरेशन एवं मास कसुअलिटी मैनेजमेंट इवेंट इन हॉस्पिटल पर अपनी अपनी प्रेजेंटेशन दी।

विषय विशेषज्ञ कर्नल वीएन सुपनेकर ने भीड़ प्रबंधन पर तीन दिवसीय कार्यशाला में विभिन्न पहलुओं पर अपनी विस्तृत बात रखी। कार्यशाला में राजस्व, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, आर्मी, एसडीआरएफ, पुलिस, गैर सरकारी संगठन, सूचना एवं जनसम्पर्क, अग्निशमन, गृह रक्षक, सिविल डिफेन्स, जल शक्ति, मंदिर प्रबंधन एवं अन्य विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

# रामपुर में लगाए पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे

## पहलगाम में हिंदुओं पर हुए जिहादी हमले के विरोध में निकाली रैली

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर**

**पहलगाम** में हिंदुओं पर हुए जिहादी हमले के विरोध में वीरवार को रामपुर में सभी हिंदू संगठनों ने मिलकर संयुक्त रूप से रैली निकाली। रैली में पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। बाजार होते हुए पुराना बस अड्डा पर रैली का समापन किया गया। रैली मे एडवोकेट विनय शर्मा, समाज सेवक दंडी स्वामी, विश्व हिंदू परिषद के विष्णु शर्मा, सर्व हितकारी व्यापार मंडल अध्यक्ष चिन्मय शर्मा, रामपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक सूद, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष हरीश गुप्ता विशेष रूप से मौजूद रहे।

इस दौरान पुराना बस अड्डा पर पाकिस्तान का पुतला फूंका गया। इस मौके पर सभी वक्ताओं ने अपने संबोधन में रामपुर के समीप ब्रो में बीते दिनों हुई लव जिहाद जैसी घटना पर रोष जताया गया। सभी वक्ताओं ने धर्म विशेष के लोगों का सामाजिक बहिष्कार करने की लोगों से अपील की। (अनंत ज्ञान)



### पहलगाम हमले के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** पहलगाम में हुए अमानवीय आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए वीरवार को आस्था पब्लिक स्कूल और खंड विकास कार्यालय टूटू के अधिकारी स्टाफ और टूटू ब्लॉक के अंतर्गत आने वाला सीएलएफ आरोही की महिलाओं ने एक शांतिपूर्ण कैंडल मार्च निकाला गया। इस मार्च का आयोजन खंड विकास अधिकारी कार्तिकेय शर्मा व दुधालटी पंचायत के प्रधान देवेंद्र ठाकुर के द्वारा किया गया, इसमें बड़ी संख्या में स्कूल के बच्चों, स्थानीय युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं व महिलाओं ने भाग लिया। मार्च की शुरुआत आस्था पब्लिक स्कूल बनुटी से हुई और बनुटी बाजार से होते हुए ब्लॉक परिसर पर श्रद्धांजलि सभा के साथ समाप्त हुई।

# सुन्नी में सीवरेज ट्रीटमेंट संयंत्र से फैल रही दुर्गंध को लेकर प्रशासन हुआ सख्त

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

सुन्नी में सीवरेज ट्रीटमेंट संयंत्र से फैल रही दुर्गंध का मामला गहराता जा रहा है। इस समस्या को लेकर नगर परिषद सुन्नी के वार्ड संख्या 4 और 5 के बाशिंदों को खासी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड वासियों का कहना है कि सुबह शाम इस संयंत्र से गंदी दुर्गंध आती है जिस कारण इसके इर्द-गिर्द लोगों का रहना मुश्किल ही नहीं बल्कि नामुमकिन हो गया है। वार्डवासियों द्वारा प्रशासन को कई मर्तबा लिखित तौर पर समस्या से अवगत करवाया गया, लेकिन विभागीय अधिकारी से केवल आश्वासन के सिवाय कुछ न मिला।

वीरवार को तहसील कार्यालय सुन्नी में तहसीलदार सुन्नी चंद्र मोहन ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान वार्डवासियों की समस्या को सुना गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों सहित वार्डवासी भी मौजूद रहे। इस दौरान तहसीलदार द्वारा संयंत्र के निरीक्षण के लिए कमेटी गठित करने की बात कही गई। कमेटी में उपमंडलाधिकारी सुन्नी में मुख्य तौर से शामिल रहेंगे और कमेटी द्वारा माह में दो बार संयंत्र का निरीक्षण किया जाएगा।

बैठक के दौरान इस प्लांट को सुन्नी काली मंदिर परिसर से कुछ मीटर की दूरी पर बनवाना निर्माण कर्ताओं और विभाग की सबसे बड़ी भूल के भी आरोप लगाए गए तथा अब इसका सही संचालन न करने पर भी सवाल खड़े कर दिए।

बता दें कि संयंत्र को बने केवल मात्र दो वर्ष हुए है और मात्र दो वर्षों के भीतर ही मशीने हांफने लगी हैं। ऐसे में संयंत्र से दुर्गंध फैलना भी दुर्भाग्यपूर्ण है।बैठक के दौरान जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता ने संयंत्र में खराबी और मोटर शाफ्ट खराब होने का हवाला दिया। इस दौरान समाजसेविका सीमा सोनी, अध्यक्ष व्यापार मंडल सुन्नी टेक चंद सहित दर्जनों वार्ड वासी भी मौजूद रहे।



बैठक में उपस्थित तहसीलदार सुन्नी और वार्ड वासी हिस्सा लेते हुए।

**तहसीलदार सुन्नी ने बैठक में कमेटी गठित करने का किया एलान**

# मिनी मैराथन में अनिश चंदेल मानसी ने पाया पहला स्थान

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता में जिला स्तरीय बैसाखी नलवाड़ मेले के अंतर्गत मिनी मैराथन दौड़ का सफल आयोजन किया गया। यह दौड़ सुबह 6:30 बजे झंडूता के मुख्य बाजार से शुरू होकर बरोहा चौक होते हुए वापस बाजार में समाप्त हुई। लगभग 6 किलोमीटर लंबी इस दौड़ में जिला भर के विभिन्न क्षेत्रों से आए धावकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। मैराथन में लड़कों की श्रेणी में अनिश चंदेल ने प्रथम स्थान हासिल कर 3100 रुपए का नकद पुरस्कार जीता। अनमोल कुमार उपविजेता रहे और उन्हें 2100 रुपए, जबकि मनीष कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त कर 1100 रुपए का पुरस्कार हासिल किया। लड़कियों की श्रेणी में मानसी ने पहला स्थान प्राप्त कर 3100 रुपए, प्रिया ने दूसरा स्थान प्राप्त कर 2100 और विपाशा ने तीसरा स्थान हासिल कर 1100 का पुरस्कार जीता। पुरस्कारों का वितरण मुख्यातिथि उपमंडलीय अधिकारी कुनिका अर्ष ने किया। व्यापार मंडल झंडूता के प्रधान प्रशांत शर्मा ने बताया कि इस मैराथन में विभिन्न विभागों के लोगों ने भाग लिया और आयोजन को भव्य बनाने में सहयोग दिया। मुख्य अतिथि कुनिका अर्ष ने कहा कि यह दौड़ झंडूता बाजार से बरोहा तक आयोजित की गई, जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने उत्साह दिखाया।

### झंडूता में कल चार घंटे बंद रहेंगी दुकानें

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** पहलगाम में आतंकवादी हमले के खिलाफ झंडूता में आक्रोश की लहर है। इस जघन्य हत्याकांड के विरोध में व्यापार मंडल झंडूता ने 26 अप्रैल को सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बंद रखने का फैसला किया है। व्यापार मंडल झंडूता के प्रधान प्रशांत शर्मा ने इस बंद की घोषणा करते हुए कहा यह बंद आतंकवाद के खिलाफ हमारी एकजुटता और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करने का एक माध्यम है।

# सीर में मलबा फेंकना पीडब्ल्यूडी को पड़ा भारी

## प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बिलासपुर ने विभाग पर ठोंका एक लाख रुपए का जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

पर्यावरणीय नियमों की अनदेखी करना लोनिवि (लोक निर्माण विभाग) घुमारवीं को महंगा पड़ गया है। सीर खड्ड पर चल रहे पुल के नवीनीकरण कार्य के दौरान निर्माण से निकले मलबे को सीधे खड्ड में फेंकने के आरोप में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, बिलासपुर ने विभाग पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। प्रदूषण बोर्ड को स्थानीय लोगों की ओर से शिकायत प्राप्त हुई थी कि पुल के निर्माण कार्य से उत्पन्न मलबा बिना किसी अनुमति के खड्ड में डाला जा रहा है।

यह मलबा न केवल खड्ड के प्राकृतिक बहाव को बाधित कर रहा था, बल्कि इससे जल प्रदूषण की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो रही थी। लोगों का कहना है कि खड्ड का पानी दूषित हो गया था और मछलियों समेत अन्य जलजीवों के जीवन पर भी खतरा मंडराने लगा था। शिकायत के बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि भारी मात्रा में मलबा सीधे खड्ड में डाला जा रहा था और किसी भी प्रकार की सुरक्षा या संरक्षण की व्यवस्था नहीं की गई थी। बोर्ड ने इसे गंभीर उल्लंघन मानते हुए तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की और लोनिवि घुमारवीं को एक लाख रुपए का जुर्माना थमा दिया।

क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी ने बताया कि पर्यावरणीय नियमों के अनुसार किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य के दौरान उत्पन्न मलबे का निस्तारण तय मानकों के अनुरूप किया जाना आवश्यक होता है। उन्होंने कहा कि सीर खड्ड जैसे प्राकृतिक जलस्रोत में इस तरह मलबा डालना न केवल अवैध है, बल्कि यह स्थानीय जैवविविधता के लिए भी खतरनाक है। ऐसे मामलों में विभागीय लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है और अन्य निर्माण एजेंसियों के लिए भी यह एक चेतावनी स्वरूप माना जा रहा है। पर्यावरण प्रेमियों और स्थानीय निवासियों ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की है। लोगों ने मांग की है कि भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए, ताकि प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा की जा सके। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से भी अपील की जा रही है कि निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए और मलबे के वैज्ञानिक निस्तारण को अनिवार्य बनाया जाए। इस घटनाक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब पर्यावरणीय कानूनों की अनदेखी करने वाले विभागों को जवाबदेह ठहराया जाएगा।

**खड्ड का पानी होने लगा था दूषित मछलियों के जीवन पर हो गया था खतरा**

> नियमों की अवहेलना करने वालों को बिलकुल भी बख्शा नहीं जाएगा। सीर खड्ड में मलबे को फेंका जा रहा था, जिसके चलते एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। अगर कहीं पर भी इस तरह से मलबा फेंका जा रहा है, तो प्रदूषण बोर्ड को सूचित करें।
>
> **-पवन शर्मा, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी, बिलासपुर।**



### 7.7 ग्राम चिट्टे के साथ दो युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मंगलवार शाम मसौर मोड़ के पास दो व्यक्तियों को चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मसौर मोड़ के समीप एक स्कूटी को शक के आधार पर रोका गया। स्कूटी घुमारवीं की ओर आ रही थी। तलाशी के दौरान स्कूटी चालक संदीप निवासी टिक्करी, तहसील घुमारवीं, जिला बिलासपुर, उम्र 45 वर्ष और उसके पीछे बैठे लक्की चन्देल निवासी हारकुकार, तहसील घुमारवीं, जिला बिलासपुर उम्र 29 वर्ष के पास से 7.7 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। इस संबंध में पुलिस थाना घुमारवीं में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने नशे के खिलाफ अभियान को और सख्त करने की बात कही है और आम जनता से भी अपील की है कि वे नशे से संबंधित किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### हर्षोल्लास से मनाया राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के उपलक्ष्य में जिला पंचायत संसाधन केंद्र बिलासपुर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष विमला देवी ने की। इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष मान सिंह, समस्त जिला परिषद सदस्यगण, जिला पंचायत अधिकारी तिलक राज, सचिव जिला परिषद, जिला पंचायत कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी तथा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। जिला परिषद अध्यक्ष विमला देवी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम स्तर पर सुशासन को सुदृढ़ करना तथा पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका को और अधिक प्रभावशाली बनाना है। कार्यक्रम में विकास खण्ड सदर से संबंधित महिला मंडलों की महिलाओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा जल संरक्षण, स्वच्छता जागरूकता, स्थायी स्वच्छता प्रथाएं तथा पंचायत स्तर पर सामुदायिक विकास से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विचार साझा किए गए। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने जल संरक्षण एवं स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की आवश्यकता पर बल दिया तथा इन प्रथाओं को जन-जन तक पहुंचाने हेतु सभी ने सामूहिक रूप से शपथ ली।

**रोष रैली** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर किए आतंकी हमले के विरोध में बिलासपुर रहा बंद, निकाली रोष रैली

# पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में पर्यटकों पर हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले के विरोध में वीरवार को बिलासपुर जिला मुख्यालय सहित आसपास के कई बाजार दोपहर तक पूरी तरह बंद रहे। इस हमले के खिलाफ जन आक्रोश फूट पड़ा और व्यापारियों के साथ-साथ हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। बिलासपुर के नगर परिषद रेस्ट हाउस से लेकर चंगर सेक्टर स्थित शहीद स्मारक तक एक विशाल रोष रैली निकाली गई।

इस रैली में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, व्यापारी, युवाओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की और पुतला जलाया। साथ ही आतंकियों को पनाह देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। रैली का समापन शहीद स्मारक पर हुआ, जहां विभिन्न हिंदू संगठनों के नेताओं ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर निर्णायक लड़ाई लड़े।

उन्होंने कहा कि निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाना मानवता पर हमला है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। हिंदू नेताओं ने केंद्र सरकार से मांग की कि आतंकवादियों को संरक्षण देने वाले मुल्कों पर नकेल कसी जाए और ऐसी घटनाओं को दोबारा न होने देने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। साथ ही, शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई और दो मिनट का मौन रखकर आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई।




बिलासपुर में सड़कों पर उतरे विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता व आम लोग।

# जिला बार संघ ने की पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर में जिला बार संघ की आपात बैठक आयोजित की गई। इसमें पहलगाम में हुए आतंकी हमले की पुरजोर निंदा की गई तथा इस हमले में मारे गए निरअपराध लोगों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। इस बैठक की अध्यक्षता जिला बार संघ के अध्यक्ष श्याम लाल ठाकुर ने की। न्होंने कहा कि देश की एकता अखंडता और सुरक्षा को मध्य नगर रखते हुए केंद्र सरकार को आरोपियों के खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। इसके उपरांत बार संघ के सभी सदस्य उपायुक्त से मिलने भी गए और उनके माध्यम से एक ज्ञापन प्रेषित किया। इस ज्ञापन को राज्यपाल तथा राष्ट्रपति तक पहुंचाने का आग्रह किया गया है। इस अवसर पर जिला बार संघ के उपाध्यक्ष अमर सिंह, महासचिव दलजीत संधू, संयुक्त सचिव विनोद राणा तथा प्रेस सचिव पंकज वर्मा भी उपस्थित रहे।

### पहलगाम हत्याकांड पर प्रकट किया शोक

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिलासपुर लेखक संघ की आपात बैठक घुमारवीं में आयोजित की गई, जिसमें पहलगाम घटना पर शोक प्रकट किया गया। संघ के महासचिव रविंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि बैठक में सभी सदस्यों ने कहा कि इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। घाटी में अस्थिरता का माहौल पैदा करने की कोशिश की जा रही है। यह घटना मानवता को शर्मशार करने वाली है। संघ द्वारा एक शोक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें केंद्र सरकार से मांग की गई कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए तुरंत कदम उठाए जाएं तथा आतंकवादियों के आका पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए तुरंत उपयुक्त कार्रवाई करे। हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया

# मिनर्वा माइंड गार्डन स्मार्ट प्ले स्कूल की दूसरी वर्षगांठ पर नए कैंपस का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

मिनर्वा माइंड गार्डन स्मार्ट प्ले स्कूल की दूसरी वर्षगांठ पर नए कैंपस का शुभारंभ किया गया। घुमारवीं के लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह के समीप स्थित इस नए परिसर का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। खास बात यह रही कि इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक प्रवेश चंदेल और राकेश चंदेल की माता सावित्री देवी ने फीता काटकर विधिवत रूप से कैंपस का उद्घाटन किया। विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ विधिवत कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल ने बताया कि साइंटिफिक तरीके से मिनर्वा माइंड गार्डन स्मार्ट प्ले स्कूल में बच्चों को पढ़ाया जाता है। एक्टिविटी के साथ बच्चों को हर चीज के बारे में बताया जाता है जिसे जानने के लिए वे उत्सुक होते हैं। एक वर्ष पूर्व प्ले स्कूल को शुरू किया गया था, जिसे अब नए कैंसप में शिफ्ट किया गया है। प्रवेश चंदेल ने कहा कि बच्चों के अभिभावकों का खूब सहयोग मिल रहा है जिसके लिए वे उनका आभार प्रकट करते हैं।

लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया और अध्यापकों की लग्न व मेहनत के बाद प्ले स्कूल दूसरे वर्ष में प्रवेश किया है। उन्होंने कहा कि बच्चा कैसे एक्टिविटी के साथ पढ़ सके इसका ध्यान रखा जाता है। समय समय पर अध्यापकों को भी प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि बच्चे की पढ़ाई में किसी प्रकार की कमी न रह जाये। सभी अध्यापक अपने कार्य मे दक्ष हैं। यहां बच्चे अपने अध्यापकों के साथ पारिवारिक वातावरण में रहते हैं। प्रवेश चंदेल ने कहा कि खेल-खेल में पढ़ने से बच्चों को भावनात्मक तनाव से राहत मिलती है, साथ ही सहजता को बढ़ावा मिलता है। खेल-खेल में सीखने से बच्चों का मन शांत हो सकता है, जो उनके लिए सुकून देने वाला हो सकता है। दूसरों के साथ खेलने से आत्मविश्वास भी बढ़ता है, जिससे उन्हें अपने बारे में सकारात्मक महसूस करने में मदद मिलती है। कार्यक्रम में राकेश चंदेल, विनय शर्मा, अनु चंदेल, आरती चंदेल, प्रशांत, कर्तव्य चंदेल आदि मौजूद रहे।



मिनर्वा माइंड गार्डन स्मार्ट प्ले स्कूल के नए कैंपस का उद्घाटन करते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### आदिदेव ने जेईई मेन में झटके 99.33 परसेंटाइल



**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** डलहौजी के आदिदेव राठौर ने जेईई मेन 2025 परीक्षा में 99.33 परसेंटाइल हासिल कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। यह सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और लगन का जीवंत प्रमाण है। आदिदेव राठौर प्रारंभ से ही एक मेधावी छात्र रहे हैं। उन्होंने आईसीएसई बोर्ड की 10वीं परीक्षा में 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय पहले ही दे दिया था। अब उनका लक्ष्य कंप्यूटर इंजीनियरिंग में उत्कृष्टता प्राप्त कर देश और समाज की सेवा करना है। आदिदेव की सफलता की प्रेरणा उनके घर से ही आती है। उनकी बड़ी बहन सुहानी राठौर, गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज चंबा में द्वितीय वर्ष की एमबीबीएस छात्रा हैं। परिवार में शिक्षा को सर्वोपरि मानने वाला यह माहौल ही दोनों भाई-बहनों की सफलता की नींव बना।

### छात्रों को वेब तकनीकों पर किया जाएगा जागरूक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय महाविद्यालय चंबा के बीसीए विभाग के तत्वाधान में 'वेब डेवलपमेंट एवं वेब सिक्योरिटी' विषय पर एक 15 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 21 अप्रैल से 5 मई तक किया जा रहा है। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक वेब तकनीकों और वेब सुरक्षा से संबंधित गहन और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है। बीसीए विभाग के समन्वयक डॉ. तेज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यशाला में बीसीए छठे सेमेस्टर के विद्यार्थी पूरे उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने के लिए राजस्थान के कोटा शहर से आई एएसडी अकादमी कोटा की सीईओ रिद्धि सोराल कार्यशाला का संचालन कर रही हैं, जो इस क्षेत्र की जानी-मानी विशेषज्ञ हैं।

### सुंदरनगर में प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी द्वारा प्रदेश वन अकादमी सुंदरनगर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यह कार्यशाला 24 से 26 अप्रैल तक चलेगी। कार्यशाला का शुभारंभ गुरुवार को एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी और प्रदेश वन अकादमी के निदेशक सुभाष पराशर की उपस्थिति में हुआ। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य वनाग्नि की रोकथाम और नियंत्रण के लिए प्रतिभागियों को आवश्यक कौशल और जानकारी प्रदान करना है, जिससे प्राकृतिक संपदा और जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। बता दें कि इस कार्यशाला में वन विभाग, राजस्व विभाग, अग्निशमन सेवा, पुलिस, होमगार्ड, एसडीआरएफ मंडी, एनसीसी, एनएसएस, बीडीओ कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, पंचायती राज संस्थाएं और कई गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। एसडीएम अमर नेगी और निदेशक सुभाष पराशर ने आशा व्यक्त की कि यह कार्यशाला वनाग्नि प्रबंधन में एक मील का पत्थर साबित होगी और क्षेत्र को अधिक सुरक्षित बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।

### डॉ. दिव्या गुप्ता ने रोपा अनार का पौधा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ. दिव्या गुप्ता ने अपने चंबा प्रवास के दौरान उपायुक्त कार्यालय परिसर में अनार का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया। उनका यह कदम न केवल हरियाली बढ़ाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है, बल्कि बच्चों और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित और प्राकृतिक वातावरण देने की प्रतिबद्धता भी दर्शाता है। इस अवसर पर उपायुक्त मुकेश रेपसवाल, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा, सहायक आयुक्त पीपी सिंह और जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास) कमल किशोर शर्मा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए पर्यावरणीय जागरूकता को व्यवहार में उतारने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. गुप्ता ने कहा कि 'प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना सिर्फ एक सरकारी दायित्व नहीं बल्कि हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है।

### बरोट व लपास में लगाई जाए एटीएम मशीन

**रूपी ठाकुर, बरोट।** छोटा भंगाल व चौहार घाटी के समस्त लोगों की बेहतर सुविधा के लिए मुल्थान में पंजाब नैशनल बैंक बरोट में हिमाचल राज्य सहकारी बैंक व ग्रामीण बैंक तथा टिक्कन में पंजाब नैशनल बैंक की शाखाएं तो स्थापित कर रखी है, मगर अभी तक मुल्थान तथा टिक्कन में स्थापित किए गए पंजाब नैशनल बैंक शाखा में ही एटीएम स्थापित की गई है। बरोट पंचायत निवासी दान सिंह, मोहन लाल, अनिल सूद, नरेश कुमार, अंजू कुमार, रमेश कुमार, लाल सिंह, विनोद कुमार आदि का कहना है कि बरोट, लपास तथा वरधान पंचायत के लोगों की सुविधा के लिए एटीएम को स्थापित ही नहीं किया गया है। रात के समय पैसों की सख्त जरूरत पड़ने पर उन्हें लगभग 6 से 15 किमी दूर मुल्थान या टिक्कन जाकर एटीएम से पैसे निकालने पड़ते है, इसलिए उन्हें भारी परेशानिया का सामना करना पड़ता हैं। इन लोगों सहित पंचायतों के समस्त लोगों ने बरोट में स्थित सहकारी बैंक शाखा या ग्रामीण बैंक शाखा एटीएम स्थापित करने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

### मणिकर्ण प्रवास पर जाएंगे बड़ा देव मतलोड़ा

**नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी।** जिला मंडी की सराज घाटी के महामहिम बड़ा देव देव मतलोड़ा 25 अप्रैल को प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मणिकर्ण के लिए रवाना होंगे। देवता के हारीयान कौर सिंह ठाकुर ने बताया कि इस बार देवता 13 साल बाद पवित्र तीर्थ में स्नान करने के लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देवता 25 अप्रैल को चोठ कोठी से प्रस्थान करेंगे और रात्रि विश्राम मांझी हार के एक गांव में किया जाएगा। 26 अप्रैल को देवता पनारसा में और 27 को भूंतर में ठहराव होगा। 30 अप्रैल को मणिकर्ण तीर्थ में देवता अपने हारीयानों के साथ स्नान करेंगे। क्या है विशेष- देवता के प्रवास कार्यक्रम में इस बार देऊलूओ की ऐतिहासिक उपस्थिति दर्ज होगी। देव कमेटी के अध्यक्ष ओम प्रकाश एवं कारदार बीरबल का कहना है कि देवता के साथ इस दौरान 5 हजार से भी ज्यादा देऊलू पैदल शामिल रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

# चरस तस्कर को 3 साल की कैद

## विशेष न्यायाधीश चंबा की अदालत ने सुनाया फैसला, 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**विशेष** न्यायाधीश द्वितीय, चंबा मोहित बंसल की अदालत ने वीरवार को नशीले पदार्थों की तस्करी के एक गंभीर मामले में आरोपी नसीरु पुत्र रोशन दीन, निवासी गांव बोहली, जिला चंबा को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के तहत तीन वर्ष की कठोर कैद तथा 20,000 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न चुकाने की स्थिति में अतिरिक्त तीन महीने की कठोर कैद भुगतनी होगी।

**जुर्माना अदा न करने पर भुगतना होगा तीन माह का अतिरिक्त कारावास**

मामले के अनुसार, दिनांक 23 नवंबर 2019 को एएसआई करतार सिंह पुलिस टीम के साथ बालू चौक, टिस्सा-साहू रोड पर मौजूद थे, तभी उन्हें गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति नया बालू पुल के पास भारी मात्रा में चरस लेकर खड़ा है। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और एक संदिग्ध को अनमोल हार्डवेयर स्टोर के पास खड़ा पाया। जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली, तो नीले रंग के बैग में सफेद पॉलिथीन से काली रंग की सख्त छड़ियों और बंडलों के रूप में 706 ग्राम चरस बरामद हुई। मामले की तफ्तीश थाना सदर चंबा द्वारा की गई और न्यायालय में कुल 16 गवाहों की गवाही पेश की गई। साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराते हुए अदालत ने यह सजा सुनाई। राज्य की ओर से मामले की पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक सतीश कुमार द्वारा की गई।

## डलहौजी पुलिस व आबकारी विभाग ने ट्रक से शराब की 102 पेटियां पकड़ी, चालक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



**डलहौजी** पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक बहुत बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस को सूचना मिली कि एक ट्रक एचपी 64ए 4163 जो कि शराब की पेटियों को ला रहा है। डलहौजी पुलिस की टीम व आबकारी विभाग की टीम ने रात को 1:30 से 2:00 बजे के बीच बनीखेत खैरी पुल पर नाका लगाया था। तलाशी के दौरान ट्रक से शराब की 102 पेटियां बरामद हुई। इसमें देसी शराब ऊना नंबर वन की 49 पेटियां, अंग्रेजी शराब रॉयल स्टैग की 15 पेटियां और मैकडॉवेल की 38 पेटियां शामिल थी। चालक की पहचान कार्तिक ठाकुर (30) डाकखाना रंझू तहसील धीरा जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। मौके पर चालक कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा सका। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जांच में पाया कि यह शराब चोहड़ा क्षेत्र में सप्लाई की जानी थी। थाना प्रभारी डलहौजी जगबीर ठाकुर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस नशे खिलाफ तेजी से कार्रवाई कर रही है और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## जंगल के रास्ते में युवती को चाकू दिखाकर अगवा करने का प्रयास

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिले में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक युवती पर नकाबपोश युवक ने जानलेवा हमला कर उसे अगवा करने की कोशिश की। इस घटना ने इलाके में दहशत फैला दी है। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सुबह करीब 9:15 बजे अपने घर से चंबा की ओर जा रही थी। घर से पल्यूर तक जाने के लिए उसे एक घना जंगल पार करना पड़ता है। जब वह टेकरी क्षेत्र में पहुंची, तो वहां एक नकाबपोश युवक पीली हुडी और स्कूल यूनिफॉर्म जैसी पैंट पहने बैठा था। उसे देखकर युवक ने हाथ में चाकू लहराया और रास्ता रोकते हुए उसका मुंह दबाकर जबरन झाड़ियों की ओर खींचने लगा।

**बहादुर युवती ने अंगुली काटकर खुद को बचाया आरोपी फरार**

इस खौफनाक मंजर में युवती ने साहस दिखाते हुए हमलावर की अंगुली काट दी और जोर से चीख-पुकार की, जिसे सुनकर उसके दादा और चचेरा भाई मौके पर पहुंचे। हमलावर युवती को धक्का देकर भाग निकला, लेकिन भागते समय वह चाकू फेंक गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से चाकू जब्त किया। पीड़िता को हल्की खरोंचें आई हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एफआईआर नंबर 90/25 दिनांक 23 अप्रैल को अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चंबा पुलिस का कहना है कि अभियुक्त की पहचान के प्रयास जारी हैं और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस घटना ने जंगल क्षेत्र में आवाजाही कर रही महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# आतंकी हमले के विरोध में निकाली रोष रैली

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



**पहलगांव** में हुए आतंकी हमले के विरोध में डलहौजी व बनीखेत में रोष रैली निकाली गई। डलहौजी में स्थानीय लोगों व पर्यटकों ने गांधी चौक से सुभाष चौक और सुभाष चौक से गांधी चौक तक रैली निकालकर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। बनीखेत में व्यापार मंडल और युवा यूथ क्लब बनीखेत में आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए पद्दर ग्राउंड से बाजार होते हुए बस स्टैंड तक रैली निकाली। जिसमें की बनीखेत के स्थानीय लोगों और दुकानों ने पूरा साथ दिया। पाकिस्तान का पुतला जलाकर रोष प्रकट किया। डलहौजी में व्यापार मंडल और स्थानीय लोगों द्वारा रैली के माध्यम से राष्ट्रपति व केंद्र सरकार को डलहौजी उपमंडल अधिकारी अनिल भारद्वाज को संयुक्त ज्ञापन सोपा गया। बनीखेत में डलहौजी शिव शक्ति क्लब और यूथ क्लब बनीखेत द्वारा पाकिस्तानी पुतला जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। वहीं डलहौजी विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश संयोजक चतर सिंह ने कहा है कि सरकार को चाहिए कि इन आतंकवादियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

### चंबा में राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच ने किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हिंदू तीर्थयात्रियों की नृशंस हत्या के विरोध में आज राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच, जिला चंबा ने चंबा नगर में एक जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में मंच के जिला अध्यक्ष श्री राकेश विज, महिला मोर्चा की अध्यक्षा नीलम जसवाल सहित अनेक पदाधिकारी, सदस्य और सनातन समर्थक शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान राकेश विज ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम सब एकजुट होकर आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकें। हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार अब और सहन नहीं किए जाएंगे। जो देश आतंक का गढ़ बना हुआ है, उसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर बेनकाब कर उसे उसकी औकात दिखानी होगी। वहीं महिला मोर्चा अध्यक्षा नीलम जसवाल ने कहा कि मासूम हिंदू तीर्थयात्रियों पर हमला, मानवता के मुंह पर तमाचा है। अगर आज चुप रहे तो आने वाली पीढ़ियां हमें माफ नहीं करेंगी। प्रदर्शनकारियों ने चंबा मुख्य बाज़ार में मार्च निकालते हुए सरकार से मांग की कि पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद को नेस्तनाबूद किया जाए।

# पांगी घाटी में 33/11 केवी लाइन की ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया शुरू : ललित

**आरके सहगल, चंबा**



**एपीएमसी** चेयरमैन ललित ठाकुर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से एक अहम जानकारी साझा करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा पांगी घाटी में 33/11 केवी विद्युत लाइन के लिए ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह कार्रवाई सीएम सुक्खू जी के आशीर्वाद और मार्गदर्शन में संभव हो पाई है।

**कहा, सीएम सुक्खू की दूरदृष्टि और वचनबद्धता का प्रतिफल**

ललित ठाकुर ने लिखा कि हमारे विधानसभा क्षेत्र की पांगी घाटी की वर्षों पुरानी मांग पर त्वरित कार्यवाही करते हुए राज्य सरकार ने जो कदम उठाया है, वह ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री जी ने हाल ही में पांगी दौरे के दौरान इस परियोजना की घोषणा की थी और महज कुछ ही दिनों में ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया आरंभ हो जाएगी, हमारी सरकार की संवेदनशीलता, तत्परता और वचनबद्धता को दर्शाता है।

उन्होंने आगे लिखा कि पांगी घाटी के समस्त निवासियों को इस बड़ी सौगात के लिए दिल से बधाई और शुभकामनाएं। यह सिर्फ शुरुआत है—हम सब मिलकर आने वाले समय में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे, ऐसा मेरा पूर्ण विश्वास है।

ललित ने मुख्यमंत्री सुक्खू का पांगीवासियों की भावनाओं को समझने और त्वरित निर्णय लेने के लिए विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले वर्षों में पांगी घाटी को बिजली, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं से युक्त कर एक आदर्श आदिवासी क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यह टेंडर प्रक्रिया न केवल पांगी में बेहतर बिजली आपूर्ति की दिशा में एक पहल है, बल्कि यह समावेशी व संतुलित विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का भी परिचायक है। (अनंत ज्ञान)

# पहलगाम मामले पर भटियात युकां का फूटा गुस्सा, कार्रवाई की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, भटियात**

**जम्मू-कश्मीर** के पहलगाम में बीते दिन हुए आतंकी हमले में 27 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या से देश भर में शोक और आक्रोश का माहौल है। इसी कड़ी में युवा कांग्रेस भटियात ने आज चंबा में अपना गहरा रोष व्यक्त किया और आतंकवाद के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर शहीदों को नमन किया और दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

इस दौरान युवा कांग्रेस के नेताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह हमला सिर्फ इंसानों पर नहीं, बल्कि मानवता पर हमला है।

### आक्रोश रैली निकाली

**अनंत ज्ञान, चंबा।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर चंबा में विभिन्न संगठनों और आमजन ने एक विशाल और प्रभावशाली आक्रोश रैली निकाली। रैली का नेतृत्व विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष डॉ. केशव वर्मा ने किया, जिसमें व्यापार मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र महाजन, सनातन धर्म सभा के नरेश महाजन, महंत सीता राम महाराज, सेवा भारती से संदीप मेहरा और मनोज जसरोटिया, ब्राह्मण सभा के अजितेश शर्मा, राजपूत सभा के नरेंद्र सम्याल और भूपेंद्र जसरोटिया, बाल्मीकि सभा के करण प्रीतम, भारतीय मजदूर संघ के श्रवण , वनवासी कल्याण आश्रम से लचिया राम आदि ने भाग लिया।

### मौलाना रोशन ने की आतंकी हमले की निंदा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिले के प्लयूर गांव में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राब्ता मदारिस प्रदेश के अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद रोशन कासमी ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि इंसानियत के दुश्मन इन आतंकवादियों का किसी धर्म से कोई नाता नहीं हो सकता।

# बर्फबारी और बारिश से पैदल रास्ते क्षतिग्रस्त

## सेचू पंचायत के चस्क भटौरी में लोगों को आने-जाने में हो रही दिक्कत

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**पिछले** दिनों हुई भारी बर्फबारी और बारिश के कारण पांगी के चस्क भटौरी में क्षतिग्रस्त हुए रास्ते की मरम्मत न होने के चलते जनता को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सेचू पंचायत से 9 किलोमीटर दूर स्थित चस्क भटौरी के लोगों को रास्ता न होने के कारण अनेकों समास्याओं का सामना करना पड़ रहा है। भारी बर्फबारी एवं बारिश के कारण पैदल आने जाने के लिए जो रास्ता था वो भी पूरी तरह टूट चुका है। इससे लोग जान हथेली पर रखकर अपनी पंचायत तथा मुख्यालय किलाड़ पांगी की ओर सफर करते हैं। रास्ता न होने के चलते बीमार लोगों व बुजुर्गों को खासकर काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा रहा है। रजनी पठानिया राज्य सोशल मीडिया संयोजक आदिवासी कांग्रेस ने सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू और पांगी प्रशासन से मांग की है कि समय रहते जल्द से जल्द इन क्षतिग्रस्त रास्ते की रिपेयर की मांग की है।

चस्क भटौरी की आम जनता को अपनी मूलभूत सुविधाओं को पूरा करने व मुख्यालय से संबंधित कार्यों को पूरा करवाने के लिए आने-जाने में कोई समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि यहां पर रास्ते क्षतिग्रस्त होने के कारण स्कूली बच्चों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



पिछले दिनों हुई भारी बर्फबारी एवं बारिश के कारण पांगी के चस्क भटौरी में क्षतिग्रस्त हुए रास्ते।

## जेएसडब्ल्यू कंपनी पर लगाया रास्ते खराब करने का आरोप

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**भरमौर** के कुठेहर जल विद्युत परियोजना में स्थानीय लोगों ने कंपनी पर मनमर्जी करने के आरोप लगाए हैं। निर्माणाधीन 240 मेगावाट की विद्युत परियोजना में स्थानीय लोगों ने कंपनी पर उनके रास्ते जल जंगल वह जमीन को बर्बाद करने के आरोप लगाए हैं। उलांसा पंचायत उपप्रधान एवं जनजातिय सलाहकार समिति सदस्य हेमराज कौशल ने कहा है कि स्थानीय लोगों की मांगों को लेकर जब कंपनी प्रबंधन से बात की जाती है तो वह पुलिस का रौब दिखाकर उन पर एफआईआर दर्ज करवाने का डर दिखाते हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन पर भी एक तरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि कंपनी प्रबंधन जब भी पुलिस प्रशासन को बुलाती है तो पुलिस प्रशासन उनके कहने के अनुसार ही एक तरफा कार्रवाई करता है जबकि स्थानीय लोग जब अपनी शिकायत लेकर जाते हैं उनकी शिकायतों को दर्ज तक नहीं किया जाता है।

**उलांसा पंचायत उपप्रधान व स्थानीय लोगों ने लगाया आरोप**

उन्होंने यहां पर निर्माण अधीन विद्युत परियोजना पर पर्यावरण के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि कंपनी द्वारा साइट से निकलने वाले गंदे पानी को सीधे ही रावी नदी में मिलाया जा रहा है।

अनंत Classifieds

### नाम परिवर्तन

**मैं, निता कुमारी,** पत्नी श्री प्रीतम चंद, निवासी ग्राम फाटा व डा. बिंद्राबन, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश-176061, एतद् द्वारा घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम अनिता कुमारी से बदलकर निता कुमारी रख लिया है। संबंधित जानकारी नोट करें।

### सूडोकु नवताल- 7411 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7410 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (विश्वासवसु), **मास** : अमांत चैत्र, **तिथि** द्वादशी (11:47): **नक्षत्र** पूर्वाभद्रपद (08:54), **पक्षः** कृष्ण, **योग** : एंद्र (12:30) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:53-12:45) **राहुकाल** (10:41-12:19)।

### विशेष दिन

- 25 अप्रैल प्रदोष व्रत आज।
- 25 अप्रैल विश्व मलेरिया दिवस आज।

**मेषः** आज आप बातचीत में सावधानी रखें। लापरवाही से नुकसान होगा। विरोधी खुलकर विरोध करेंगे। कार्य की शुरुआत में परेशानी आ सकती है।

**वृषभः** आज मनचाहा जीवनसाथी मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे। पुराने वादे पूरे करने का समय है। अपनी निजी जिन्दगी में दूसरों को दखल न दें। निवेश फायदेमंद रहेगा।

**मिथुनः** आज भावुकता में कोई भी फैसला लेने से बचें। सुख साधनों पर धन खर्च होगा। व्यापारिक नई योजना आज शुरू हो सकती है। अधिकारियों से संबंध मजबूत होंगे।

**कर्कः** आज आपको कोई अप्रत्याशित खुशखबरी मिलेगी। यह आपके करियर या निजी जीवन से जुडी हो सकती है। लेकिन इससे आपको वित्तीय लाभ भी होंगे।

**सिंहः** अपने व्यवहार से परिजनों का दिल जीत लेंगे। परिवार में तनाव की स्थिति निर्मित होगी। प्रेम के नजरिए से आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा।

**कन्याः** आज आप बड़े निर्णय को सोच-समझकर लें। स्वास्थ्य में सुधार होगा। व्यवसाय में हानि होने की संभावना है। आपको काम के प्रति शाबाशी मिलने की संभावना है।

**तुलाः** प्रशासनिक अधिकारी आज सम्मान प्राप्त कर सकते हैं। विवाह कार्यों में शामिल होंगे। समय रहते स्वयं का व्यवसाय शुरू करें। आपका समय अनुकूल रह सकता है।

**वृश्चिकः** कीर्ति यश में वृद्धि होगी। नए मित्र बनेंगे। मौज मस्ती में समय व्यतीत होगा। आज का दिन आपके लिए अच्छा है। आप अपना कुछ नया शुरू कर सकते हैं।

**धनुः** आज आप व्यापार में मंदी से परेशान रहेंगे। पुराने पैसों का लेनदेन आज भी लंबित रहेगा। अपना ही आपके साथ विश्वासघात कर सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिल सकती है।

**मकरः** आज का दिन कुछ अनिश्चित सा है ,आपको संवेदनशील लोगो से बात करते हुए अधिक सावधान रहना होगा । खर्च पर नियंत्रण रखें। किसी कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं।

**कुंभः** दूसरों के निजी मामलों में दखल न दें। अपने क्रोध पर अंकुश रखें। आपकी अपने पिछले समय में से किसी पुराने व्यक्ति से मिलने की संभावना है।

**मीनः** आज आप किसी खास व्यक्ति से मिल सकते हैं। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। सहकर्मियों से बातों में नर्मी लाएं। आज का दिन आपके लिए प्रगतिशील रह सकता है।

# पूर्व सीपीएस से किया क्षतिग्रस्त पैदल पुल की मरम्मत का आग्रह



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**पंचायत** जरल, डीपीएफ बांदली धार के एक प्रतिनिधिमंडल ने वीरवार को पूर्व मुख्य संसदीय सचिव (सीपीएस) ठाकुर सोहन लाल से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पंचायत क्षेत्र में क्षतिग्रस्त पैदल पुल की मरम्मत करवाने का आग्रह किया।

प्रतिनिधिमंडल ने ठाकुर सोहन लाल को बताया कि भारी बारिश और भूस्खलन के कारण पैदल पुल क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे ग्रामीणों, विशेषकर स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पुल के क्षतिग्रस्त होने से कई गांवों का संपर्क टूट गया है और लोगों को लंबी दूरी तय करके अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ रहा है।

पूर्व सीपीएस ठाकुर सोहन लाल ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि वे इस मामले को सरकार के समक्ष उठाएंगे और पुल की मरम्मत के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। प्रतिनिधिमंडल ने ठाकुर सोहन लाल को उनकी सहानुभूति और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि पूर्व सीपीएस के प्रयासों से जल्द ही पुल की मरम्मत का कार्य शुरू हो जाएगा।

## कार्यालय ग्राम पंचायत लदोह
विकास खंड पंचरुखी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

आज की बैठक में प्रधान महोदय जी ने प्रस्ताव रखा कि ग्राम पंचायत लदोह वर्ष 2025-26 के बिकास कार्यों के लिए निविदाएँ आमंत्रित की जानी अति अवश्यक है। जो निम्न प्रकार से है।

| क्रं. सं. | सामग्री का नाम | प्रति फुट |
|---|---|---|
| 1 | खड़ रेता | प्रति फुट |
| 2 | खड़ बजरी | प्रति फुट |
| 3 | क्रेशर रेता 20,40 एमएम | प्रति फुट |
| 4 | क्रेशर बजरी 63,90 एमएम | प्रति फुट |
| 5 | बोल्डर | प्रति फुट |
| 6 | फाड़ा पत्थर | प्रति फुट |
| 7 | ईट नं. 1 | |
| 7 | ईट 2 (दोयम) | |
| 8 | शटरिंग लकड़ी | वर्ग फुट |
| 9 | शटरिंग लोहा | वर्ग फुट |
| 10 | साईन बोर्ड सीमेंट | प्रति बोर्ड लिखाई सहित |
| 11 | वाल पेंटिंग साईन बोर्ड | |
| 12 | सीमेंट केरीज़ सिविल सपलाई पंचरुखी से लदोह | |

उपरोक्त प्रस्ताव पर बिचार विमर्श किया गया व निर्णय लिया गया कि उक्त निविदाएँ दिनांक 09-05-2025 5:00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत लदोह के नाम बंद लिफाफे में डाक द्वारा भेजी जाएं। सामाग्री की मात्रा व गुणवता सही होना चाहिए। अन्यथा प्रधान ग्राम पंचायत किसी भी समय निविदाएँ को रद्द कर सकता है। निविदाएँ को स्वीकृत या रद्द का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। साथ में यह भी निर्णय लिया कि 25000 हजार कि एफडी ग्राम पंचायत के नाम कल्ब करनी होगी। निविदाएँ दिनाँक 14-05-2025 समय 12:00 खोली जाएगी

**प्रधान / सचिव ग्राम पंचायत लदोह**
**विकास खंड पंचरुखी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**IN The COURT OF KARTAR CHAND, MARRIAGE OFFICER-CUM-SUB DIVISIONAL MAGISTRATE SHAHPUR DISTRICT KANGRA (HP).**

1. Sh. Bablu S/o Sh. Chatter Singh R/o Vill. Ward No. 1, Hathor, P.O. Rirkamar, Sub. Tehsil Darini Distt. Kangra (HP).
2. Smt. Pushpa Devi W/o Lt. Sh. Sanjay Kumar, R/o. Vill Bhanota, P.O. Goli Tehsil Dalhousie, Distt. Chamba (HP)

Applicants..........

**V/S**

1. General Public
2. Local Registrar, Gram Panchayat Darini. Respondents.......

**Subject:-** Application for the Marriage registration u/s 16 of special Marriage Act, 1954. Applicants. Sh. Bablu S/o Sh. Chatter Singh R/o Vill. Ward No. 1, Hathor, P.O. Rirkamar, Sub. Tehsil Darini Distt. Kangra (HP) and. Smt. Pushpa Devi W/o Lt. Sh. Sanjay Kumar, R/o. Vill Bhanota, P.O. Goli Tehsil Dalhousie, Distt. Chamba (HP) has filed an application for Registration of their Marriage Act, 1954 along with declaration in which they have stated that they have solemnized their marriage on 06-04-2025 at Shri Mata Mansa Devi Mandir (Chamunda Mandir) Tehsil Dharamshala, Distt. Kangra (HP) as per Hindu rites & customs.

Therefore, the general public is hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding the registration of this marriage can file an objection personally or in writing before this Court on or before 28-05-2025. After that no objection will be entertained and marriage will be registered accordingly.

**(Kartar Chand)**
**Marriage Officer-Cum-Sub Divisional Magistrate Shahpur, District Kangra**

स्त्री और पुरुष जन्म से ही स्वतंत्र हैं। इसलिए दोनों को सभी अधिकार समान रूप से भोगने का अवसर प्रदान होना चाहिए। -ज्योतिबा फुले

## संपादकीय

# एक्शन पर एक्शन

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच रिश्तों में आई कटुता बेहद चिंता का विषय है। भारत ने एक्शन लेकर पाकिस्तान के खिलाफ जो कड़े कदम उठाए, उसके जवाब में पाकिस्तान ने भी भारत के खिलाफ एक्शन लेकर अनेक कड़े फैसले लिए, जिससे दोनों देशों के बीच पहले से ही तनावपूर्ण संबंध और अधिक बिगड़ गए हैं। इस तरह के परस्पर कठोर निर्णयों के न केवल कूटनीतिक परिणाम होते हैं, बल्कि ये दोनों देशों की जनता, अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय स्थिरता पर भी गंभीर असर डालते हैं। भारत ने पहलगाम हमले के जवाब में सिंधु जल समझौते को स्थगित करने समेत पांच बड़े फैसले लिए थे। भारत की इन कार्रवाइयों को लेकर पाकिस्तान ने प्रतिक्रिया स्वरूप 1972 के शिमला समझौते को रद्द करने, सभी द्विपक्षीय समझौतों को स्थगित करने और सार्क वीजा के तहत भारतीय नागरिकों को वीजा न देने का निर्णय लिया। इसके अलावा, पाकिस्तान ने भारत के साथ सभी व्यापारिक गतिविधियों पर रोक लगा दी और भारतीय विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया।

वाघा बॉर्डर को भी बंद कर दिया गया है। गहराई से देखा जाए तो इन फैसलों के कई दूरगामी मायने हैं। इन फैसलों का सबसे बड़ा असर कूटनीतिक संवाद का ठप होना है। द्विपक्षीय समझौते और संवाद प्रक्रिया का स्थगित होना यह दर्शाता है कि दोनों देशों के बीच भरोसे की कमी चरम पर है। यह स्थिति कूटनीतिक हल की बजाय टकराव को बढ़ावा देती है। वीजा बंद करने, व्यापार रोकने और सीमाओं को बंद करने जैसे निर्णय सीधे-सीधे आम नागरिकों पर प्रभाव डालते हैं। विशेष रूप से वे परिवार जो दोनों ओर बसे हैं, व्यापार करने वाले व्यापारी, विद्यार्थी और तीर्थयात्री इससे प्रभावित होते हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच भले ही व्यापार का आकार सीमित रहा हो, लेकिन सीमावर्ती इलाकों में यह एक महत्वपूर्ण आय स्रोत रहा है।

व्यापार पर रोक से न केवल व्यापारियों को नुकसान होगा, बल्कि रोजगार के अवसर भी कम होंगे। सांस्कृतिक और धार्मिक आदान-प्रदान में बाधा उत्पन्न होना अच्छी बात नहीं है। सिख तीर्थयात्रियों को छूट देने के बावजूद अधिकांश सांस्कृतिक और धार्मिक यात्राएं प्रभावित होंगी। इससे लोगों के बीच आपसी समझ और सौहार्द कमजोर होगा। संवाद बंद होने से गलतफहमियों और आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति को बल मिलेगा, जिससे सीमा पर तनाव और हिंसा की घटनाएं बढ़ सकती हैं। इतिहास बताता है कि भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में कई उतार-चढ़ाव आए हैं। निश्चित रूप से ट्रैक टू डिप्लोमेसी भविष्य में संबंध सुधारने में सहायक हो सकती है। जब औपचारिक संवाद बंद हो जाता है, तब सिविल सोसायटी, बुद्धिजीवी वर्ग और मीडिया की भूमिका बढ़ जाती है।


ये समूह संवाद को पुन: आरंभ करने में मदद कर सकते हैं। वैश्विक मंचों पर दोनों देशों की छवि महत्वपूर्ण है। यदि अंतरराष्ट्रीय समुदाय भारत और पाकिस्तान पर संयम बरतने का दबाव बनाए, तो दोनों पक्ष बातचीत की ओर अग्रसर हो सकते हैं। दोनों देशों को अपने-अपने आर्थिक हितों की रक्षा करनी है। लंबे समय तक व्यापार और यातायात बंद रखना किसी के भी पक्ष में नहीं है। इस सारे मामले में आम जनता यदि युद्ध या हिंसा के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करे, तो सरकारों पर बातचीत की दिशा में आगे बढ़ने का दबाव बन सकता है। भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया तनाव दोनों देशों के लिए हानिकारक है। चाहे वह पानी रोकने की बात हो, वीजा बंद करने की या सीमा पर कड़े प्रतिबंध लगाने की, इन फैसलों से किसी को दीर्घकालिक लाभ नहीं होगा। इसके उलट, दोनों देशों को एक-दूसरे से संवाद बनाए रखना चाहिए, ताकि गलतफहमियों को समय रहते सुलझाया जा सके। युद्ध या टकराव कोई समाधान नहीं है, बल्कि संवाद, सहमति और सहयोग ही भविष्य का रास्ता हो सकते हैं। युद्ध के माहौल में सिर्फ सैनिक नहीं मरते, बल्कि विश्वास, मित्रता और मानवता भी क्षतिग्रस्त होती है।

भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव में यह बेहद जरूरी है कि कोई तीसरा देश इस स्थिति का लाभ न उठा जाए। क्षेत्रीय अस्थिरता का फायदा उठाकर बाहरी ताकतें अपने राजनीतिक, सैन्य या आर्थिक हित साध सकती हैं, जिससे हालात और बिगड़ सकते हैं। चीन जैसे देशों की रणनीतिक गतिविधियां पहले से ही इस क्षेत्र में सक्रिय हैं। इसलिए दोनों देशों को आपसी मुद्दों का समाधान बातचीत और कूटनीति से करना चाहिए, ताकि कोई बाहरी शक्ति हस्तक्षेप कर द्विपक्षीय मसलों को और जटिल न बना सके। स्थिर और शांत दक्षिण एशिया सभी के हित में है। युद्ध, कारगिल संघर्ष, पुलवामा हमला जैसे अनेक कड़े दौरों के बाद भी बातचीत की मेज पर दोनों देश लौटे हैं। यह उम्मीद की जा सकती है कि मौजूदा तनाव भी स्थायी नहीं रहेगा। ■


## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### उत्तर प्रदेश के दो बार के मुख्यमंत्री

**हेमवती** नंदन बहुगुणा उत्तर प्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री रहने वाले जानेमाने राजनीतिज्ञ और राजनेता थे। वे सन 1971, 1977 तथा 1980 में लोकसभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे। जानीमानी राजनीतिज्ञ रीता बहुगुणा हेमवती नंदन जी की पुत्री हैं। हेमवती नंदन बहुगुणा का जन्म उत्तराखंड के बुघाणी गांव में हुआ था। वे अपने पिता रेवती नंदन बहुगुणा की दूसरी पत्नी की संतान थे। राजनीतिक तथा समाज सेवक हेमवती नंदन बहुगुणा ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बीए तक की शिक्षा प्राप्त की थी। वर्ष 1952 में हेमवती नंदन बहुगुणा सर्वप्रथम विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए। पुन: वर्ष 1957 से लगातार 1969 तक और 1974 से 1977 तक उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य रहे। अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के महासचिव रहे। वर्ष 1957 में हेमवती नंदन बहुगुणा डॉ. संपूर्णानंद जी के मंत्रिमंडल में सभासचिव रहे। संपूर्णानंद मंत्रिमंडल में श्रम तथा समाज कल्याण विभाग के पार्लियामेंटरी सेक्रेटरी रहे। 1962 में श्रम विभाग के उपमंत्री बनाए गए। वर्ष 1967 में वित्त तथा परिवहन मंत्री रहे। 2 मई, 1971 को केंद्रीय मंत्रिमंडल में संचार राज्य मंत्री बने। पहली बार 8 नवंबर, 1973 से 4 मार्च, 1974 तथा दूसरी बार 5 मार्च, 1974 से 29 नवंबर, 1975 तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। सन 1977 में केंद्रीय मंत्रिमंडल में पेट्रोलियम, रसायन तथा उर्वरक मंत्री रहे। वर्ष 1979 में केंद्रीय वित्त मंत्री बने। ■



हेमवती नंदन बहुगुणा
जन्म : 25 अप्रैल, 1919
मृत्यु : 17 मार्च, 1989



कविता

## पहलगाम का नरसंहार

सुभाष चंद कासव, शिक्षक


*मानवता फिर से शर्मसार, यह पहलगांव का नरसंहार,*
*यह हिंदू मुस्लिम भेदभाव, करे मौत का तांडव खौफनाक।*
*कलाम आती तो बच जाओ, न आए तो सीधे स्वर्ग जाओ।*
*नवदूल्हे को मार दिया, नव वधू के सामने बार किया।*
*हाय निर्दयी तुम्हे न रहम आई, जो कहर की आंधी बरसाई,*
*पाप कर्म पर चलता जाए,*
*क्या खुदा तुम्हें यह सिखलाए ?।*
*कुकृत्य के पथ पे नाव चले,*
*डूबने के ज्यों है चाव बढ़े,*
*मानवता को क्यों भूल गए, निर्दोषों को क्यों भून गए।*
*जब जुल्म गठड़ी में पाप बढ़े, तो हाहाकार का साथ चले,*
*नरसंहार के प्यासे भेड़िये, न मानवता को माफ करे।*
*डरो हाय से रे दुष्ट प्राणी, क्यों मानव को कष्ट तुम देते,*
*हिसाब होगा जब घिनौना, पछताएंगे तुम तब रोके।*

अनंत ज्ञान

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

# आतंकवाद से कब तक जूझता रहेगा हिंदोस्तान ?

आतंकवाद शब्द की उत्पत्ति फ्रांसिस क्रांति के दौरान उस समय हुई थी, जब 1793-94 के दौरान वहां आता का रा स्थापित हुआ था, लेकिन मूल रूप से उसका आरंभ विश्व में 1950 के दशक में हुए वामपंथ के उत्थान के बाद देखा जा सकता है। आतंकवाद की जद में विश्व के कई देश जैसे अमेरिका जापान जर्मनी के साथ भारत भी आ गया है। भारत में कई आतंक प्रभावित राज्य थे पर हर जगह अब शांति है, परंतु पाकिस्तान की सीमा के बहुत करीब व पहाड़ी क्षेत्रों से घिरा जम्मू-कश्मीर आज भी आतंकवाद का दंश झेल रहा है, इसी का परिणाम पहलगाम है। जम्मू-कश्मीर से पत्थर बाजी और आतंकवाद को समाप्त करने के लिए ही केंद्र सरकार ने संविधान से धारा 370 को समाप्त किया।



लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक

जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित राज्य बनाया साथ में लेह लद्दाख को भी अलग कर दिया, कश्मीर से। यह तर्क दिया गया कि जम्मू-कश्मीर में हर भारतीय को जमीन खरीदने बसने का अधिकार मिलेगा और आतंकवाद सीमा पार से और अंदर से जो हो रहा है, उसे समूल रूप से नष्ट करने में यह संशोधन कारगर हथियार होगा। कुछ हद तक सफलता भी मिल गई, पर वह स्थायी नहीं है आतंकी घटनाएं होती रहती सुरक्षा बल के साथ आम जन मरता रहता है। जब केंद्र का शासन है, बल है तो फिर कैसे इतनी बढ़ी घटना हो गई, यह समझ से परे हैं।

हमारी खुफिया नाकाम है जो जानकारी हासिल नहीं कर पाई और घटना घट गई। मैं इस घटना से बहुत दुखी हूं और भरे मन से अपने हृदय की गहराइयों से ऊरी पठानकोट, गुरदास, अमरनाथयात्रा, पुलवाम में शहीद सभी विशुद्ध आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारत की पवित्र धरा पर अखंड भारत था तब भी मुस्लिम आतंकियों ने बार-बार आक्रमण करते रहे कभी हारते रहे कभी जीत कर भारत की भूमि में राजा बन गए और भारत को मुगलवंश के शासन काल में रहना पड़ा पर इन आतंकी को



हमारे देश के राजाओं ने ही मदद की जैसे आज कुछ ऐसे लोग हैं जो आतंकियों की मदद करते हैं।

बस अपने लाभ के लिए। तभी तो हमारे जवान और निरीह जनता जो भारत की धरा पर स्वर्ग और जन्नत देखने जाती है। पुलवामा की तरह अब इन लाशों से पोस्टर और सफेद कफन के चादर पर नारे न लिखे जाए न बनाए जाए, यही मैं अनुरोध करूंगा। हमारी जनता जब एक लाश को भूलकर खुशी मनाने लगती है। तभी कहीं फिर चुनाव आ जाता है। जनता सवाल खड़ा करें सरकार के सामने अपने हित की। जनता के सामने आतंकी एक नई लाश खड़ा कर देती है। आतंकी हित में यह सिलसिला कहा रुकेगा कोई नहीं जानता आम जनता तो खैर नहीं जानती है। कब तक निरिह लाशों को भारत अपने कंधे देता रहेगा। लाशों को नारों में न बदले।

अनंत ज्ञान

सफेद कफन पर अब नारे लिखने की जगह आतंकी के आकाओं की लाशों पर नारे लिखे जाए, भारत एक है एक रहेगा आतंकवाद से लड़ता रहेगा। चाहे जितना भी प्रयोग करो प्रायोजित आतंकवाद करो हम पोस्टर लाशों का बनाना जाते हैं। इस बार आतंकी के लाशों का पोस्टर बनाएगा, भारत विश्व को बतागा कि हम सहनशील है धैर्यवान पर भीरू डरपोक नहीं, जो कुछ आतंकी और उसके रहनुमाओं को जहन्नुम भेज न पाए। भारत यह सब सही समय पर ही करता है। वर्ष 2014 से 22 अप्रैल 2024 तक देश में तकरीबन इक्कतीस आतंकी घटनाएं हो चुकी है जिसमें हजारों सुरक्षाकर्मी के साथ आम जनता मारी जा चुकी है। पर हम इतने सहनशील है कि हर घटना को दुश्मन की साजिश बताकर धर्म से जोड़कर दो चार दिन चर्चा करके भूल जाते हैं। मूल समस्या पर आज तक कोई सरकार कारगर तरीके से बात नहीं करती न ही कोई सही रणनीति बन पाई, देश में कि आतंक और आतंकी उसके पनाहगार को कैसे जड़ से समाप्त किया जाए। बस दो चार मार कर बैठ जाते हैं। पंजाब के आतंक को या पूर्वोत्तर के आतंक को जब समाप्त किया जा सकता है, बंगाल से सत्तर के दशक में नक्सल को समाप्त किया जा सकता है। तो कश्मीर से क्यों आतंकवाद और आतंकी समाप्त नहीं हो रहे हैं। यह सोचना होगा हर नेता को हर आम आदमी को मीडिया को पत्रकार को कौन सा ऐसा कारण है जो जम्मू-कश्मीर से आतंक नहीं समाप्त हो रहा है।

ऊरी पठानकोट से सबक नहीं लिया तभी तो पुलवामा हो गया पुलवामा की जांच न होने कारण ही पहलगाम हुआ। सरकार की नाकामी यही है कि आज तक पुलवामा के सच को छिपाया पर उस लाश का पोस्टर बनाकर चुनाव 2019 और कई राज्यों की विधानसभा को जीत लिया। क्या शहीद सैनिक चुनाव का पोस्टर व्याय बन गए थे, जिस कारण पुलवामा का सच नहीं सामने आया कि कहा से बारूद आया, जैसे पुलवामा का जवाब जनता को नहीं मिला वैसे गलवान घाटी का नहीं नहीं ऊरी का। सेना के जवान देश के नागरिकों की सुरक्षा में अपने प्राणों की आहुतियां दे देते पर उनके परिवार को क्या मिलता है। सबको पता है। पुलवामा से सत्ता मिला और हिंदू लहर की हवा देश में बहुत चली पर आम हिंदू को सत्ता के बदले में बेरोजगारी महंगाई बलात्कार ही हिस्से में आया फिर कोरोना ने तो रोजगार जो छिना वह वापस नहीं आया पर सरकार वापस तीसरी वार आ गई है।

हम सफेद चादर ओढ़ाते रहेंगे। मोमबत्ती जलाते रहेंगे। पुलवामा भूल कर पहलगाम को याद करेंगे। पहलगाम भूलकर फिर किसी और पर आंसू बहाते रहेंगे। पड़ोसी पर दोष लगाते रहेंगे। आतंकवादी बढ़ते रहेंगे। देश पीछे जाता रहेगा। अब जब बिहार का चुनाव होगा तो देखना होगा सरकार इस घटना का और इन लशों पर कई तरह की राजनीति करेगी कौन सा ध्रुवीकरण होगा कफन पर क्या नारे होंगे। यह सवाल अभी बंद लिफाफे की चिट्ठी की तरह है जुवान से कैसे शब्द निकाले जाएंगे विपक्ष कटघरे में होगा या धर्म। सब भविष्य के गर्त में छिपा है।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )

नजरिया

# सीमा पर शांति,सद्भाव मानवता की संपत्ति

हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बैसारन घाटी में हुए, आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। बताया जा रहा है कि इस हमले में 30 लोगों की जान चली गई है, जिनमें दो विदेशी पर्यटक भी शामिल थे और वही 17 लोग गंभीर रूप से घायल अवस्था में बताएं जा रहे हैं। हमारे देश में आतंकियों का ये घिनौना खेल कब तक चलता रहेगा, कब तक इस देश में यूं ही खून की होली खेली जाएगी।



लेखिका : विषना गाजटा
शिमला, (हि.प्र.)

कब तक मासूम और निर्दोष लोगों की जाने जाती रहेगी ? किसी के पास इसका जवाब नहीं है ? दो चार दिन सब लोग अफसोस जाहिर करेंगे, कड़ी निंदा होगी और कुछ धरना-प्रदर्शन भी किए जाएंगे। उसके बाद सब सामान्य चलता रहेगा। जब ऐसी घटनाएं होती हैं तो देश के प्रत्येक नागरिक का हृदय खून के आंसू रोता है और लगता हैं कि हम अपने ही देश में सुरक्षित नहीं है। आतंकियों के हौसले इतने बुलंद कैसे हो सकते हैं कि वो दिनदहाड़े खुलेआम मौत का तांडव करते रहे। डरें- सहमें लोग अपनी और अपने परिजनों की मौत सर पर मंडराते हुए देख रोते रहे, बिलखते रहे और उन जालिमों के तनिक भी हाथ नहीं कांपें इस घटना को अंजाम देते हुए। बेकसूर लोगों को मारना, यह कौन सा बहादुरी का काम हुआ। कैसे कोई इंसान इतना क्रूर हो सकता है, कैसी परवरिश रही होगी, उन लोगों की और कैसे गिरोह का वो हिस्सा होंगे, सोचकर रूह कांप उठती है।

यह जो आतंकवाद सिर उठा कर खड़ा हो रहा हैं, यह किसी भी देश के लिए बहुत हानिकारक होता हैं। इसका सबसे ज्यादा प्रभाव जीवन की हानि है।



आतंकवादी हमले जब भी हुए इसमें अक्सर निर्दोष लोग ही मारे जाते हैं और उनके परिवार दु:ख में डूबकर सालों साल इससे उभर नहीं पाते। इस वक्त आतंकवाद का भय पूरे देश को प्रभावित कर रहा है। लोग चिंतित हैं और डर का माहौल बना हुआ है। आतंकवाद आर्थिक और व्यवसायिक रूप से भी देश को चोट पहुंचा रहा है।

अनंत ज्ञान

पर्यटक स्थलों को नुकसान पहुंचाकर देश की अर्थव्यवस्था को भी नुकसान पहुंच रहा है। आतंकवाद के कारण होने वाला सामाजिक और भावनात्मक दर्द कई सालों तक लोगों के दिलों दिमाग में बना रहता है। इस समय आतंकवाद एक बड़ी समस्या बनकर हमारे देश के सामने आया है।

इससे लोगों की जानें तो गई ही है साथ में समाज को तोड़ने का काम भी बखूबी कर गया है, लेकिन देश को समझदारी के साथ एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ एक मुहिम तैयार करनी चाहिए। यह वक्त एक दूसरे पर टिका टिप्पणी करने का नहीं है। मुट्ठीभर आतंकवादी हमारे देश की एकता और अखंडता पर प्रहार नहीं कर सकते। जो लोग आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं और उनका बचाव करते हैं उन पर भी कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इस समय देश के प्रत्येक नागरिक की एक ही मांग है कि जल्दी से जल्दी उन आतंकी दरिंदों को और उनके आतंकी संगठन को खोज निकालें, उनके साथ किसी भी तरह की हमदर्दी नहीं बरतनी चाहिए।

जो सलूक उन्होंने बेकसूर लोगों के साथ किया वहीं सलूक उनके साथ भी होना चाहिए। तभी हम सुरक्षित देश की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। आतंकवाद से लड़ने के लिए सभी को एक साथ काम करने की आवश्यकता है तभी एक ऐसी दुनिया बनेगी जहां शांति, निष्पक्षता और सारे लोगों के लिए समान रूप से कायदे कानून बने होगे। इससे आतंकियों को यह संदेश भी जाएगा कि किसी भी देश के भीतर और उसकी सीमाओं के पार शांति और सद्भाव मानवता की सबसे बड़ी संपत्ति होती है।

( ये लेखिका के निजी विचार हैं )

## अपनी बात

**हिमाचल** प्रदेश में बाहरी लोगों में से कुछ असामाजिक प्रवृत्तियां लेकर आते हैं, जिससे स्थानीय अपराध दर में वृद्धि हो रही है। बाहरी लोगों की आपसी झड़पें और विवाद भी हिंसा का कारण बनते जा रहे हैं। ठियोग की हत्या की घटना इसका उदाहरण है, जहां एक नेपाली व्यक्ति ने दूसरे नेपाली की हत्या की, जो बाहरी लोगों के आपसी मतभेदों का परिणाम था। हिमाचल एक पर्यटन आधारित राज्य है और कोविड-19 के बाद से यहां का पर्यटन उद्योग और अर्थव्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हुई है। बेरोजगारी और आर्थिक तंगी के कारण कई लोग मानसिक तनाव में हैं, जिससे वे अपराध की ओर बढ़ सकते हैं। बेरोजगार युवाओं के पास काम नहीं होने से वे असामाजिक गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं, जिससे अपराध बढ़ते हैं। शराब और नशे का सेवन भी अपराधों की एक प्रमुख वजह बन गया है। हिमाचल प्रदेश में शराब और अन्य नशीली दवाओं की बड़ी खपत है, जो कई बार हिंसक घटनाओं को जन्म देती है। **रमेश, धर्मशाला**

# पहलगाम की रक्तरंजित वादियों ने संवेदना को झकझोर दिया

घाटी में वसंत खामोश है और चिनार का पत्ता भी इस बार थरथरा रहा है। कश्मीर की वादियां जो हर वर्ष अप्रैल में बर्फ के पिघलते आंचल के साथ हार श्रृंगार की महक और पर्यटकों की चहचहाहट से गुलजार होती थीं, इस वर्ष 22 अप्रैल को चीखों, अफरातफरी और गोलियों की गूंज से कांप उठीं। पहलगाम के बैसरन मैदान में हुआ आतंकवादी हमला एक ऐसी त्रासदी बन गया, जिसने केवल 30 निर्दोष नागरिकों की जान नहीं ली, बल्कि पूरे देश के आत्मविश्वास, संवेदना और राजनीतिक चेतना को भी झकझोर कर रख दिया।



लेखक : हितेंद्र शर्मा
साहित्यकार व सामाजिक चिंतक

वे लोग जो अपनी भागदौड़ भरी जिंदगी से कुछ पल सुकून चुराकर इस शांत पहाड़ी नगरी में पहुंचे थे। अपने बच्चों के संग हिमालय की गोद में कुछ स्मृतियां बुनने, प्रेम की झील में लहरें पकड़ने और प्रकृति की गोद में राहत तलाशने आए थे। वे अचानक एक बर्बर हमले की भेंट चढ़ गए। गोलियों की बौछारें केवल शरीर नहीं छलनी करतीं, वे विश्वास को चीर देती हैं। उस दिन जो आंखें बर्फ में शांति तलाश रही थीं, वे अब खून से सनी हैं, जो हाथ अपने प्रियजनों को थामे थे, वे अब लाचार, स्तब्ध और ठिठुरते पड़े हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की रिपोर्ट्स ने इस हमले को 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' यानी, F के जिम्मे ठहराया-एक ऐसा आतंकी समूह जो दरअसल लश्कर-ए-तैयबा का नया, भ्रामक नाम है। आधुनिक तकनीक की सहायता से, जैसे GPS ट्रैकिंग, सैटेलाइट फोन की लोकेशनिंग और ड्रोन फुटेज से यह प्रमाणित हुआ कि यह हमला पूरी तरह से सीमापार पाकिस्तान में रचा गया था और उसके क्रियान्वयन में तीन प्रशिक्षित पाकिस्तानी आतंकियों ने दो स्थानीय आतंक-संलग्न युवकों के साथ मिलकर हिस्सा लिया।

यह महज एक सुरक्षा चूक नहीं थी। यह हमारी संप्रभुता और राष्ट्रीय चेतना पर एक संगठित हमला था। हमले के तुरंत बाद भारत सरकार की प्रतिक्रिया तीव्र रही। कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (CCS) की आपात बैठक में पाकिस्तान से सभी व्यापारिक और कूटनीतिक संबंधों को तत्काल प्रभाव से रोकने, सिंधु जल संधि की समीक्षा करने और अटारी-वाघा सीमा बंद करने जैसे निर्णय लिए गए। यद्यपि यह सभी निर्णय स्वाभाविक और आवश्यक थे,



फिर भी एक बड़ा प्रश्न आज भी अनुत्तरित है। क्या यह कड़ा रुख उस मानसिकता को बदल पाएगा जो आतंक की जमीन तैयार करती है? क्या इस बार हम कोई स्थायी समाधान खोज पाएंगे या यह भी एक और शोकसभा, एक और मोमबत्ती मार्च और कुछ दिनों की मीडिया कवरेज के बाद भुला दिया जाएगा? पहलगाम, जिसे कभी भारत का मिनी स्विट्जरलैंड कहा जाता था, अब भय, अविश्वास और अकेलेपन का प्रतीक बन गया है। होटल बंद हैं, टैक्सियां खड़ी हैं, गाइड्स ने अपने आईडी कार्ड उतार दिए हैं और दुकानदार दहशत में अपने शटर गिराए बैठे हैं। स्कूलों में उपस्थिति नगण्य है, और माता-पिता बच्चों को बाहर खेलने से रोक रहे हैं। घाटी की शांति केवल बिगड़ी नहीं है, अपितु उससे उम्मीद भी टूटी है। इस त्रासदी का सबसे गहरा प्रभाव उस विश्वास पर पड़ा है, जो एक पर्यटक करता है किसी स्थल पर, जो एक नागरिक करता है अपनी सरकार पर और जो एक कश्मीरी करता है अपने देश पर।

अनंत ज्ञान

आतंक केवल सीमा पार से नहीं आता, वह उस माहौल से भी उपजता है जहां नफरत बोई जाती है, युवाओं को बहकाया जाता है और रोजगार की जगह बंदूकें दी जाती हैं। ऐसे में केवल सुरक्षा बलों पर निर्भर रहना समाधान नहीं हो सकता। हमें एक समग्र नीति की आवश्यकता है जो न केवल आतंकियों को कुचल सके, बल्कि उन जमीनों को भी सींच सके जहां ये विचार उगते हैं। देश को अब एक व्यापक सामाजिक और मानसिक क्रांति की आवश्यकता है। यह समय है जब हमें शिक्षा, रोजगार, संवाद और राष्ट्रीय एकता के जरिए युवाओं को यह बताना होगा कि बंदूक का रास्ता उन्हें कहीं नहीं ले जाएगा। साइबर निगरानी, खुफिया तंत्र और तकनीकी संसाधनों को आधुनिक और तीव्र बनाना होगा, पर उसके साथ-साथ जमीनी सच्चाइयों को भी समझना होगा। राजनीतिक दलों के लिए यह समय किसी तरह के आरोप-प्रत्यारोप का नहीं है, बल्कि सामूहिक संकल्प का है, क्योंकि अगली बार आतंक की गोलियां किसी धर्म, जाति, या भाषा के नाम पर नहीं चलेंगी। वे फिर किसी मासूम को निशाना बनाएंगी, किसी सपने को चीर डालेंगी। अब फैसला हमें करना है। क्या हम इस त्रासदी को भी केवल एक और घटना मानकर भूल जाएंगे? क्या हम फिर से किसी अगली दुखद घटना की प्रतीक्षा करेंगे? अब समय है कि हम केवल दर्शक न बनें, बल्कि परिवर्तन की शुरुआत स्वयं बनें, क्योंकि जब तक नागरिक अपनी धरती की रक्षा को केवल सरकार का नहीं, अपना भी कर्तव्य नहीं मानते, तब तक राष्ट्र की आत्मा अधूरी रहती है।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )

# सुरक्षा एजेंसियों को बहुत ज्यादा अलर्ट रहने की आवश्यकता

देश में अगर दशकों से कोई सबसे गंभीर और चिंतनीय समस्या मानी जाती है तो वह है आतंकवाद, जो आतंकवाद हमारे देश के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुकी है। देश में सबसे अधिक अगर कोई राज्य आतंकवाद से प्रभावित हो रहा है तो वह माना जाता है जम्मू-कश्मीर। जिस जम्मू कश्मीर में आएं दिन समाचार पत्रों के माध्यम से आतंकवादी हमलें देखने एवं सुनने को मिलते हैं। जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा हुए, हमले की फेरहिस्त बहुत लंबी है।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

इसमें भी कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि केंद्र सरकार ने आतंकवाद को खत्म करने के लिए अनेक कारगर कदम भी उठाएं है, जिसमें कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इस गंभीर विषय को उठाने का प्रयास देश के माननीय प्रधानमंत्री ने किया है।

जिस प्रकार हाल ही में हुए (पहलगाम) आतंकवादी हमलें में आतंकवादियों ने केवल हिंदू धर्म के पर्यटकों पर हमला किया, जिसमें कि विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशी पर्यटक भी मौजूद थे, मरने वालों की संख्या लगभग सत्ताईस से अधिक बताई जा रही है, इस प्रकार आतंकवादियों द्वारा केवल हिंदू धर्म को टारगेट करना बहुत निंदनीय और कायराना हरकत है, जैसे कहा भी जाता है कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, परंतु इस स्थिति में अनेक प्रश्नों



को सोचने के लिए मजबूर कर रहा है। इस प्रकार केंद्र सरकार को अब मुंहतोड़ जवाब और जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद को समाप्त करने का स्थायी समाधान करने की परम् आवश्यकता है।

अनंत ज्ञान

रक्षा विशेषज्ञ और बुद्धिजीवियों के अनुसार अब समय आ चुका है कि केंद्र सरकार को बड़ी कार्रवाई करने की इच्छाशक्ति दिखानी होगी, अन्यथा जम्मू-कश्मीर में फिर से ऐसे आतंकवादी हमले से देश और जम्मू-कश्मीर की जनता को जूझना पड़ेगा। जिस जम्मू-कश्मीर में दशकों से हजारों सुरक्षा बलों, जम्मू-कश्मीर की जनता और समय-समय पर विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशी जनता को भी जम्मू-कश्मीर के आतंकवाद में शहादत एवं अपने जान की बाजी लगानी पड़ी है और यह कारवां वर्तमान में भी जारी है।

इस प्रकार के आतंकवादी हमले से देश का हर नागरिक आक्रोशित और चिंतित नजर है तो वहीं केंद्र सरकार से मांग कर रहा है कि जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद के खात्मे के लिए शीघ्र अतिशीघ्र पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद को रोकने और मुंहतोड़ जवाब देने के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कठोर कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में फिर से इस प्रकार के आतंकवादी हमले देश में देखने एवं सुनने को न मिलें, तो वहीं जानकारों के अनुसार वास्तविकता यह भी है मानी जाती है कि जिस प्रकार आतंकवादी पुख्ता जानकारी लेकर हमले कर रहे हैं इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि अनेक स्थानीय लोगों के सहयोग और जानकारी के बिना आतंकवादियों को पनाह मिलना और अंजाम देना किसी भी प्रकार से संभव नहीं हो सकता है।

इस प्रकार सरकार को इस गंभीर विषय पर भी रणनीति और कठोर नियम बनाने की आवश्यकता है रक्षा विशेषज्ञ के अनुभव अनुसार आतंकवादियों के द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर से पैसे पहुंचाने का भी प्रयास किया जाता रहा है, ताकि पैसों के लालच में स्थानीय लोगों से समय-समय पर पुख्ता जानकारी ली जाएं, जिस आधार पर आतंकवादी हमलों को अंजाम देते हैं। अब देश की जनता आतंकवादी हमलों को सहन नहीं कर सकता, क्योंकि आएं दिन हमारे देश के बहादुर सैनिक जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए शहीद हो रहे हैं। देश व प्रदेश की सुरक्षा एजेंसियों को कहीं न कहीं अलर्ट रहने कि आवश्यकता है ताकि भविष्य में देश को ऐसे आतंकवादी हमलों से निजात मिल सके।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों से गूंजा जोगिंद्रनगर

## गुस्साए नागरिकों ने बाजार बंद कर किया प्रदर्शन, थाना चौक पर पुतला दहन कर जताया विरोध

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**


पहलगाम में हुए आतंकी हमले से गुस्साए लोग जोगिंद्रनगर के थाना चौक पर पुतला दहन करते हुए।

**कश्मीर** के पहलगाम में हुए अमानवीय कृत्य के खिलाफ जोगिंद्रनगर में जनाक्रोश चरम पर पहुंच गया। मंगलवार के बाद बुधवार को भी शहरवासियों ने जोरदार प्रदर्शन किया।

शहर के सभी प्रमुख व्यापारिक संस्थान सुबह 11 बजे तक पूरी तरह से बंद रहे। गुस्साए नागरिकों ने पाकिस्तान विरोधी नारों के साथ जुलूस निकाला और थाना चौक पर पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज करवाया। अन्नपूर्णा आश्रम के संचालक राममोहन दास रामायणी ने कहा कि देश की अस्मिता पर हमला किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कश्मीर में देशभक्तों पर हो रहे हमले चिंता का विषय हैं और केंद्र सरकार को सख्त कदम उठाने चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि हालात ऐसे ही बने रहे तो देश में बांग्लादेश जैसे हालात बनने में देर नहीं लगेगी। शहर की सड़कों पर प्रदर्शन के दौरान युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विशेषकर स्कूली और कॉलेज छात्र भी राष्ट्रभक्ति के जोश से लबरेज दिखे। व्यापारियों ने भी एकजुटता दिखाते हुए अपनी दुकानें स्वेच्छा से बंद रखीं। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह प्रदर्शन किसी संगठन का नहीं बल्कि जनता की भावना का प्रतीक है, जो अब चुप नहीं बैठना चाहती। थाना चौक पर भारी संख्या में सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे, जिन्होंने प्रदर्शन को नियंत्रित ढंग से संपन्न करवाया।

इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष भास्कर गुप्ता, सतवीर शर्मा, जोगिंद्रनगर पांडे, दामोदर, दुर्गा वाहिनी की खुशबू शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य शांतिस्वरूप शर्मा, गुरुशरण परमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजना शर्मा, मंडल अध्यक्ष संजीव शर्मा, जिला परिषद लडभड़ोल से ममता भाटिया सहित अनेक सामाजिक संगठनों के सदस्य भी उपस्थित रहे।

# ट्रक चोरी करते छह युवक गिरफ्तार

## जोगिंद्रनगर की ढेलू पंचायत के डोहग गांव में पेश आया मामला

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**


गिरफ्तार किए गए आरोपी पुलिस टीम के साथ।

**जोगिंद्रनगर** की ढेलू पंचायत के गांव डोहग में ट्रक चोरी की साजिश को अंजाम देने पहुंचे जम्मू-कश्मीर के छह युवकों को स्थानीय ग्रामीणों की सतर्कता और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से धर दबोचा गया।

घटना की जानकारी देते हुए शिकायतकर्ता बद्री कुमार ने बताया कि उनके घर के बाहर खड़े ट्रक को बीती रात कुछ संदिग्ध लोग चोरी करने की कोशिश कर रहे थे। शोर सुनकर ग्रामीणों ने मोर्चा संभाला और तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अशरफ मलिक (36), इमरान अली (27), सदमा हुसैन (33), सज्जाद (24), कलील अहमद (23) और जुल्फिकार अली (27) के रूप में हुई है। सभी आरोपी जम्मू-कश्मीर के जिला कठुआ के निवासी हैं।

थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उनसे पूछताछ जारी है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि क्या यह गिरोह किसी बड़े वाहन चोरी नेटवर्क से जुड़ा है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की है और क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## न्यूज ब्रीफ

### बरोट में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, बरोट।** विद्युत विभाग के विद्युत उप मंडल बरोट के सहायक अभियंता राहुल ठाकुर ने बताया कि 33/11 केवी सब स्टेशन ग्वाली की मुरम्मत के कारण 33 केवी फीडर बंद रहने से 25 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत अनुभाग बरोट, लोहारडी, दयोट, टिक्कन और सुधार के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। सहायक अभियंता राहुल ठाकुर ने विशेषकर जियो, एयरटेल, वोडाफोन तथा बीएसएनएल टावर व डीजे सेट मालिकों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि बंद विद्युत आपूर्ति के दौरान उनके डीजे सेट की सप्लाई वापिस लाइन में न आए।

### निजी वाहनों के प्रवेश पर रहेगा प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला दंडाधिकारी मंडी अपूर्व देवगन ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 117 के अंतर्गत एक आदेश जारी करते हुए उपायुक्त कार्यालय परिसर में सायं 5:30 बजे से सुबह 9 बजे तक निजी वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया है। यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू हो गए हैं तथा इसकी अवहेलना करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यह आदेश गत दिनों ई-मेल के माध्यम से उपायुक्त कार्यालय व परिसर को बम से उड़ाने की धमकी के दृष्टिगत लोगों तथा सार्वजनिक सम्पति की सुरक्षा कारणों से जारी किए गए हैं।

### सरकार पुराने मंदिरों की जगह बनाए गोशाला

**अनंत ज्ञान, महादेव।** प्रदेश सरकार एक प्रावधान बनाकर पुराने मंदिरों को अपने अधीन लेकर वहां गोशाला भी बनाए जाने की मांग लंबित हो चली है। आवारा पशु जिनमें खासकर गाय उपेक्षित हालत में दर -दर की ठोकरें खा रही है। पिछले कई वर्षों से किसानों सहित अन्य कई क्षेत्रों में जी का जंजाल बने हैं, जिनकी संख्या मेलों -उत्सवों के दौरान या समाप्ति पर अत्यधिक बढ़ जाती है। आवारा पशु नियंत्रण नीति बनाने के लिए कई -कई बार मांग उठाई गई मगर इस दिशा में किसी भी किस्म की कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई। इसके साथ ही यह भी मांग बार-बार उठ रही है कि जहां जहां मंदिर हैं वहां एक गोशाला का निर्माण भी किया जाना चाहिए। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि पुराने मंदिरों के एक बड़े भाग में बहुत भूमि है जहां गौरक्षा के लिए यह हितकारी कार्य आसानी से किया जा सकता है और आवारा पशुओं को अपने हाल में छोड़ने के लिए भी सख्त कानून बनना जरूरी ही नहीं बल्कि समय की भी मांग है। लोगों ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि मंडी जिले के एक बड़े भाग में पुराने मंदिरों को सरकारी तौर पर अपने अधीन लेकर वहां गौशाला निर्मित करे।

### बाल विवाह को लेकर किया जागरूक

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी।** एसडीएम बालीचौकी ओमकांत ठाकुर की अध्यक्षता में बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 कार्यान्वयन बारे बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें एसडीएम (ना0) बालीचौकी ने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 का उद्देश्य बाल विवाह और इससे जुड़े और आकस्मिक मामलों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना है तथा यह सुनिश्चित करना है कि समाज में बाल विवाह का उन्मूलन हो। यह अधिनियम बाल विवाह पर रोक लगाने, पीड़ितों को राहत देने और इस तरह के विवाह को बढ़ावा देने वालों या ऐसा विवाह करने के लिए बहकाने या जो ऐसा विवाह कराते हैं, के लिए दंड जैसे प्रावधानों को उपलब्ध करवाता है। उन्होंने कहा कि बाल-विवाह का अर्थ है ऐसा विवाह जिसके बंधन में आने वाले दोनों पक्षकारों में से कोई बालक है अर्थात यदि पुरुष है तो इक्कीस वर्ष की आयु पूरी नहीं की है और यदि नारी है तो अठारह वर्ष की आयु पूरी नहीं की है। इस अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक बाल विवाह जो चाहे इस अधिनियम के प्रारंभ से पूर्व या पश्चात अनुष्ठापित किया गया हो, विवाह बंधन में आने वाले ऐसे अवयस्क लड़के या लड़की के विकल्प पर शून्यकरणीय होगा। (अनंत ज्ञान)

### सीनियर टी-20 क्रिकेट टीम का चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिला सीनियर टी-20 क्रिकेट टीम कैंप के लिए चयनित कर ली गई है। टीम में लोकेश चौहान, रोहित ठाकुर, अर्जुन वाधवा, सौरभ ठाकुर, निखिल ठाकुर, अक्षित शर्मा, मेहुल पठानिया, अंकुश ठाकुर, गंगा सिंह, प्रशांत बक्शी, राहुल ठाकुर कप्तान, चिराग शर्मा, कपिल देव, शुभम ठाकुर, शिवम शर्मा, सर्वग्य, आयुष जम्वाल उपकप्तान, एकांत ठाकुर, आयुष गुलेरिया, सूरज और अंकुश ठाकुर शामिल हैं। इन खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर 26 अप्रैल से पड्डल मैदान में लगाया जाएगा। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ मंडी के अध्यक्ष अजय राणा ने बताया कि इन खिलाड़ियों को कोच मनीष गुप्ता प्रशिक्षण देंगे।

### लॉर्ड्स कान्वेंट स्कूल में शोक सभा आयोजित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** कश्मीर के पहलगाम में हुए दर्दनाक आतंकवादी हमले को लेकर शोक में लॉर्ड्स कॉन्वेंट स्कूल सरकाघाट के बच्चों ने शोक सभा का आयोजन किया। दिवंगत लोगों की याद में 2 मिनट का मौन रखा और मोमबत्तियां जलाकर उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। विद्यालय की प्रधानाचार्य सपना ठाकुर ने बताया कि इस तरह के कायराना हमले की हम घोर निंदा करते हैं और सरकार से अपील करते हैं कि जिन्होंने इस घटना को अंजाम दिया जाए उन्हें पकड़कर जल्दी कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

# शिक्षा विभाग ने सरकाघाट बास्केटबाल छात्रावास के लिए शुरू की प्रवेश प्रक्रिया

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**प्रदेश** शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2025-26 के लिए प्रदेश की लड़कियों के लिए एकमात्र बास्केटबॉल खेल छात्रावास में प्रवेश के लिए चयन प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह चयन 26 अप्रैल को प्रातः 10 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरकाघाट के राष्ट्रीय बास्केटबॉल कोर्ट में आयोजित की जाएगी। गर्ल्स होस्टल के कोच और पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी राकेश ठाकुर ने बताया कि यह चयन प्रक्रिया उन बालिकाओं के लिए है जो बास्केटबॉल में रुचि रखती है और खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहती हैं। इस दौरान चयनित खिलाड़ियों को निःशुल्क खेल प्रशिक्षण, आवास एवं भोजन की सुविधा शिक्षा विभाग द्वारा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की यह पहल न केवल ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियों को आगे लाने का एक सशक्त माध्यम बनेगी, बल्कि राज्य में खेल प्रतिभाओं को निखारने की दिशा में भी एक अहम कदम सिद्ध होगी। कोच ने बताया कि इसमें प्रवेश के लिए पूरे प्रदेशभर से खिलाड़ी छात्राएं भाग ले सकती है। उनकी आयु 12 से 17 वर्ष के बीच होनी चाहिए। लंबाई 5 फुट 3 इंच से कम नहीं होनी चाहिए। इससे अधिक होने पर खिलाड़ी को ही प्राथमिकता दी जाएगी। खिलाड़ियों को अपने साथ खेल किट, खेल कोटा प्रमाणपत्र और जन्म प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है।

**प्रदेशभर से छात्राएं दे सकती हैं ट्रायल**

# मानव एकता दिवस पर 125 यूनिट रक्त किया एकत्रित


मानव एकता दिवस पर गुरुबचन सिंह की स्मृति में मंडी के डाडौर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**साध** संगत डाडोर को संबोधित करते हुए जोन के जोनल इंचार्ज डॉ. राम किशन अभिलाषी ने कहा कि प्रेम और भाईचारे की भावना को उजागर करता 'मानव एकता दिवस' निरंकारी मिशन द्वारा प्रति वर्ष 24 अप्रैल को बाबा गुरबचन सिंह जी की पावन स्मृति में श्रद्धा और आध्यात्मिक भावनाओं से परिपूर्ण वातावरण में आयोजित किया जाता है। मानव एकता दिवस के अवसर पर मिशन द्वारा देशभर में रक्तदान की प्रेरक श्रृंखला आरंभ होती है, जो निस्वार्थ सेवा भावना की सामूहिक जागृति का स्वरूप बनकर पूरे वर्ष समाज में प्रवाहित होती रहती है। इस वर्ष भी संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा पूरे भारतवर्ष की लगभग 500 से अधिक ब्रांचों पर भव्य रक्तदान शिविरों की अविरल श्रृंखला आयोजित की गई, जिनमें मंडी के डाडौरा में 125 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस शिविर में लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज नेरचौक जोनल हॉस्पिटल मंडी की ब्लड बैंक के विशेषज्ञ टीमों ने भाग लिया।

# फील्ड स्तर पर सजग रहें अधिकारी: स्वाति

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** वनों में आग लगने की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए वीरवार को एसडीएम स्वाति डोगरा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें वनों में आग लगने की संभावनाओं और उससे निपटने की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। स्वाति डोगरा ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य वनों को आग से बचाने के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा करना, विभिन्न विभागों और आमजन के बीच समन्वय को मजबूत करना है। सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में तत्परता से निगरानी रखें व स्थानीय जनभागीदारी के माध्यम से वनों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे फील्ड स्तर पर सजग रहें और आग लगने व अन्य अप्रिय घटना की सूचना मिलते ही तुरंत प्रभावी कदम उठाएं।

# सिटीजन सेवा पोर्टल में पंजीकरण न होने से बिगड़ी एमसी की रैंकिंग

## 33 में से मिले मात्र 7 अंक, समाधान शिविरों में 33 में से 28 अंक लेकर किया बेहतरीन प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**


नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

**नगर** निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा द्वारा स्वच्छ शहर समृद्ध शहर में प्राप्त स्थान व अंकों को लेकर एक समीक्षा बैठक की गई तथा बताया कि नगर निगम मंडी ने इस कार्यक्रम को पूरी तरह संवेदनशील होकर क्रियान्वित करने का प्रयास किया।

इसमें समस्त पार्षद, अधिकारी व कर्मचारी दिन-रात पूरी मेहनत के साथ कार्य करते रहे, लेकिन फिर भी सिटीजन सेवा में उम्मीद से कहीं कम पंजीकरण होने के कारण पूरी रैंकिंग में असर पड़ा और दो घटकों में शत प्रतिशत अंक लेने के बावजूद हम प्रदेश के निगम में 6 व नगर निकायों में 34वें स्थान तक ही पहुंच पाए, जबकी उम्मीद थी कि हम जिस प्रकार से मेहनत कर रहे हैं उसमें प्रथम स्थान भी आ सकता है। फिर भी हमें खुशी है कि साफ-सफाई और जनभागीदारी में हम अव्वल है और जो कुछ कमियां हाल ही में रही हैं उन्हें दूर करके हम अगले चरण में अपनी मौजूदा रैंकिंग में सुधार कर लेंगे। महापौर ने आम जनमानस से आग्रह किया कि इस तरह के अभियानों में जनता बढ़.चढ़कर भाग लें तथा सफाई का विशेष ध्यान रखें।

हिमाचल प्रदेश के समस्त नगरों, कस्बों व शहरों को सुदृढ़ व सक्षम बनाने के उद्देश्य से आरम्भ किए गए 'स्वच्छ शहर समृद्ध शहर' कार्यक्रम में नगर निगम मंडी द्वारा बेहतरीन कार्य करते हुए नगर निगम श्रेणी में छठवां स्थान प्राप्त किया है। मुख्य रूप से आकलन का आधार 3 कार्यों के आधार पर किया गया, जिसमें स्वच्छ भारत मिशन, समाधान शिविर व सिटीजन सेवा पोर्टल तीनों विषयों में नगर निकायों द्वारा किए गए कार्यों की प्रगति के हिसाब से अंक प्रदान किए गए, जिसमें स्वच्छ भारत भारत मिशन में नगर निगम मंडी ने 34 में से 34 अंक, समाधान शिविरों में 33 में से 28 अंक लेकर बेहतरीन प्रदर्शन किया, परंतु सिटीजन सेवा पोर्टल में जनता द्वारा इस्तेमाल की प्रगति में 33 में से मात्र 7 अंक ही हासिल कर पाया, जिसका मुख्य कारण शहर की जनता का इस पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण ना करवाया जाना रहा।

# पाक के खिलाफ भारत के उठाए कदम बहुत ही नरम : कैप्टन जगदीश वर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**पहलगाम** कश्मीर में 28 निहत्थे व बेकसूर लोगों के ऊपर पाकिस्तान ट्रेंड आतंकवादियों द्वारा नजदीक से गोलियां चलाकर मार देने की घटना को अंजाम देना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस घटना की निंदा करते हुए संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन हिमाचल के अध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा सेवानिवृत्त, मीडिया प्रभारी नायब सूबेदार अमृतलाल एवं कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर रोशन लाल चौहान ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भारत पिछले 65 वर्षों से 1960 में हुए सिंध पानी समझौते के अंतर्गत नदियों का 80 प्रतिशत पानी पाकिस्तान को दे रहा है, लेकिन उसके बदले में पाकिस्तान भारत के लोगों के खून का प्यासा है और इस तरह की घटनाओं को अक्सर अंजाम देता रहता है।

कैप्टन जगदीश वर्मा ने कहा कि भारत सरकार की कैबिनेट मीटिंग में लिए गए फैसले और उठाए गए कदम बहुत नरम हैं। जो देश कारगिल घुसपैठ के दौरान अपने सैनिकों के मरे हुए शवों को लेने से इनकार कर देता है उसको बॉर्डर सील कर देना, वीजा को खत्म कर देना, एंबेसी में स्टाफ की कमी कर देना, सिंधु पानी समझाने के ऊपर रोक लगा देना आदि पर्याप्त नहीं है। भारत की सरकारें कब तक अपने सैनिकों व अन्य लोगों का खून बहाती रहेगी।

**कहा- कब तक अपने सैनिकों का खून बहाती रहेगी सरकार**

## पड्डल के ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर में चल रहा अक्षय तृतीया महोत्सव

# हरिहर के पूजन से होती है भगवत कृपा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**पड्डल** के ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर में नौदिवसीय अक्षय तृतीया महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। महंत स्वामी श्री राजेश्वरानंद सरस्वती ने बताया कि अक्षय तृतीया महोत्सव 30 अप्रैल तक मनाया जाएगा। पड्डल के जगन्नाथ मंदिर में हरिहर पूजन अर्चन एवं विधि के धार्मिक अनुष्ठान प्रातः 7 बजे से मध्यान 12 तक तथा संगीतमय श्रीराम चरित्र मानस नवाह पारायण पाठ मध्यान्ह 1 से 4 तक व प्रवचन नाम संकीर्तन सायंकाल 6 बजे से 7:30 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर 30 अप्रैल को पूर्णाहुति मध्यान्ह 12:30 बजे, विशाल भंडारा महाप्रसादी मध्यान 1 बजे आयोजित किया जाएगा।

श्रीराम चरित्र मानस नवाह पारायण पाठ के दौरान हरिहर पूजन भी किया जा रहा है। हरिहर भगवान विष्णु और शिव का संयुक्त रूप है। इनका पूजन करने से भगवत कृपा की प्राप्ति होती है। शास्त्रों के अनुसार भगवान विष्णु की भक्ति शिवजी की कृपा के बिना नहीं मिलती है। ऐसे में हरिहर का पूजन करने से थोड़े से समय भगवान शिव और विष्णु को प्रसन्न किया जा सकता है।

### रामचरितमानस का नवाह पारायण पाठ में महत्व



**श्री** रामचरितमानस का नवाह पारायण पाठ का बहुत महत्व है। नवाह पारायण पाठ में भगवान राम के जीवन और शिक्षाओं का पाठ है। इसमें रामचरितमानस के सभी सात कांडों का पाठ किया जाता है। इसका आयोजन करने से मानसिक शांति, सुख-समृद्धि और मोक्ष की प्राप्ति होती है। श्री रामचरितमानस के पाठ से मनुष्य को जीवन की कठिनाइयों से बाहर निकलने में सहायता मिलती है।

# ड्रीम्स पॉलिटेक्निक में 155 छात्रों के जांचे दांत

## डेंटल कॉलेज सुंदरनगर की टीम ने दंत चिकित्सा शिविर का किया आयोजन

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**


डेंटल कॉलेज सुंदरनगर की टीम कॉलेज स्टाफ के साथ।

**हिमाचल** डेंटल कॉलेज सुंदरनगर ने वीरवार को क्षेत्र के ड्रीम्स पॉलिटेक्निक कॉलेज खिलड़ा में निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर डेंटल कॉलेज के चिकित्सकों ने मौखिक स्वास्थ्य को लेकर विद्यार्थियों को जागरूक किया एवं दांतों की जांच कर उनका इलाज भी किया। शिविर में 155 विद्यार्थियों के दांतों को चेक कर 26 मरीजों का इलाज आयोजन स्थल पर मौजूद डेंटल वैन में किया गया।

इस दौरान लोगों को मौखिक स्वास्थ्य बनाए रखने के तरीके एवं फायदे बताए गए। इसके साथ-साथ उन्हें इम्प्लांट लगाने की महत्वपूर्णता बताई गई तथा डेंटल मिथक व्याख्यान के माध्यम से सांझा किया। शिविर के समापन अवसर पर छात्रों से एक क्विज के माध्यम से कई ओरल हेल्थ से संबंधित सवाल पूछ कर सही उत्तर देने वाले छात्रों को उपहार दिए गए।

शिविर हिमाचल डेंटल कॉलेज के निदेशक डॉ. विकास जिंदल, डॉ. अनिल सिंगला व प्रधानाचार्य डॉ. बलजीत सिंह के दिशानिर्देश में पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग के दंत चिकित्सकों की टीम डॉ. साहिल ठाकर, डॉ. अंकिता, डॉ. अनिकेत गर्ग, डॉ. आभा, डॉ. अकांक्षा, डॉ. आंचल, डॉ. श्रेया, द्रौपदी द्वारा आयोजित किया गया। ड्रीम्स पॉलिटेक्निक कॉलेज की ओर से डायरेक्टर नरेश चौहान, प्रशासनिक अधिकारी पूजा चंदेल व प्रिंसिपल पॉलिटेक्निक कॉलेज डॉ. दिनेश शर्मा का अहम योगदान रहा।

# पहलगाम हत्याकांड को लेकर जज और वकीलों ने रखा मौन



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**पहलगाम** में हुए आतंकी हमले के खिलाफ वीरवार को भी मंडी जिला में प्रदर्शन व प्रार्थना सभा आयोजित किए गए। इसके अंतर्गत सब डिवीजन न्यायालय परिसर सुंदरनगर के बार रूम में जजों व वकीलों ने शहीदों के लिए मौन रखा। इसमें अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायाधीश सुंदरनगर अविनाश चंद्र, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी माधवी सिंह, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कोर्ट नंबर- 2 रवि, बार एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारी व अधिवक्ता मौजूद रहे। वहीं संयुक्त व्यापार संगठन, व्यापार मंडल सुंदरनगर और व्यापार मंडल बीएसएल कॉलोनी ने इस घटना के विरोध में दोपहर तक दुकानों को बंद रखा। व्यापारियों ने भोजपुर बाजार से एसडीएम ऑफिस तक नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन भी किया। इसके साथ अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की ओर से एसडीएम कार्यालय के माध्यम से एक ज्ञापन सुंदरनगर के अधिवक्ताओं ने प्रेषित किया।

**निर्णय** निजी ठेकों की नीलामी में ठेकेदारों की बेरुखी के चलते सरकार ने लिया फैसला

# जोगिंद्रनगर में अब सरकार परोसेगी शराब

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

**अब** जोगिंद्रनगर में शराब की बिक्री पर सरकार ने खुद कमान संभाल ली है। निजी ठेकों की नीलामी में ठेकेदारों की बेरुखी के चलते सरकार ने नागरिक आपूर्ति निगम (सिविल सप्लाई) के माध्यम से शराब बेचने का निर्णय लिया है।

बुधवार को बस स्टैंड के पास स्थित पुराने बंद पड़े ठेके को सिविल सप्लाई ने अपने नियंत्रण में लेकर औपचारिक रूप से दुकान शुरू कर दी। अब यहीं से सरकारी शराब बिक्री की शुरुआत हो गई है। क्षेत्र में किसी भी ठेकेदार ने शराब ठेका लेने में रुचि नहीं दिखाई। ऐसे में सरकार ने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत खुद शराब बेचने का फैसला लिया है, जिससे न केवल शराब की नियमित आपूर्ति बनी रहे, बल्कि सरकार को मिलने वाला राजस्व भी सुनिश्चित किया जा सके।

### सिविल सप्लाई के हाथों में 60 ठेकों की कमान



**यह** स्थिति केवल जोगिंद्रनगर तक सीमित नहीं है। पूरे हिमाचल प्रदेश में अब तक 60 शराब ठेके ऐसे हैं जिन्हें नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा संचालित किया जा रहा है। निजी कंपनियों और ठेकेदारों की उदासीनता के कारण राज्य सरकार ने इन ठेकों को सीधे सरकारी नियंत्रण में लेने का फैसला किया है।

### जोगिंद्रनगर में मिलेंगे 9 सरकारी ठेके

**नागरिक** आपूर्ति निगम जोगिंद्रनगर के अधिकारी रूपेश शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में कुल नौ स्थानों पर सिविल सप्लाई के माध्यम से शराब बिक्री की अनुमति दी गई है। इनमें जोगिंद्रनगर (दो ठेके), हराबाग, बस्सी, मच्छयाल, मेन भरोला, मकरीडी, बसाही और द्रुब्बल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन सभी दुकानों में प्रिंट रेट यानी निर्धारित मूल्य पर ही शराब उपलब्ध करवाई जाएगी।

### फैसले पर मिली-जुली प्रतिक्रिया

**सरकार** के इस निर्णय पर स्थानीय लोगों की राय बंटी हुई नजर आ रही है। कुछ लोगों ने इसे सामाजिक दृष्टिकोण से गलत बताते हुए विरोध किया है, तो वहीं कई लोगों ने सरकारी नियंत्रण को पारदर्शिता और नियमितता का कदम माना है। अब देखना होगा कि सरकार की यह नई व्यवस्था कितना प्रभावशाली साबित होती है और जनता इसे किस रूप में स्वीकार करती है।

# हाट बाजार की वजह से सुंदरनगर में गंदगी की भरमार, राहगीर परेशान

**भीम बसेड़ू, महादेव**

**जवाहर** पार्क मिलिट्री ग्राउंड एवं साथ लगते स्थानों में करीब एक माह से लगे हाट बाजार की वजह से गंदगी की भरमार हो गई है। भारी प्रदूषण की मार झेलने को मजबूर स्कूल बच्चे व राहगीर नाक ढककर आ जा रहे हैं। बता दें कि यहां खुले में ही मल मूत्र त्याग कर दिया गया है। इसे साथ ही तरह-तरह के बास मारते गीले कूड़े-कचरे के फैलने से आसपास रहने वाले लोगों को भी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इससे लोगों को बीमारियों का डर सता रहा है।

हाट बाजार से सटे लगभग पूरे स्थल में गंदगी का आलम है। इससे विद्यार्थियों, कर्मचारियों सहित अन्य कई क्षेत्रों में जुड़े लोगों पर लगातार दूषित वातावरण कुठाराघात कर रहा है। इसके लिए संबंधित विभाग व प्रशासन को जिम्मेदार ठहराने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी जो गीत-संगीत के कार्यक्रमों पर तो लाखों लुटाते हैं मगर सफाई व्यवस्था के नाम पर उदासीन रवैया अपनाए हुए है। यही नहीं ग्राउंड में लगे हाट बाजार के इर्द-गिर्द के इलाके को भी सफाई व्यवस्था के मामले में अव्वल रखना जरूरी ही नहीं बल्कि समय की भी मांग है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि वॉचमैन की निगरानी में ही सफाई व्यवस्था हो। (अनंत ज्ञान)

**लोगों को सता रहा बीमारियों का खतरा**

## न्यूज ब्रीफ

### अंब बार एसो. ने पहलगाम आतंकी हमले पर जताई निंदा

**अनंत ज्ञान, अंब।** अंब बार एसोसिएशन ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रिंस सूद ने एक बयान जारी कर कहा कि इस बर्बर हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी, और पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। प्रिंस सूद ने कहा गया कि आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन है और इसकी जितनी निंदा की जाए, कम है। एसोसिएशन ने शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। साथ ही इस हमले में मारे गए लोगों के लिए दो मिनट का मौन रखा। बार एसोसिएशन ने सरकार से आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और ऐसे कृत्यों को जड़ से समाप्त करने की अपील की। इस अवसर पर एडवोकेट अनिल शर्मा, रमेश चौधरी, राज कुमार धनोतिया, रीतेश पलियाल, विनस जसवाल, संजीव धीमान, अजय ठाकुर, निखिल जसवाल, अभिषेक, अनीता चौधरी, दीपक ठाकुर, व अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

### शिवबाड़ी मेले में 26 को नहीं होंगे कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** ऐतिहासिक शिवबाड़ी मेले की पहली संध्या पर अब सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित नहीं होंगे। इसाई धर्मगुरू पोप फ्रांसिस के स्वर्गवास के चलते केंद्र सरकार द्वारा 26 अप्रैल को रखे गए राष्ट्रीय शोक दिवस के चलते मेला प्रशासन ने इस दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित न करने का निर्णय लिया है। हालांकि इस प्राचीन ऐतिहासिक मेला का संचालन यथावत रहेगा और 26 अप्रैल को श्रद्धालु द्रोण महादेव के दर्शन कर सकेंगे। ऐतिहासिक शिवबाड़ी मेले को लेकर पहली बार प्रशासन ने शनिवार यानी 26 अप्रैल को स्थानीय अवकाश घोषित किया था और पहली बार ही मेले में स्टार नाइट का आयोजन किया जा रहा है लेकिन इसाई धर्मगुरू पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि देने के लिए केंद्र सरकार ने उनके अंतिम संस्कार के दिन 26 अप्रैल को राष्ट्रीय शोक दिवस घोषित किया है। इसके चलते अब 26 अप्रैल को आयोजित होने वाली स्टार नाइट का आयोजन नहीं होगा। भाषा एवं संस्कृति विभाग ने बकायदा इसकी अधिसूचना जारी कर अब शिवबाड़ी मेले में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों व स्टार नाइट की अनुमति 27 अप्रैल को की है। अब पंजाबी गायक गुरनाम भुल्लर, पहाड़ी लोक गायक करनैल राणा व इंडियन आइडल फेम कुमार साहिल सहित फिरदौस बैंड व अन्य कलाकार 27 अप्रैल को अपनी प्रस्तुतियां देंगे। एसडीएम गगरेट सौमिल गौतम ने बताया कि 26 अप्रैल को राष्ट्रीय शोक दिवस होने के कारण स्टार नाइट स्थगित कर दी गई है। हालांकि मेला ऐतिहासिक व पौराणिक है इसलिए मेले का संचालन 26 अप्रैल को बिना सांस्कृतिक कार्यक्रमों के होगा। अब 27 अप्रैल को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

### कांगड़ा की युवती ने रेप का मामला दर्ज करवाया

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पुलिस थाना सदर हमीरपुर में एक शिकायतकर्ता निवासी थाना खुंडिया जिला कांगड़ा की शिकायत के आधार पर रेप का मामला पंजीकृत हुआ है। शिकायतकर्ता के अनुसार जब वह वर्ष 2024 में हमीरपुर में एक कोचिंग सेंटर में कोचिंग ले रही थी तो एक लड़का जो कि खुंडिया थाना क्षेत्र जिला कांगड़ा का ही निवासी है तथा इसका परिचित था उसने हमीरपुर में शिकातकर्ता के क्वाटर में आकर उसके साथ रेप किया था तथा जबरदस्ती मांग में सिंदूर भरने की रील भी बनाई थी। जिसके आधार पर उक्त लड़के ने शिकातकर्ता के साथ कई बार रेप किया तथा मारपीट भी की। थाना खुंडिया जिला कांगड़ा से एफआईआर दर्ज होने पर थाना सदर हमीरपुर में यह मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी यादेश ने बताया युवक के खिलाफ मामला दर्ज छानबीन की जा रही है।

### प्रदेश की सीमाओं पर बढ़ाई चौकसी

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** पहलगाम में आतंकियों द्वारा किए गए नरसंहार के बाद हिमाचल पुलिस एक्शन मोड में आ गई है। हिमाचल पुलिस ने एहतियात के तौर पर पड़ोसी राज्यों के साथ लगती हिमाचल की सीमाओं पर चौकसी बढ़ा दी है। हिमाचल प्रदेश की पड़ोसी राज्यों के साथ लगती सीमाओं पर पुलिस बल तैनात कर दिए हैं जो हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रख रहे हैं। इसके साथ ही हिमाचल की तमाम सैरगाहों पर भी पुलिस की चौकसी बढ़ी है। पहलगाम में आतंकियों द्वारा धर्म पूछकर सैलानियों के किए गए कत्ल-ए-आम के बाद हिमाचल प्रदेश की सीमाओं की चौकसी बढ़ गई है। पर्यटकों की आमद बढ़ गई है।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में किया प्रदर्शन



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का पुतला फूंकते बड़ूही व्यापार मंडल के सदस्य

**अनंत ज्ञान, बड़ूही/ऊना**

पहलगाम में हुए आतंकी हमले से पूरा देश आहत है। ऊना जिला के विभिन्न संगठन इस कृत्य की घोर निंदा करते हुए विरोध कर रहा है। पाकिस्तान और आतंकी संगठनों का चारों ओर विरोध होने लगा है। हर कोई अपने तरीके से इस घटना पर रोष प्रकट कर रहा है। इस घटना से आक्रोशित होकर बड़ूही व्यापार मंडल ने सभी दुकानों को बंद रखकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान व्यापारियों ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का पुतला फूंकते हुए पाकिस्तान विरोधी नारे लगाए। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि निहत्थे और निर्दोष लोगों ओर धर्म पूछ कर की गई हत्याएं मानवता के खिलाफ है और इसका मुहतोड़ जवाब दिया जाना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान दो मिनट का मौन रखकर शहीदों और मारे गए निर्दोष नागरिकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। व्यापारियों ने सरकार से आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और देश की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की मांग की।

### हिंदू संगठनों ने आतंकवाद का पुतला जलाकर जताया आक्रोश

**आशीष शर्मा, गोंदपुर बनेहड़ा।** पहलगाम में आतंकी हमले और निर्दोष नागरिकों के नरसंहार के विरोध में गुरुवार को दौलतपुर चौक में जन आक्रोश फूट पड़ा। इसके उपरांत भाजपा के गगरेट और दौलतपुर मंडलों तथा विभिन्न हिंदूवादी संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से एक उग्र विरोध प्रदर्शन दौलतपुर बाजार ओर गगरेट बाजार किया गया। प्रदर्शन में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा, जिला पार्षद सुशील कालिया, राजीव राजू, अनिल डढ़वाल, अजय ठाकुर मंडल अध्यक्ष दौलतपुर, नितिन ठाकुर मंडल अध्यक्ष गगरेट, विकास डडवाल, राजीव शर्मा, अतुल शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर आतंकवाद के विरुद्ध अपने गुस्से को खुले तौर पर व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने भावुक होते हुए कहा यह सिर्फ एक हमला नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्र की आत्मा पर आघात है। (अनंत ज्ञान)

### राष्ट्रपति और सर्वोच्च न्यायालय को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, अंब।** अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष सुधीर जरियाल व महासचिव अनिल शर्मा के तत्वावधान में अंब के समस्त अधिवक्ताओं ने उपमंडल अधिकारी नागरिक अंब सचिन शर्मा के माध्यम से राष्ट्रपति व देश के सर्वोच्च न्यायालय को ज्ञापन सौंपा, जिसमें अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष ने बताया कि बीते 13 अप्रैल 2025 को विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा पारित न्यायिक जवाबदेही पर प्रस्ताव पारित किया गया था। अधिवक्ता परिषद अम्ब इकाई द्वारा समर्थन किया गया है।

अधिवक्ता सुधीर जरियाल व अनिल शर्मा ने बताया कि यह प्रस्ताव उच्च न्यायपालिका में हाल ही में हुई घटनाओं के बारे में बढ़ती चिंताओं बारे था जिसने सार्वजनिक चर्चा को उत्तेजित किया है और न्यायिक प्रणाली के भीतर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने वाले तंत्रों पर सवाल उठाया है।

न्यायिक स्वतंत्रता के महत्वपूर्ण सिद्धांत को कायम रखते हुए, इस बात पर जोर देते हुए कहा कि ऐसी स्वतंत्रता को जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए एक मजबूत, पारदर्शी और सत्यापन योग्य जवाबदेही तंत्र द्वारा पूरक होना चाहिए।

## बल्क ड्रग पार्क निर्माण को लेकर सरकार प्रतिबद्ध : उपमुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि बल्क ड्रग पार्क परियोजना के निर्माण को लेकर हिमाचल सरकार पूरी तरह से गंभीर और प्रतिबद्ध है औश्र हम तत्परता से इसे गति देने का काम कर रहे हैं। ऊना में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा द्वारा प्रदेश सरकार की ओर से परियोजना में केंद्र से मिली धनराशि न खर्च पाने के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री को संभवत: सही जानकारी नहीं दी गई थी, जिस कारण उन्होंने इस प्रकार का बयान दिया।



उन्होंने नड्डा से स्वयं परियोजना स्थल पर आकर काम की प्रगति देखने आग्रह किया। उन्होंने बताया कि वहां परियोजना से जुड़े बहुत से कार्य गति पर हैं। हम 400 से 500 करोड़ के टेंडर कर चुके हैं। जलशक्ति विभाग के 56 करोड़ के काम पूरे किए जा चुके हैं। टोबों की रीचार्जिंग के 15 करोड़ के काम किए जा रहे हैं। इसके अलावा बिजली और सड़क सुविधा के कार्यों को आगे बढ़ाया गया है।

अग्निहोत्री ने कहा कि पहाड़ी राज्य में निर्माण में आने वाली दिक्कतों के चलते हमने अतिरिक्त आर्थिक सहायता के तौर पर केंद्र से 500 करोड़ की मांग की है। इसके अलावा, परियोजना के तहत अजोली-पोलियों सड़क के लिए 429 करोड़ रुपए की डीपीआर बना कर केंद्र सरकार को भेजी है। वहीं परियोजना में भविष्य में पानी की जरूरतों को देखते हुए 50 एमएलडी की सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए भाखड़ा डैम से पानी उठाने की 170 करोड़ की स्कीम की डीपीआर भी केंद्र सरकार को भेजी गई है। उन्होंने जेपी नड्डा से अपील की कि वे इन कार्यों के लिए केंद्र सरकार से धनराशि मंजूर कराने में मदद करें।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने सारे मानकों को पूरा करते हुए पर्यावरणीय स्वीकृतियों को लेकर केंद्र सरकार को आवेदन किया है। इसे लेकर पर्यावरण मंत्रालय की सब कमेटी का दौरा होना है, लेकिन वो पिछले 3 महीने से लंबित है। उन्होंने नड्डा से इसमें हस्तक्षेप करने और शीघ्र सब कमेटी की विजित करवाने की अपील की। स्वीकृतियों के बाद ही साइट पे काम शुरू होगा।

## बड़सर स्कूल के छात्रों को एसपी ने नशे के खिलाफ किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार (अपना विद्यालय) कार्यक्रम के तहत शिक्षा के स्तर में गुणवता लाने, नशा-खोरी को रोकने के तहत राजकीय विद्यालय को गोद लेने के संदर्भ में वीरवार को पुलिस अधीक्षक जिला हमीरपुर द्वारा राजकीय स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़सर, जिला हमीरपुर में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया तथा बच्चों से इस विषय पर वार्तालाप करके महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान करके जागरुक किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने इस जिला में मादक पदार्थों के गैर कानूनी प्रवाह, प्रचलन और दुरुपयोग को जड़ से उखाड़ फेंकने और वर्तमान तथा भावी पीढ़ी के लिए पूर्णतया स्वच्छ वातावरण बनाने की दृष्टि से बनाए गए महत्वकांक्षी व सुनियोजित कार्यक्रम हमीरपुर बैड़ (वार अंगेस्ट ड्रग्स) विषय पर स्कूली बच्चों के साथ चर्चा की।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक जिला हमीरपुर ने यातायात के नियमों, सड़क सुरक्षा, पुलिस कार्य-प्रणाली, साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया, यातायात नियमों की अनुपालना, कानून-व्यवस्था पर जागरूक किया।

जिला स्तरीय नलवाड़ मेला झंडूता की हार्दिक शुभकामनाएं



आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

गोपाल कपिल, संवाददाता झंडूता



जिला स्तरीय नलवाड़ मेला झंडूता
की समस्त देश व प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
विकास खण्ड झंडूता, जिला बिलासपुर, हि.प्र.

1. स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत विकास खण्ड झण्डूता में उपलब्धियां
विकास खण्ड झण्डूता वर्ष 2024-25 में स्कूल तथा सार्वजानिक स्थलो पर 15 सार्वजानिक शौचालयों का निर्माण करवाया गया
2. विकास खण्ड झण्डूता में प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में 446 आवासों के लिए राशी स्वीकृत हुई है जिसमें से 419 लाभार्थीयों को प्रथम 268 लाभार्थीयों को द्वितीय तथा 33 लाभार्थीयों को तीसरी किश्त जारी कर दी है।
3 मद मनरेगा
विकास खण्ड झण्डूता के मद मनरेगा के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 मजदूरी पर 961. 84 लाख सामग्री पर 5.16 लाख व्यय किया गया तथा 361417 कार्य दिवस अर्जित किए गए। तथा 1896 कार्यों को पूर्ण किया गया है।

जारीकर्ता:- संजीव पुरी विकास खंड अधिकारी झंडूता

### इशिता ने उत्तीर्ण की जेईई-मेन की परीक्षा

**अनंत ज्ञान, अंब।** शिवालिक स्कूल अंब की साधारण परिवार से संबंध रखने वाली इशिता ने जेईई-मेन 2025 परीक्षा अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण कर जेईई एडवांस के लिए इशिता ने अपनी तैयारी करना शुरू कर दी है। शिवालिक हिल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी विद्यालय की छात्रा है। इशिता के पिता शिव कुमार और माता जीवन ज्योति बहुत ही साधारण परिवार से संबंध रखते है।



स्कूल में मैनेजिंग डायरेक्टर स्कूल प्रिंसिपल सुषमा डडवाल के साथ-साथ उनकी टीम द्वारा तैयार किए हुए नोट्स /टेस्ट सीरीज मॉक टेस्ट के साथ समय पर स्कूल में जेईई मेन की तर्ज पर टेस्ट सीरीज मॉक टेस्ट लेते रहने का ही नतीजा है कि पहले ही चांस में पास की है। इशिता का सपना कंप्यूटर इंजीनियरिंग करना है।

## लखदाता पीर का जन्मोत्सव सिंगा में धूमधाम से मनाया



लखदाता पीर के जन्मदिवस पर केक काटने के दौरान आयोजक।

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

हरोली उपमंडल के तहत पड़ती ग्राम पंचायत सिंगा में लखदाता पीर जी का जन्मदिन मनाया गया। गद्दीनशीन ज्ञानी बाबा सिंगा एवं प्रधान ग्राम पंचायत सिंगा ने बताया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष लखदाता लाला वाले पीर जी का 15 वां जन्मदिवस परंपरा के अनुसार हुआ।

प्रारंभिक औपचारिकताओं के बाद पंजाब के गायक गुरी धालीवाल ने पीर तेरी बंजली ते लगी तेरी हीर योगिया, वाह वाह मौज फकीरा, यारा वे यारा ओ यारा, तेरा इश्क नचांदा है में ता नचदी हा सईया, जिथे चलेगा चलूंगी नाल तेरे टिकटा दो लेली, जी की महिमा का गुणगान करेंगे संगत को नाचने पर मजबूर कर दिया। उसके उपरांत जन्मदिन के उपलक्ष पर 72 किलो का केक काट कर संगत में केक का प्रसाद बांटा गया। केक काटने की रस्म बीबी हरबड्डुसी देवी डेरा गोलणी पंजाब, बलबीर कुमार शारदा पस्सीबाल, प्रधान व सदस्य ग्राम पंचायत सिंगा द्वारा की गई।

इस अवसर पर गद्दीनशीन होशियार सिंह, सिम्मी, गोविंद दास घालुवाल, कमलजीत सुनेहरा, बाबा चन्नी, भोला बाबा, शव्वी बाबा, बलवीर बलाचौर, पंचायत सचिव स्नेह लता, सुरजीत सिंह रेलमाजरा, बाबा मंगल, संजू बिटन, सोनू, अमरीक सहित अन्य ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### दर्पण साहित्यिक संस्था ने करवाया वार्षिक समारोह

**अनंत ज्ञान, ऊना।** साहित्यिक संस्था 'दर्पण' (पंजीकृत) की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर 'दर्पण' एवं भाषा विभाग हिमाचल प्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में एक भव्य साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन ऊना स्थित जिला परिषद् सभागार में किया गया। इसमें राकेश भारतीय, संयुक्त आयुक्त, राज्य कर एवं आबकारी (उत्तर क्षेत्र) हिमाचल प्रदेश ने बतौर मुख्य अतिथि अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की। इनके अतिरिक्त ज़िला भाषा अधिकारी निकू राम, 'दर्पण' के अध्यक्ष अशोक कालिया व जिला पंचायत अधिकारी श्रवण कुमार भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। इस अवसर को चिरस्मरणीय बनाने के उद्देश्य से 'प्रतिबिम्ब' शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित बहुरंगी स्मारिका का विमोचन मुख्य अतिथि एवं गणमान्य जनों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि, राकेश भारतीय ने दर्पण संस्था के मात्र एक वर्ष के कार्यकाल को बेहद उपलब्धिपूर्ण करार दिया और संस्था के भविष्य की कामना करते श्रोताओं का दिल जीता।

**सुविधा** घर दहलीज पर स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन सरकार की दूरदर्शी पहल : विजय

# लोगों को मिल रही अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं

**अनंत ज्ञान, ऊना**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ऊना, एवं हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति शिमला के सहयोग से वीरवार को सनराइज एन जी ओ द्वारा ग्राम पंचायत सिंगा तहसील हरोली में एकीकृत स्वास्थ्य जागरूकता जांच अभियान के तहत नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया।

इस जांच शिविर में ग्राम सिंगा व अन्य आस-पास के क्षेत्रों के आम जनमानस ने हिस्सा लिया व नि:शुल्क जांच व दवाईयों के लिए सभी ग्रामीण वासियों ने अपनी खुशी जाहिर की इस शिविर में मुख्यातिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग ऊना के माननीय सदस्य, श्री विजय डोगरा अधिवक्त्ता ने शिरकत की।

उन्होंने लोगों को हिमाचल सरकार की स्वास्थ्य संबंधी जन-कल्याणकारी आयोजनाओं की जानकारी दी तथा उन्होने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एवं हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति शिमला तथा सनराइज एनजीओ, उपस्थित चकित्सकों, एनजीओ के प्रतिनिधियों, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों व उपस्थित प्रतिभागियों को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई दी तथा महत्वपूर्ण सेवाएं देने के लिए धन्यवाद भी किया।



विजय डोगरा का कैंप में स्वागत करते आयोजक।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने घर दहलीज पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं व ग्रामीणों की जांच के लिए इस तरह के नि:शुल्क कैप आयोजित करने की वचन वधता को निभाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमन्त्री सुखविंद्र सिह सुक्खू व कर्मठ उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के अथक प्रयासों से आम जनमानस के लिए उक्त सुविधाए प्रदान की जा रही है।

उन्होंने जिला के मुख्य चकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशाल ठाकुर, खंड चकित्सा अधिकारी हरोली व उपस्थित इलाके के सुजवान नागरिक, सनराइज एनजीओ के सचिव महेंद्र पाल डोगरा, प्रधान अजीत बाबा, सचिव ग्राम पंचायत स्नेह लता समेत सभी का इस कैप के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद किया।

डोगरा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रदेश स्तरीय राज्य अनुसूचित जाति आयोग का कार्यलय हमारे जिले में खोल कर दलितों व वंचितों के हितों की रक्षा करने के लिए बहुत बड़ी सौगात दी है। उन्होंने दलित वर्ग तक कार्य योजनाएं पहुंचाने के लिए इस कार्यालय को स्थापित किया है।

संस्था के सचिव महेंद्र डोगरा ने बताया कि इस शिविर में 270 के करीब स्थानीय नागरिकों ने इस स्वास्थ्य कैप का लाभ उठाया व इस शिविर में रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, क्षयरोग, एआईवी, हेपेटाइटिस बी,सी यौन संचारित रोग, मधुमेह की जांच की गई।

इसके इलावा अन्य संवेदनशील बीमारियों की जांच के लिए जिला अस्पताल के लिए रैफर किया गया। स्थानीय लोगो ने इस जांच कैप के आयोजन के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ऊना व संस्था को धन्यवाद किया।



# पहलगाम हमले के विरोध में बंद रहे कुल्लू-मनाली के बाजार

## लोगों ने जगह-जगह किया प्रदर्शन, बोले-पाकिस्तान पर हो कार्रवाई

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बीते दिनों आतंकवादियों के द्वारा निर्दोष लोगों की हत्या किए जाने के बाद देशभर में जनता का रोष बढ़ता जा रहा है। वहीं, हिमाचल प्रदेश के कुल्लू, भुंतर, मनाली व बंजार में पहलगाम आतंकी घटना के विरोध में आधा दिन तक बाजार बंद रखे गए, साथ ही जगह-जगह पर लोगों के द्वारा प्रदर्शन भी किया गया और केंद्र सरकार से मांग रखी गई कि वह जल्द से जल्द पाकिस्तान पर भी कार्रवाई करे।

वीरवार को जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर, सरवरी, अखाड़ा बाजार में भी लोगों ने अपनी दुकानें बंद रखीं। अखाड़ा बाजार के स्थानीय निवासी मनोज शर्मा, वीना चौहान, विनीत का कहना है कि जिस तरह से निर्दोष लोगों की हत्या की गई और उनके धर्म को पूछा गया, वह बहुत ही निंदनीय है अभी भी जम्मू-कश्मीर में कहीं आतंकियों के छिपे होने की बात सामने आ रही है, ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह इन आतंकवादियों पर कार्रवाई करें।

उन्होंने कहा कि कुल्लू जिले में भी विभिन्न संगठनों के द्वारा इस घटना के विरोध में प्रदर्शन किया गया और स्थानीय लोगों से अपनी दुकानें बंद रखने का भी आग्रह किया गया था, जिसे यहां सभी ने स्वीकार किया है।

लिहाजा, पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में कुल्लू जिले में जहां आक्रोश प्रदर्शन हो रहे हैं, वहीं, वीरवार को जिले के कुछ बाजार भी दोपहर 12 बजे तक बंद रखे गए। इसके लिए सभी दुकानदारों ने अपना सहयोग दिया है और अपनी दुकानों और कारोबार को बंद रखा है। (अनंत ज्ञान)



पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में बंद पड़ा कुल्लू का अखाड़ा बाजार।

## 10 मई को लगेंगी राष्ट्रीय लोक अदालतें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, कुल्लू आभा चौहान ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, शिमला, हिमाचल प्रदेश के तत्वावधान में 10 मई को जिला न्यायालय, कुल्लू, मनाली और बंजार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक-अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें दुर्घटना क्लेम, श्रम विवाद के मामले, बिजली व पानी के बिल, जमीनी विवाद, बैंक संबंधित विवाद, वैवाहिक विवाद और विशेष रूप से कम राशि के चेक से लेन देन के मामले लिए जाएंगे।

इस अवसर पर मोटर व्हीकल की लोक अदालत का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मोटर व्हीकल के चालानों का भी निपटारा किया जाएगा। जिन व्यक्तियों के न्यायालय में उपरोक्त श्रेणी के मामले लंबित हैं, वे ऐसे मामलों को लोक अदालत में लगवा सकते हैं। लोक अदालत में फैसला दोनों पक्षों की रजामंदी से किया जाता है तथा किसी पक्ष की हार या जीत नहीं होती। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुल्लू के दूरभाष नंबर 01902-222378 पर संपर्क किया जा सकता है।

## पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों के बीच फूंका पाकिस्तान का पुतला

**अनंत ज्ञान, आनी**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में वीरवार को व्यापार मंडल आनी के आह्वान पर वीरवार को आनी बाजार दोपहर 12 बजे तक बंद रहा। इस दौरान आनी कस्बे के व्यापारियों के अलावा अन्य लोग पुराने बस अड्डे में इकट्ठे हुए और पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ एक रोष रैली आनी के नए बस अड्डे होकर किरण बाजार तक पूरे कस्बे में निकाली गई।

इसके बाद पाकिस्तान और आतंकवाद का एक पुतला भी फूंका। इस दौरान आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार, जिला परिषद सदस्य जीवन ठाकुर, व्यापार मंडल आनी के प्रधान विनोद चंदेल, मंदिर कमेटी आनी के प्रधान वीरेंद्र मल्होत्रा, भाजपा के आनी मंडल अध्यक्ष वेद ठाकुर, पूर्व मंडलाध्यक्ष एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य रफ्तार ठाकुर सहित व्यापार मंडल के सदस्यों सहित कई अन्य महिला, पुरुष शामिल रहे।

आनी के पुराने बस अड्डे में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार ने कहा कि पहलगाम में जिस तरह से धर्म पूछ कर 27 निहत्थे, निर्दोष नागरिकों को मौत के घाट उतारा गया है, उससे भारत वर्ष सहित पूरा विश्व चिंतित और स्तब्ध है। लोकेंद्र कुमार ने कहा कि आज हमें एकजुट होकर आतंकी ताकतों से लड़ने की जरूरत है। हमें दलगत राजनीति से ऊपर उठकर आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाने की जरूरत है।

लोकेंद्र कुमार ने चेताया है कि क्षेत्र में आने वाले फेरीवालों और अन्य कारीगरों से सतर्क रहने की जरूरत है। इन लोगों से अपनी बहू, बेटियों महिलाओं को सुरक्षित रखने की जरूरत है, ताकि लव जेहाद की चपेट में न आ सके। वहीं, व्यापार मंडल आनी के प्रधान विनोद चंदेल ने कहा कि आनी कस्बे और आसपास के क्षेत्रों में किसी भी भारी राज्य के व्यक्ति को बिना उनका पंजीकरण करवाए, बिना उनकी वेरिफिकेशन करवाए दुकान या मकान किराए पर देने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी सुरक्षा को लेकर खुद भी जागरूक होने की जरूरत है।


पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ व्यापार मंडल आनी के सदस्य आक्रोश प्रदर्शन करते हुए तथा कार्रवाई की मांग करते हुए।

## ...अब आर्थिक तंगी नहीं बनेगी बाधा

### वित्त वर्ष 2025- 26 के लिए बढ़ाया सेवाओं का बजट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिले में अब मरीजों को डायग्नोस्टिक सेवाओं के लिए आर्थिक तंगी बाधा नहीं बनेगी। कुल्लू जिले के ढालपुर स्थित क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में मरीजों की डायग्नोस्टिक सेवाओं पर पचास लाख रुपए का बजट खर्च किया जाएगा। इस वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए स्वास्थ्य विभाग ने इस बजट में बढ़ोतरी की है।

अस्पताल में मरीजों की संख्या को देखते हुए इस वर्ष के लिए 13.69 लाख रुपए का बजट बढ़ाया गया है, ताकि मरीजों को आपातकालीन स्थिति में उपचार संबंधी दिक्कतें न आएं और आर्थिक तंगी उनके उपचार में बाधा न बने।

**कुल्लू अस्पताल में एक्स-रे, टेस्ट, आपातकालीन व इंडोर उपचार होगा निशुल्क :** कुल्लू अस्पताल में डायग्नोस्टिक के लिए आने वाले मरीजों की सुविधा को देखते हुए विभाग और अस्पताल प्रबंधन ने बेहतर उपचार उपलब्ध करवाने के लिए डायग्नोस्टिक सेवाओं को सुदृढ़ करने का निणर्य लिया है।

इसके तहत मरीजों का अस्पताल में एक्स-रे, टेस्ट, आपातकालीन व इंडोर उपचार निशुल्क रहेगा। उपरोक्त विभिन्न टेस्ट सेवाओं और उपचार के लिए बजट को बढ़ाने का यह निर्णय मरीजों के लिए राहत बनेगा। मरीजों को उपचार पर अतिरिक्त खर्च नहीं उठाना पड़ेगा।

> क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में अब मरीजों को डायग्नोस्टिक सेवाओं के लिए आर्थिक रुप से दिक्कत नहीं होगी। डायग्नोस्टिक सेवाओं के लिए मरीजों को आर्थिकी दिक्कत न बने, इसके लिए अस्पताल में अब डायग्नोस्टिक सेवाओं के लिए 50 लाख रुपए के बजट का प्रावधान रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग जिले के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए हमेशा प्रयासरत है।
>
> **डॉ. नागराज पवार, सीएमओ कुल्लू।**

**मरीजों की डायग्नोस्टिक सेवाओं पर खर्च होंगे पचास लाख रुपए**

### 4 जिलों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा क्षेत्रीय अस्पताल

क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू चार जिलों की आबादी को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। कुल्लू अस्पताल में मेडिकल कॉलेजों की तर्ज पर ही मरीजों की संख्या देखने को मिल रही है। अस्पताल में रोजाना की ओपीडी 1,100 से 1,400 के बीच रहती है। इसमें कुल्लू के अलावा लाहौल-स्पीति, मंडी और चंबा के सीमावर्ती क्षेत्रों के मरीज शामिल हैं।

## मालरोड में पाकिस्तान का पुतला जलाया, की नारेबाजी


मालरोड मनाली में आतंकी हमले के विरोध में आक्रोश प्रदर्शन किया गया।

**अनंत ज्ञान, मनाली**

पहलगाम हमले के विरोध में पर्यटन नगरी मनाली का बाजार बंद रहा। इस दौरान व्यापार मंडल सहित पर्यटन कारोबार से जुड़े समस्त संगठनों, विश्व हिंदू परिषद, हिंदू जागरण सहित समस्त मनाली वासियों ने भाग लिया और रोष रैली निकाली। माल रोड में पाकिस्तान का पुतला जलाया और जमकर नारेबाजी की।

पूर्व मंत्री गोविन्द ठाकुर सहित पूर्व विधायक रवि ठाकुर भी कार्यक्रम में शामिल हुए। दोनों नेताओं ने पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने इस दर्दनाक घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता दिखाई। उन्होंने केंद्र सरकार और भारतीय सेना से आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की अपील की। व्यापार मंडल मनाली ने पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए दोपहर साढ़े 12 बजे तक सभी दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद रखी।

**कश्मीर के पर्यटन कारोबारी भी हुए शामिल :** मनाली के विभिन्न सामाजिक संगठनों व व्यवसायिक संगठनों के रोष रैली में कश्मीर के लोग भी शामिल हुए तथा पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। अब्दुल, रहमान व अहमद ने कहा कि उन्हें उनका देश सर्वोपरि है।

## पहलगाम हमले के विरोध में पतलीकूहल में प्रदर्शन, पाकिस्तान का फूंका पुतला

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में सैलानियों के हत्या के मामले में अब जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। वहीं, हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के पतलीकूहल में भी स्थानीय निवासियों, व्यापार मंडल और विभिन्न संगठनों के द्वारा एक रोष रैली निकाली गई और पाकिस्तान का पुतला फूंका गया।

वहीं, इस दौरान पाकिस्तान और आतंकवादी संगठनों के खिलाफ नारेबाजी की गई और केंद्र सरकार से मांग रखी गई कि जल्द आतंकियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की हरकत आतंकी न कर पाएं। सेवा भारती प्रांत कार्यकारिणी सदस्य डीणे राम और व्यापार मंडल पतलीकूहल के व्यापारी सुभाष कपूर ने अपने संबोधन में कहा कि पाकिस्तान आतंकियों के माध्यम से बार-बार देश में दहशत फैलाता आया है और इससे लोगों के बीच डर फैल रहा है।

कश्मीर में धारा 370 खत्म होने के बाद यहां शांति व्यवस्था बनी हुई थी और बाहरी राज्यों से भी सैलानी कश्मीर की वादियों में घूमने के लिए आ रहे थे, लेकिन जिस तरह से आतंकियों ने निर्दोष सैलानियों पर हमला कर उन्हें मार डाला। वह सचमुच बहुत ही वीभत्स था, ऐसे में वीरवार को पतलीकूहल के साथ-साथ प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में दोपहर तक बाजार बंद रखा गया।

वहीं, केंद्र सरकार से भी आग्रह किया गया है कि वे जल्द इन आतंकी घटनाओं को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई करें।


व्यापार मंडल व अन्य संगठन पहलगाम हमले के विरोध में प्रदर्शन करते हुए।

## पीपल जातर से पूर्व चकाचक होंगी सड़कें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** 28 से 30 अप्रैल तक आयोजित होने जा रहे पीपल जातर मेले को लेकर जिला मुख्यालय कुल्लू में पीपल जातर मेले की तैयारियां जोर-शोर से चली हुई हैं। मेले के सफल आयोजन को नगर परिषद सहित अन्य विभिन्न विभागों ने अपने-अपने स्तर पर तैयारियों के लिए कमर कस ली है। इसी कड़ी में लोनिवि के कर्मचारी भी शहर की सभी खस्ताहाल सड़कों को चकाचक करने में जुटे हुए हैं। इसके अतिरिक्त आईपीएच और बिजली बोर्ड सहित अन्य सभी विभागों ने भी अपने स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं।

लोक निर्माण विभाग जिला मुख्यालय की गड्ढों में तबदील सड़कों को चकाचक करने में जुटा हुआ है और इसी बहाने पीपल मेले से पहले ही शहर की सड़कों की सूरत बदलने लगी है। हालांकि विभाग की ओर से सड़क में टारिंग का काम आगे भी जारी रहेगा। लिहाजा, इस बार पीपल मेले में आने वाले लोगों व पर्यटकों को कुल्लू में गड्ढों भरी सड़कों में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। मेले में पहुंचने वाले लोगों के लिए पीने के पानी की भी पुख्ता व्यवस्था सिंचाई एवं जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से की जा रही है, जबकि बिजली बोर्ड ने बिजली मरम्मत का काम भी तेज कर दिया है। उधर, मेले के आयोजन में किसी भी तरह की कमी न रहे इसको लेकर नगर परिषद कुल्लू कुल्लू विशेष ध्यान दे रही है। खेल प्रतियोगिताओं सहित अन्य कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर भी तैयारियां चली हुई हैं।

## ‘सारा यह जीवन है नाटक जैसा’ गीत से गूंजा नव ज्योति पब्लिक स्कूल


प्रसिद्ध रंगकर्मी केहर सिंह ठाकुर मंचन करते हुए व नाटक का लुत्फ उठाते विद्यार्थी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

केहर सिंह ठाकुर द्वारा अभिनीत व निर्देशित एकल नाटक ‘कहानियों की कहानी’ के14 मंचनों की शृंखला में चौथा मंचन नव ज्योति पब्लिक स्कूल कुल्लू में सफलतापूर्वक किया गया। स्थानीय संस्था ऐक्टिव मोनाल कल्चरल ऐसोसिएषन द्वारा रंगमंच को ग्रास रूट लेवल तक ले जाने के लिए और बच्चों के सर्वांगीण विकास के मद्देनजर ‘रंगमंच गांव-गांव, आंगन-आंगन’ की अवधारणा को समाज में लोकप्रिय करने के लिए भरपूर जोर लगा रही है।

उक्त नाट्य प्रस्तुति तीन कहानियां और दो गीत हैं, जिसमें पहला गीत जो नाट्य के प्रवर्तक भगवान भोलेनाथ को समर्पित है, वह गीत ‘सारा यह जीवन है नाटक जैसा, मंच पर जग के कैसे खेलूं, मोहे तू खेल सिखा भोले बाबा’ नवज्योति स्कूल के बच्चों व अध्यापकों ने खूब पसंद किया। पहली कहानी ‘भेड़ और भेड़िया’ में केहर ने जब सियार का अभिनय किया तो बच्चों में हंसी के फब्वारे फूटे।

स्कूल के प्रिंसिपल मोती लाल शर्मा ने ऐक्टिव मोनाल संस्था के सदस्यों का इस नाट्य प्रस्तुति के लिए धन्यवाद किया और बच्चों से आग्रह किया कि संस्था द्वारा आगामी दिनों में जो बच्चों की एकल अभिनय के प्रस्तुतियों की प्रतियोगिता आयोजित की जानी है, उसमें ज्यादा से ज्यादा भाग लें और छात्रों से कहा कि इस तरह की गतिविधि आपके व्यक्तित्व के विकास में सहायक सिद्ध होगी। प्रस्तुति में मंच पार्श्व में सहायक के रूप में संस्था के मीनाक्षी, रेवत व परमानंद आदि सदस्य मौजूद रहे।

## सिख गुरुओं व उनके परिवार के सदस्यों की भूमिका निभाना प्रतिबंधित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला भाषा अधिकारी कुल्लू प्रोमिला गुलेरिया ने कहा है कि राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एवं केंद्र सरकार द्वारा एक मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की गई है। इसमें यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी व्यक्ति या संगठन गोविंद सिंह साहिब के साहिबजादों और उनके परिवार के सदस्यों को मंच या नाटक, ड्रामा या किसी भी तरह के प्रदर्शन में चित्रित न करें।

स्टेज नाटकों, नाटक शो में श्री गोविंद सिंह साहिब के साहिबजादों और उनके परिवार के सदस्यों के रूप में अभिनय और भूमिका निभाने से रोकने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की गई है। मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार सिख धर्म की आस्था और ‘सिख रहत मर्यादा’ (गुरु गोविंद सिंह साहिब जी द्वारा निर्धारित आचार संहिता) और श्री गुरु ग्रंथ साहिब के आदेश के अनुसार किसी को भी सिख गुरुओं और उनके परिवार के सदस्यों के रूप में अभिनय करने या खुद को प्रदर्शित करने की अनुमति नहीं है। यह देखा गया है कि देशभर के कुछ स्कूलों में स्टेज शो, नाटक आयोजित किए जा रहे हैं, जहां स्कूली बच्चे छोटे साहिबजादों के रूप में अभिनय कर रहे हैं और साहिबजादों को ईंटों से मारते हुए दिखा रहे हैं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करने के लिए दिशा निर्देश स्थापित करना है कि कोई भी व्यक्ति या संगठन गुरु गोविंद सिंह साहिब के साहिबजादों और उनके परिवार के सदस्यों के ऐतिहासिक व्यक्तित्व को मंच या नाटकों, ड्रामा या किसी तरह के प्रदर्शन में गलत तरीके से प्रस्तुत न करें।

मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार दिशा निर्देश है कि मूर्ति पूजा और सिख गुरुओं एवं उनके परिवार के सदस्यों की भूमिका निभाना प्रतिबंधित है तथा इसे अपमानजनक माना जाता है। कोई भी व्यक्ति स्वयं किसी भी सिख गुरु या उनके परिवार के सदस्य के रूप में अभिनय प्रदर्शन नहीं कर सकता है और स्वयं को प्रस्तुत नहीं कर सकता है क्योंकि गुरु गोविंद सिंह साहब और उनके परिवार के सदस्यों को किसी भी मंच या नाटक, ड्रामा में व्यक्तियों द्वारा चित्रित नहीं किया जाना चाहिए। बच्चों को साहिबजादों की तरह कपड़े पहनने या उनकी नकल करने की अनुमति नहीं है। यह सिख सिद्धांतों और प्रथाओं के खिलाफ है।

सिख गुरुओं और उनके परिवार के सदस्यों के प्रति श्रद्धा को केवल लिखित और मौखिक रूप में ही व्यक्त किया जा सकता है। सिख गुरुओं और उनके परिवार के सदस्यों का इतिहास एनीमेशन के माध्यम से दिखाया जा सकता है। ऐतिहासिक व्यक्तित्व विशेष कर गुरु गोविंद सिंह साहब के साहिबजादो का चित्रण सांस्कृतिक और धार्मिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है । इससे यह सुनिश्चित होता है कि साहिबजादों के बलिदान का सम्मान करते हुए ‘सिख रहत मर्याद’ कायम रहे।

### सभी प्रदर्शनों में शामिल कलाकारों पर लागू होगी प्रक्रिया

यह मानक संचालन प्रक्रिया सभी अभिनेताओं, निर्देशकों निर्माताओं कार्यक्रम आयोजकों और मंच नाटकों, ड्रामा शो या किसी अन्य प्रकार के सार्वजनिक प्रदर्शन में शामिल कलाकारों पर लागू होती है । जहां व्यक्तियों को श्री गुरु गोविंद सिंह साहिब के साहिबजादों और उनके परिवार के सदस्यों के रूप में दिखाया जाता है।

### 26 दिसंबर को मनाया जाता है ‘वीर बाल दिवस’

सिख इतिहास के अनुसार दसवें गुरु गोविंद सिंह जी के छोटे पुत्रों साहिबज़ादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह को क्रमशः 9 और 6 वर्ष की छोटी उम्र में 26 दिसंबर 1704 को सरहिंद (पंजाब) में वजीर खान ने जिंदा ईंटों में चिनवा कर शहीद कर दिया था। भारत सरकार साहब ज़ादा जोरावर सिंह और साहबज़ादा फतेह सिंह की महान वीरता और सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि देने के लिए हर साल 26 दिसंबर को ‘वीर बाल दिवस’ के रूप में मनाती है ।

**जिला भाषा अधिकारी कुल्लू प्रोमिला गुलेरिया ने दी जानकारी**

## सोयल व हरिपुर में साफ पानी सप्लाई करने की मांग

**अनंत ज्ञान, मनाली।** उपमंडल मनाली के सोयल व हरिपुर में साफ पानी न आने से ग्रामीण परेशान हो उठे हैं। ग्राम पंचायत व ग्राम कमेटी सोयल व हरिपुर ने जलशक्ति विभाग से स्वच्छ जल की आपूर्ति की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में स्वच्छ जल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। सोयल के प्रधान अमर नाथ, उपप्रधान सुरेंद्र ठाकुर, ठाकुर माधोराय कमेटी हरिपुर के प्रधान, सुभाष ठाकुर सहित सुंदर शर्मा, घनश्याम शर्मा, दौलत राम, चन्द्र प्रकाश नेगी, विपुल गुप्ता व महेंद्र जोशी ने कहा कि जलशक्ति विभाग का फिल्टर बिलकुल भी काम नहीं कर रहा है जिस कारण उनके नलों में पानी के साथ रेत व मिट्टी आ रही है । उन्होंने जलशक्ति विभाग से स्वच्छ पानी की आपूर्ति करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि समस्या हल न होने पर ग्रामीणों को मजबूरन सख्त रुख अपनाना होगा।

## पदम पुरस्कार के लिए मांगे नामांकन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** गृह मंत्रालय भारत सरकार ने पदम पुरस्कार-2026 के नामांकन हेतु खिलाड़ियों के नामांकन आमंत्रित किए हैं। जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी कुल्लू कविता ठाकुर ने बताया कि युवा सेवा एवं खेल निदेशालय हिमाचल प्रदेश द्वारा पदम पुरस्कार-2026 के लिए योग्य खिलाड़ियों के नामांकन खिलाड़ियों की उपलब्धियों सहित भेजने का निर्देश दिया है। कविता ठाकुर ने जिले के खिलाड़ियों से आग्रह किया है कि 15 मई तक योग्य खिलाड़ियों के नामांकन, उनकी उपलब्धियों सहित जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी कार्यालय कुल्लू में प्रेषित कर सकते हैं।

## पिरडी में संयुक्त कमेटी ने जांची राफ्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिले में अब पर्यटन सीजन की शुरुआत हो गई है। रोजाना सैकड़ों पर्यटक कुल्लू-मनाली सहित अन्य पर्यटन स्थलों में पहुंच रहे हैं। सैलानी यहां आकर रिवर राफ्टिंग और पैराग्लाइडिंग जैसी साहसिक गतिविधियों का भी खूब लुत्फ उठा रहे हैं। ऐसे में पर्यटन सीजन के मद्देनजर सैलानियों के साथ किसी तरह का हादसा न हो, इसके लिए पर्यटन विभाग, अटल बिहारी वाजपयी पर्वतारोहण संस्थान की संयुक्त टीम के द्वारा तीन दिन तक विभिन्न राफ्टिंग प्वाइंट पर जाकर इन दिनों राफ्ट की जांच की जा रही है। इसमें 6 राफ्टों को मरम्मत के लिए भेजा गया, तो वहीं दो राफ्टों को पूरी तरह से डिस्मेंटल कर दिया गया है, ताकि सैलानियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ न हो सके। कुल्लू जिले के मुख्यालय के साथ लगते पीरडी में भी बुधवार को कमेटी के सदस्यों के द्वारा राफ्ट और उससे जुड़े सुरक्षा उपकरणों की जांच की गई।

**आयोजन** जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सोलंगनाला में की मॉकड्रिल आयोजित

## सोलंगनाला रोपवे में फंसे यात्रियों को सुरक्षित निकाला

**अनंत ज्ञान, मनाली**

जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने एनडीआरएफ के सहयोग से वीरवार को सोलंगनाला में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। सोलंगनाला रोपवे में अचानक आई तकनीकी खराबी या आपदा की स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने को लेकर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। मॉकड्रिल का टास्क सोलंगनाला में रोपवे तकनीकी खराबी के कारण कुछ केबिन बीच रास्ते में फंस थे, रखा गया था।

मॉकड्रिल में केबिन में सवार पर्यटक सहायता की प्रतीक्षा कर रहे थे। इस स्थिति में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय पुलिस की टीमों ने संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास किया। इस अभ्यास में रोपवे में फंसे यात्रियों को सुरक्षित निकालने के लिए रस्सी, हार्नेस और वैकल्पिक लिफ्टिंग तकनीकों का प्रयोग किया गया। इसके साथ ही चिकित्सा सहायता, संचार व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण के प्रबंधन की भी समीक्षा की गई।

समय-समय पर ऐसे अभ्यास के माध्यम से तैयारियों का परीक्षण होता है, बल्कि वास्तविक आपदा की स्थिति में जानमाल की रक्षा के लिए आवश्यक समन्वय को भी मजबूत होता है। स्थानीय लोगों और पर्यटकों ने भी इस मॉकड्रिल को सकारात्मक रूप से लिया और प्रशासन की तत्परता की सराहना की।

**ये रहे मौजूद :** मॉकड्रिल में एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट गगनदीप सिंह, तहसीलदार अनिल राणा, एनडीआरएफ के टीम कमांडर इंस्पेक्टर आदर्श गलोटिया, एसएचओ मनाली मुनीश, अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं सहबद्ध खेल संस्थान से अंकुश, डीडीएमए के संयोजक राकेश कुमार, वर्षा ठाकुर, अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग सहित एनडीआरएफ के जवान शामिल रहे।



सोलंग नाला में मॉकड्रिल के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास करवाने वाले जवान व अन्य।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सिंबल खोला

विकास खंड पंचरुखी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

आज की बैठक में प्रधान महोदय जी ने प्रस्ताव रखा कि ग्राम पंचायत सिंबल खोला वर्ष 2025-26 के बिकास कार्यो के लिए निविदाएँ आमंत्रित की जानी अति अवश्यक है। जो निम्न प्रकार से है।

| क्रं. सं. | सामग्री का नाम | प्रति फुट |
|---|---|---|
| 1 | खड़ रेता | प्रति फुट |
| 2 | खड़ बजरी | प्रति फुट |
| 3 | क्रेशर रेता 20,40 एमएम | प्रति फुट |
| 4 | क्रेशर बजरी 63,90 एमएम | प्रति फुट |
| 5 | बोल्डर | प्रति फुट |
| 6 | फाड़ा पत्थर | प्रति फुट |
| 7 | ईट नं. 1 | |
| 7 | ईट 2 (दोयम) | |
| 8 | शटरिंग लकड़ी | वर्ग फुट |
| 9 | शटरिंग लोहा | वर्ग फुट |
| 10 | साईन बोर्ड सीमेंट | प्रति बोर्ड लिखाई सहित |
| 11 | वाल पेंटिंग साईन बोर्ड | |
| 12 | सीमेंट केरीज़ सिविल सपलाई पंचरुखी से सिंबल खोला | |

उपरोक्त प्रस्ताव पर बिचार विमर्श किया गया व निर्णय लिया गया कि उक्त निविदाएँ दिनांक 09-05-2025 5:00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत सिंबल खोला के नाम बंद लिफाफे में डाक द्वारा भेजी जाएं। सामाग्री की मात्रा व गुणवता सही होना चाहिए। अन्यथा प्रधान ग्राम पंचायत किसी भी समय निविदाएँ को रद्द कर सकता है। निविदाएँ को स्वीकृत या रद्द का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। साथ में यह भी निर्णय लिया कि 25000 हजार कि एफडी ग्राम पंचायत के नाम कल्ब करनी होगी। निविदाएँ दिनाँक 15-05-2025 समय 12:00 खोली जाएगी

**प्रधान / सचिव ग्राम पंचायत सिंबल खोला**
**विकास खंड पंचरुखी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने चिट्टे सहित तस्कर किया गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस थाना कुनिहार की एक टीम जब गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए क्षेत्र में रवाना थी तो इस टीम द्वारा एक गुप्त सूचना के आधार पर सोमदत्त पुत्र घनश्याम निवासी डाकघर दिग्गल तहसील नालागढ़ जिला सोलन के कब्जे से मनेशी वर्षाशालिका कुनिहार के पास करीब 5 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। इस संदर्भ में उपरोक्त अभियोग थाना कुनिहार में पंजीकृत किया गया है। आरोपी सोमदत्त द्वारा नशा तस्करी के लिए प्रयुक्त मोटरसाइकिल नंबर HP12L-7902 को भी जब्त कर लिया गया है। इस मामले की जांच के दौरान ज्ञात हुआ है कि यह आरोपी इस चिट्टा को कुनिहार में युवाओं / छात्रों को सप्लाई करने की फिराक में था। इसके अतिरिक्त जांच पर यह भी पाया गया है कि आरोपी सोमनाथ एक आदतन अपराधी है, जो इससे पहले भी नशा तस्करी के 3 मामलों (2 थाना रामशहर, एक थाना सदर सोलन) में संलिप्त रहा है। यह उपरोक्त सभी मामलों में जमानत पर रिहा है, जिनमें अब इसकी जमानत खारिज करने की प्रक्रिया चलाई गई है। इस मामले की जांच जारी है।

### साधुपुल में कुपोषण से बचने के बताए उपाए

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की बाल विकास परियोजना कंडाघाट के तहत साधुपुल में वृत्त स्तरीय पोषण पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें पर्यवेक्षिका सुषमा शांडिल, ब्लॉक समन्वयक पोषण ईशान शर्मा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पोषण संबंधी जानकारी दी। पोषण के पांच नियम बताए गए। कुपोषण के जीवन पर प्रभाव और इससे बचने के उपाए बताते हुए संतुलित आहार के सेवन पर बल दिया गया। आयुष विभाग के योगा ट्रेनर विशाल व प्रियंका ने योग अभ्यास करवाया। इसी विभाग की लता एवं डॉ. जयपाल गर्ग ने पोषण एवं आयुर्वेद के बारे में जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों के स्वास्थ्य की जांच की। शिविर में लाभार्थियों की गोद भराई की गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पोषण पर आधारित स्थानीय फसल उत्पादों से बने व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई। इस मौके पर पंचायत प्रधान तुंदल चित्ररेखा, महिला स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधि सहित क्षेत्र की कई महिलाओं ने हिस्सा लिया।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा शुरू

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** श्रीजी परिवार ट्रस्ट चायल की वीरवार से एक मई तक चलने वाली श्रीमद् भागवत कथा भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुई। स्थानीय श्री लक्ष्मी नारायण मन्दिर से शुरू कलश यात्रा लोअर और अपर बाजार होते हुए पंचायत ग्राउंड पहुंची, जहां यात्रा और कथा व्यास श्रीहित अभय का स्वागत किया गया। श्रीमद् भागवत कथा और अक्षय तृतीया समारोह पर चायल में हो रहे आयोजन में बड़ी संख्या में श्रोता इस धार्मिक आयोजन में शामिल हो रहे हैं।

### पाइनग्रोव स्कूल में पर्यावरण संरक्षण की ली शपथ



**अनंत ज्ञान, सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य पर 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह', विषय पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी जिम्मेदारी और सामूहिक प्रयासों को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एक प्रेरणादायक शपथ से हुई, जिसमें सभी ने पृथ्वी को स्वच्छ और सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। इसके बाद एक जानकारीपूर्ण पावरप्वाइंट प्रस्तुति और एक भावनात्मक गीत वीडियो प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी के मन में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता तथा जागरूकता को और प्रबल किया। दिन में स्कूल परिसर में एक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में स्कूल प्रमुखों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। पर्यावरण एवं गरबोलॉजी (ग्रीन स्कूल) समन्वयक शिखा ठाकुर के नेतृत्व में सभी ने टीम बनाकर स्कूल के विभिन्न क्षेत्रों की सफाई की। यह आयोजन प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने का न सिर्फ एक अवसर था, बल्कि एक प्रेरणा भी थी कि मिलकर किए गए छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव ला सकते हैं।

### कन्या हॉकी छात्रावास के लिए हुई चयन प्रक्रिया



**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** माजरा कन्या हॉकी छात्रावास के लिए आज माजरा हॉकी ऐस्ट्रो टर्फ मैदान में चयन प्रक्रिया की गई, जिसमें लगभग 24 कन्या खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस बार माजरा हॉकी कन्या छात्रावास में तीन कन्या खिलाड़ियों के लिए चयन प्रक्रिया की जा रही है। माजरा में हॉकी कन्या छात्रावास में कई खिलाड़ी इंटरनेशनल व राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके हैं यह छात्रावास हिमाचल हॉकी टीम की छात्राओं के लिए है। खिलाड़ियों का प्रशिक्षण लेने के लिए चीफ सिलेक्टर विकास पुंडीर, दर्शन सिंह, संदीप धीमान, एडीपीओ जिला सिरमौर महेश चंद्र उपस्थित रहे तथा शिमला से ऑब्जर्वर के रूप में तिलक उपस्थित रहे। माजरा कन्या हॉकी छात्रावास में कोच पंकज सकलानी के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाता है तथा राष्ट्रीय स्तर पर माजरा छात्रावास के खिलाड़ी मेडल जीतने में कामयाब हो रहे हैं।

# सपरून में फुटपाथ निर्माण का कार्य रुका

## पेयजल पाइप लाइन बनी बाधा, जलशक्ति विभाग को पाइप लाइन शिफ्ट करने का किया आग्रह

**आर मोहन चौहान, सोलन**

शहर के सपरून में निर्माणाधीन फुटपाथ का कार्य अचानक रोक दिया गया। जलशक्ति विभाग की पाइप लाइन फुटपाथ के बीच आने से ठेकेदार ने निर्माण कार्य को बंद कर दिया है, ऐसे में फुटपाथ निर्माण पर अनिश्चितता बन गई है।

लोगों को उम्मीद थी की यह कार्य जल्द सिरे चढ़ेगा, जिससे लोगों को पैदल चलने की आसानी होगी। हालांकि नगर निगम ने जलशक्ति विभाग के अधिकारियों को पाइप लाइन शिफ्ट करने का आग्रह किया है। अब पाइप लाइन शिफ्ट होने की स्थिति में ही फुटपाथ का कार्य शुरू होगा। यहां पाइप लाइन टूटने की स्थिति में रबोन, देऊंघाट में पेयजल का संकट उत्पन्न होगा। यही कारण है कि ठेकेदार फिलहाल फुटपाथ निर्माण का जोखिम नहीं लेना चाह रहा है।

**60 लाख रुपए की डीपीआर हुई है मंजूर :** नगर निगम ने फुटपाथ के लिए 60 लाख रुपए की रिवाइज्ड डीपीआर मंजूर करवाई है, पर अभी 20 लाख रुपए की राशि निर्माण कार्य शुरू करने को मिली है। सपरून में फोरलेन निर्माण के चलते फुटपाथ को तोड़ा गया था। इसके बाद से यहां पैदल चलने की जगह नहीं बची, जिससे राहगीरों को खासकर स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को सड़क किनारे पैदल चलना जोखिम भरा हो गया है। यहां फुटपाथ का निर्माण पूरा होने से राहगीरों को पैदल चलने में आसानी होगी। सपरून में निर्माणाधीन फुटपाथ के साथ अब स्लिप रोड और पार्किंग का भी निर्माण होगा। (अनंत ज्ञान)



सपरून में निर्माणाधीन फुटपाथ के बीच में पेयजल पाइप लाइन रोड़ा बन गई है, जिस कारण कार्य रुक गया है।

> सपरून में फुटपाथ निर्माण में पेयजल पाइप लाइन आड़े आ रही है। जलशक्ति विभाग से इस लाइन को शिफ्ट करने का आग्रह किया है। फिलहाल निर्माण का जोखिम नहीं लिया जा सकता है। फुटपाथ बनने से जहां स्थानीय लोगों को पैदल चलने की सुगमता होगी, वहीं यहां पर जल्द पार्किंग की सुविधा भी होगा।
>
> **राजीव कौड़ा, पार्षद व पूर्व डिप्टी मेयर, नगर निगम सोलन।**

### चार वार्डों के लोगों को मिलेगी सुविधा

सपरून में फुटपाथ बनने से शहर के चार वार्डों के लोगों को सुविधा मिलेगी। वार्ड-14 की हाउसिंग कॉलोनी, कमल ऑर्चर्ड सोसाइटी, वार्ड-13 का क्लीन, सपरून पंचायत, वार्ड -16 का रबोन, आंजी तथा वार्ड नंबर एक का देउंघाट सहित बाहर से आने वाले यात्रियों की आवाजाही सुगम होगी। इसी मार्ग से रोज उपनगरों और आसपास के गांव से सैकड़ों की संख्या में लोग सोलन शहर पहुंचते हैं। फुटपाथ की कमी से लोगों को जान जोखिम में डालकर वाहनों की भीड़ के बीच चलने को मजबूर होना पड़ता है। यदि समय रहते फुटपाथ का निर्माण होता है तो लोगों को जल्द पैदल चलने की आसानी होगी।

### फुटपाथ को 20 लाख मंजूर

**सपरून** में फुटपाथ निर्माण को सरकार से 20 लाख रुपए की राशि मंजूर हुई है। हालांकि इस कार्य को पूरा करने के लिए 60 लाख रुपए की रिवाइज्ड डीपीआर बनी है। फोरलेन की जद में आए फुटपाथ का नए सिरे से निर्माण के लिए स्थानीय सामाजिक संस्थाओं सहित वार्ड-14 के पार्षद राजीव कौड़ा को चार साल संघर्ष करना पड़ा। पार्षद के प्रयासों से फुटपाथ निर्माण की योजना सिरे चढ़ी। कुछ महीने पहले ही स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह की मौजूदगी में इसका शिलान्यास हुआ है। शुरू में फुटपाथ निर्माण वाली जगह रेहड़ी-फड़ी का कब्जा हो गया था, जिससे हाईकोर्ट के आदेश से हटा दिया गया है।

### सड़क हादसे में मैकेनिक गंभीर रूप से घायल

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** चमाकड़ी पुल के समीप सड़क हादसे में एक मैकेनिक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार तेज राम नामक व्यक्ति अपनी गाड़ी को लेकर रोपड़ जा रहा था, जो चमाकड़ी पुल के पास खराब हो गई। उन्होंने दाड़लाघाट से विजय कुमार नामक मैकेनिक को बुलाया, जो गाड़ी को ठीक करने के लिए ड्राइवर सीट पर बैठा था। हादसे के समय एक ट्रक नंबर एचपी-11सी-2526 ने तेज रफ्तार और लापरवाही से गलत दिशा में आया और सड़क किनारे खड़ी उस गाड़ी को टक्कर मार दी।

इस टक्कर से विजय कुमार को दाहिनी टांग में गंभीर चोटें आईं। घायल मैकेनिक को तुरंत दाड़लाघाट अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें आईजीएमसी शिमला रेफर कर दिया गया। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने बताया कि दाड़लाघाट पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## लॉरेंस स्कूल सनावर में तैराकी चैंपियनशिप शुरू

**अनंत ज्ञान, सोलन**

दी लॉरेंस स्कूल सनावर में 38वीं अखिल भारतीय आईपीएससी बालक तैराकी चैंपियनशिप (एक्वेटिक्स) का शुभारंभ हुआ।

चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिष्ठित 24 स्कूलों की टीमें भाग ले रही हैं। इनमें बीके बिड़ला सेंटर ऑफ एजुकेशन, पुणे; बीपीएस, पिलानी; डेली कॉलेज, इंदौर; डीपीएस, मथुरा रोड व आरके पुरम; जेनेसिस ग्लोबल स्कूल, नोएडा; एलके सिंघानिया एजुकेशन सेंटर, गोटन; मेयो कॉलेज, अजमेर; मॉडर्न स्कूल, नई दिल्ली; पाइनग्रोव स्कूल, धरमपुर; पीपीएस, नाभा; राजकुमार कॉलेज, रायपुर व राजकोट; आरआईएमसी वेलहम ब्वॉयज स्कूल व द दून स्कूल, देहरादून; द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर; द हैदराबाद पब्लिक स्कूल, बेगमपेट; द लॉरेंस स्कूल, सनावर; द मान स्कूल, दिल्ली; द संस्कार वैली स्कूल, भोपाल; द सिंधिया स्कूल, ग्वालियर; वाईपीएस, मोहाली व पटियाला। प्रतियोगिता के पहले दिन 200 मीटर (अंडर 14 आयु वर्ग) में प्रथम अर्नव जौरा (वाईपीएस, मोहाली), द्वितीय अयान खन्ना (राजकुमार कॉलेज, रायपुर) 200 मीटर (अंडर 17 आयु वर्ग) में प्रथम आरुष रस्तोगी (डीपीएस, मथुरा रोड), द्वितीय वीर राठी (मॉडर्न स्कूल, नई दिल्ली), 200 मीटर (अंडर 19 आयु वर्ग) में प्रथम धवल शेरकर (बीके बिड़ला सेंटर, पुणे), द्वितीय वंश मित्तल (मेयो कॉलेज, अजमेर), 100 मीटर (अंडर 14 आयु वर्ग) में प्रथम सम्राट राठी (मॉडर्न स्कूल, दिल्ली), द्वितीय व्योम विमल चनियारा (राजकुमार कॉलेज, राजकोट) 100 मीटर (अंडर 17 आयु वर्ग) में प्रथम अधविक गुप्ता (मेयो कॉलेज, अजमेर), द्वितीय यथार्थ सिंह (डीपीएस, मथुरा रोड), 100 मीटर (अंडर 19 आयु वर्ग) में प्रथम रेहान सेजवाल (डीपीएस, आरके पुरम), द्वितीय शौनित जैन (डेली कॉलेज, इंदौर) रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसडीएम कसौली महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं युवाओं में अनुशासन, प्रतिस्पर्धा की भावना और खेल कौशल को बढ़ावा देती हैं। दी लॉरेंस स्कूल, सनावर के हेडमास्टर ने सभी प्रतिभागी टीमों का स्वागत करते हुए कहा कि हम सबका हृदय से स्वागत करते हैं और इस प्रतियोगिता के लिए सभी टीमों को शुभकामनाएं देते हैं।



दी लॉरेंस स्कूल सनावर में तैराकी प्रतियोगिता के शुभारंभ पर मौजूद गणमान्य।

### 23 जून को स्थानीय अवकाश घोषित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** मां शूलिनी मेला के आयोजन के अवसर पर 23 जून को सोलन उपमंडल की परिधि में स्थानीय अवकाश रहेगा। इस संबंध में सोलन के उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने आदेश जारी किए हैं।

### डॉक्टर शांडिल आज सोलन के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 25 अप्रैल को सोलन के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल 25 अप्रैल को प्रातः 9.30 बजे उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के साथ सोलन के गंज बाजार में श्री लक्ष्मी सिंह व्यवसायिक परिसर के लोकार्पण के अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

## बहारा विवि में महिला समूहों ने लगाया पहाड़ी व्यंजनों का स्टाल



दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत महिलाओं ने स्टाल लगाया।

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट**

उपमंडल के वाकनाघाट स्थित बहारा विश्वविद्यालय में नगर पंचायत कंडाघाट के दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में गठित महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों ने बुधवार और वीरवार को पहाड़ी व्यंजनों का स्टाल लगाया।

इसमें सक्षम ग्रुप से संबद्ध एंजल और समृद्धि ग्रुप की महिलाओं ने हिस्सा लिया। महिलाओं ने स्टाल से पहाड़ी व्यंजन मीठे और नमकीन सिड्डू, मक्की की रोटी सरसों का साग परोसा। स्वयं सहायता समूहों का बनाया हुआ आचार, मुरब्बा, तिल, अलसी के लड्डू और खेतों में उत्पादित किए धनियां जैसे सब्जी उत्पादों को विक्रय किया।

सक्षम संगठन की प्रधान सरोज बाला सीओ कांता और अन्य प्रतिभागी महिलाओं ने बताया की महिलाओं के समूह स्वयं इन वस्तुओं को बनाते और विक्रय करते है। इससे महिलाएं आर्थिक तौर से सशक्त हो रही है।

## चौहान ने की पहलगाम आतंकी हमले की निंदा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ, जिसमें कई पर्यटक शहीद हो गए। इस हमले की निंदा करते हुए पूर्व जिला सचिव कांग्रेस सोलन चौहान कृष्णा ने कहा कि यह घोर कृत्य है और सरकार को दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।



उन्होंने सरकार से अपील की है कि वह इस हमले के दोषियों को जल्द से जल्द पकड़कर कड़ी सजा दें। चौहान कृष्णा ने कहा कि यह हमला न केवल पर्यटकों के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक बड़ा खतरा है।

उन्होंने कहा कि सरकार को आतंकवाद के खिलाफ कड़े कदम उठाने चाहिएं और दोषियों को सजा दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करना चाहिएं। कृष्णा ने विपक्षी नेताओं से भी अपील की है कि वे इस मसले पर सरकार का साथ दें और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हों। उन्होंने कहा कि यह समय देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का है और सरकार को इस दिशा में कड़े कदम उठाने चाहिएं।

## नाटक 'पैरासिटामोल' को जीवंत करेंगे आर्टिस्ट

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय की थियेटर शाखा 'शूलिनी क्रिएटिव स्टूडियो' अपने नवीनतम प्रोडक्शन नाटक पेरासिटामोल के साथ दर्शकों को लुभाने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो कि मोलियर की प्रतिष्ठित कॉमेडी 'द डॉक्टर इन स्पाइट ऑफ हिमसेल्फ' का रूपांतरण है। यह नाटक शूलिनी परिसर में प्रदर्शित किया जाएगा और बाद में 26 अप्रैल को टैगोर थियेटर, चंडीगढ़ और 3 और 4 मई को गेयटी थियेटर शिमला में मंचित किया जाएगा।

शूलिनी विश्वविद्यालय में प्रदर्शन कला के सहायक प्रोफेसर और अनुभवी थियेटर व्यवसायी अंकुर बशर द्वारा निर्देशित यह नाटक एक मजाकिया, उच्च ऊर्जा वाला व्यंग्य है, जो डॉक्टरों में अंधविश्वास और सामाजिक मानदंडों की बेतुकी बातों का मजाक उड़ाता है। नाटक पैरासिटामोल, सगनारेल नामक एक लकड़हारे की हास्य पूर्ण रूप से उलझी हुई कहानी पर आधारित है, जिसे गलती से डॉक्टर समझ लिया जाता है। धोखे, गलत पहचान और सामाजिक आलोचना से जुड़ी कई भयावह परिस्थितियों के माध्यम से नाटक आज के समय के विषयों के साथ सामने आता है जैसे कि घरेलू हिंसा, शिक्षा तक पहुंच और सामाजिक-आर्थिक विभाजन को छूता हुआ।

इस साल, हमने कॉमेडी को एक राजनीतिक कार्य के रूप में चुना और आज की दुनिया में, हास्य अक्सर राजनीतिक होता है और राजनीतिक गहरा हास्य होता है। अंकुर बशर ने कहा कि मोलिएरे का काम आधुनिक समाज के पाखंडों को दर्शाता है, जो इसे छात्रों के नेतृत्व वाले प्रदर्शन के लिए आदर्श बनाता है, जो आकर्षक और विचारोत्तेजक दोनों हैं।प्रतिभाशाली छात्रों के समूह द्वारा समर्थित इस नाटक में समर्थ सिंह ठाकुर, अभिजीत नायर, दक्ष पारेख, रजत शर्मा, दिबनसी राणा, सुनिधि देव, लक्ष्मी वसुंधरा ममीदी और कई अन्य कलाकार जीवंत भूमिकाओं में हैं। संगीत निर्देशन अभिजीत नायर और लक्ष्मी वसुंधरा द्वारा किया गया है, जिसमें मूल रचनाएं छात्र संगीतकारों द्वारा लाइव प्रस्तुत की गई हैं।

क्रिएटिव टीम में सेट डिजाइन के लिए सुनिधि देव और अंकुर बशर, लाइट्स पर उज्ज्वल कुमार और कोरियोग्राफर के रूप में खुशी माहेश्वरी शामिल हैं। प्रोडक्शन का प्रबंधन प्रशांत कुमार द्वारा किया गया है, जिसमें शिबानी द्वारा वेशभूषा और भित्ति चित्र और शूलिनी मीडिया टीम द्वारा समग्र प्रचार का समन्वय किया गया है। क्लासिक की इस साहसिक और प्रफुल्लित करने वाली पुनर्कथन को मिस न करें, हंसी, अंतर्दृष्टि और युवा ऊर्जा से भरी एक शाम आपका इंतजार कर रही है।



नाटक पैरासिटामोल को मंच पर जीवंत करते शूलिनी के थियेटर आर्टिस्ट।

### पहलगाम में हिंदुओं के नरसंहार के विरोध में आज सोलन बाजार 11 बजे तक बंद रहेगा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** कश्मीर के पहलगाम में हुए नरसंहार का व्यापार मंडल सोलन ने विरोध किया है। व्यापार मंडल के प्रधान कुशल जेठी और महासचिव पंकज वर्मा ने कहा कि इस नरसंहार के खिलाफ व्यापार मंडल सोलन 25 अप्रैल को सुबह 11 बजे तक अपनी दुकानों को बंद रखकर इस आतंकवादी घटना का विरोध करेंगे, साथ ही इस हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

### जन समस्याओं का त्वरित समाधान 30 को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन जिले की देलगी पंचायत के मेला मैदान में 30 अप्रैल को प्रातः 10.30 बजे से 'राजस्व लोक अदालत' तथा 'जन शिकायत निवारण कार्यक्रम' आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी उपमंडलाधिकारी सोलन डॉ. पूनम बंसल ने दी। डॉ. पूनम बंसल ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक माह की अंतिम तिथि को 'राजस्व लोक अदालत' एवं 'जन शिकायत निवारण कार्यक्रम' का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से उक्त कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया ताकि विभिन्न समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सके।

### अन्हेच पंचायत के प्रधान सम्मानित



**अनंत ज्ञान, कुमारहट्टी।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि पंचायत प्रधान उन्हें दी गई न्यायिक शक्तियों का अपनी पंचायत में अधिक से अधिक प्रयोग करें, जिस कारण ग्रामीण क्षेत्र की गरीब जनता को उनके घर-द्वार ही न्याय मिल सके। उन्हें अदालतों के चक्कर न काटने पड़ें। मनमोहन शर्मा वीरवार को राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर जिला परिषद हाल सोलन में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर उपायुक्त ने कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न पंचायत के प्रधानों व विभागीय अधिकारियों से पंचायतीराज एक्ट व पंचायतों की कार्यप्रणाली और पंचायतों द्वारा करवाया जा रहे, सभी प्रकार के कार्यों पर पर चर्चा की। उन्होंने इस अवसर पर अन्हेच पंचायत के प्रधान मोहनलाल कंवर को विकासखंड सोलन में बेहतरीन कार्य करने के लिए सम्मानित किया, साथ ही विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को भी उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर जिप अध्यक्ष रमेश ठाकुर, एडीसी सोलन राहुल जैन, जिला पंचायत अधिकारी बीडीओ सोलन रमेश शर्मा व अनेक पंचायतों के प्रधान व अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### डीएवीएन ददाहू में प्रतियोगिताएं आयोजित

**अनंत ज्ञान, नाहन।** विश्व धरती दिवस के अवसर पर डीएवीएन पब्लिक स्कूल ददाहू में पहले विभिन्न कक्षाओं के लिए अलग-अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और उसके बाद पूरे ददाहू क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली गई। कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों में कक्षा आठवीं की छात्रा साक्षी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा नौवीं से दसवीं के विद्यार्थियों के समूह में कक्षा नौवीं के छात्र काव्या वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों के समूह में कक्षा आठवी की छात्रा अनीषा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा नौवीं से दसवीं के विद्यार्थियों के समूह में निबंध लेखन में कक्षा दसवीं की छात्रा सुहानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थी, अध्यापक धनवीर शर्मा, जितेंद्र कुमार, प्रियंका शर्मा, कुसुम शर्मा, हिमांशु चैहान, पूजा, रीना अग्रवाल, विद्यालय के प्रधानाचार्य धनेंद्र गोयल उपस्थित थे।

## बिजली के स्मार्ट मीटर लगने से मीटर रीडर कामगार हो जाएंगे बेरोजगार

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट**

> मीटर रीडरों ने कहा-बिजली बोर्ड का कोई भी अन्य कार्य करने को हैं तैयार

हिमाचल प्रदेश में बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया चल रही है। इससे बाद अब उपभोक्ताओं के बिल मोबाइल पर ही आएंगे। इसके साथ ही प्रदेश में ठेकेदार के मार्फत आऊटसोर्स पर सालों से बिल रीडर का काम करने वाले सैकड़ों कामगार बेरोजगार हो जाएंगे। प्रदेश में पिछले कई सालों से बिजली के बिल देने की प्रक्रिया आऊटसोर्स पर ठेकेदारों के माध्यम से रखे मीटर रीडर कामगारों के माध्यम से चल रही है।

बिजली बोर्ड सात रुपए प्रति मीटर के हिसाब से अदायगी कर रहा है। प्रदेश में सैकड़ों युवा रोजगार और इस उम्मीद के साथ यह काम कर रहे हैं कि कभी सरकार इनके बारे में कोई सकारात्मक निर्णय लेते हुए कोई नीति बनाएगी। नीति बनना और बनाना तो दूर की बात इसके विपरीत स्मार्ट मीटर लगने के बाद उनका रोजगार भी छीन जाएगा। इस काम में लगे मीटर रीडर विनोद कुमार, मुन्नू राम, ललित भारद्वाज, दीपक शर्मा सहित कइयों ने बताया कि वह आऊटसोर्स कर्मचारियों की तरह काम कर रहे थे। सर्दी, गर्मी और बरसात के मौसम में कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में काम करते हुए विभाग के दिशा-निर्देशों के मुताबिक सालों काम किया ह। उन्हें इस काम में दो से आठ साल तक का समय हो गया है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद उनका नौकरी और रोजगार समाप्त हो जाएगा।

उन्होंने सरकार से मांग की है कि उनकी सेवाएं बोर्ड में बरकरार रखी जाएं। वे कोई अन्य कार्य करने को भी तैयार हैं। बिजली बोर्ड के ठेकेदार सचिन गर्ग ने बताया कि जून तक ही उनके पास ठेका है। इसके बाद सरकार का क्या निर्णय है, उन्हें जानकारी नहीं। बिजली बोर्ड उपमंडल कंडाघाट के एसडीओ चंदन शर्मा ने बताया कि अब उपभोक्ताओं का बिल व्हाट्सएप और एसएमएस के माध्यम से मोबाइल पर आएगा। इससे पहले बिल ठेकेदार के माध्यम से दिए जा रहे थे।

**मंथन** आईटीबीपी के सहयोग से प्रदेश में सीमा पर्यटन को दिया जाएगा बढ़ावा : मुख्यमंत्री

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था को किया जा रहा मजबूत : सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के उत्तरी सीमांत मुख्यालय देहरादून के सीमांत कमांडर संजय गुंज्याल ने भेंट की। बैठक के दौरान प्रदेश के सीमावर्ती जिलों किन्नौर एवं लाहौल-स्पीति में आईटीबीपी की भूमिका व भारत-चीन सीमा सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।

इस अवसर पर राज्य के सीमांत अग्रिम क्षेत्रों में सीमा पर्यटन को बढ़ावा देने की कार्ययोजना, सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों से आईटीबीपी को आपूर्ति के लिए स्थानीय उत्पादों की खरीद, आईटीबीपी के स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से लोगों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करने सहित विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई।



बैठक के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू सहित भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के अधिकारी व अन्य।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत आईटीबीपी के क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्रों से और बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में आईटीबीपी के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित हेलिपैडों को दूर-दराज क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उपयोग में लाया जा सकता है। इसके लिए बल के साथ विस्तृत चर्चा कर सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाएंगी। इससे संपर्क सुविधा भी सशक्त होगी।


मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए अनेक कदम उठा रही है। ग्रामीण आर्थिकी को सशक्त करने के लिए आईटीबीपी यदि स्थानीय लोगों से खाद्य उत्पाद क्रय करती है, तो इससे रोजगार के अवसर सृजित होंगे और किसान-बागवान भी लाभान्वित होंगे।

### स्थानीय लोगों को दी जाए विशेष प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने बल के अधिकारियों से कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद स्थानीय लोगों को विशेष प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने प्रदेश सरकार के अधिकारियों को सीमावर्ती क्षेत्रों में संचार टावर स्थापित करने के लिए सभी प्रक्रियाएं समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### चौधरी कांप्लेक्स दाड़लाघाट में ओपन कबड्डी प्रतियोगिता का कल से होगा आयोजन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** मां बनिया देवी स्पोर्ट्स क्लब दाड़लाघाट द्वारा ओपन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 26 और 27 अप्रैल को चौधरी कांप्लेक्स दाड़लाघाट में किया जाएगा। आयोजक मनोज वर्मा और संजू ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। प्रतियोगिता में पहला इनाम 11,000 रुपए और ट्रॉफी होगा, जबकि दूसरा इनाम 6,100 रुपए और ट्रॉफी होगा। आयोजकों ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को खेलों में भाग लेने और अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना है। सभी खिलाड़ियों और टीमों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।




## न्यूज ब्रीफ

### अल्ट्रावायलेट ने किया प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** 'फास्टेस्ट इंडियन मोटरसाइकिल' बनाने वाली अल्ट्रावायलेट कंपनी ने आज चंडीगढ़ में अपनी नई और आधुनिक उत्पाद श्रृंखला का प्रदर्शन किया। पहले से ही तेरह शहरों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुकी कंपनी का यह प्रदर्शन, अल्ट्रावायलेट की शानदार यात्रा में एक और महत्वपूर्ण कदम है और भारत के हर कोने में अपने ग्राहकों को बेहतरीन सेवा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। चंडीगढ़ भी अब अल्ट्रावायलेट की आधुनिक तकनीक और दमदार प्रदर्शन वाली दोपहिया गाड़ियों का अनुभव कर पाएगा, जिन्होंने पूरे देश में ग्राहकों को लुभाया है। ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के वादे के अनुरूप अल्ट्रावायलेट इसी साल चंडीगढ़ में अपना एक शानदार एक्सपीरियंस सेंटर भी खोलेगी। सेल, सर्विस और स्पेयर पार्ट्स की संपूर्ण सुविधाएं देने वाला यह 4एस एक्सपीरियंस सेंटर ग्राहकों को गाड़ी खरीदने से लेकर रखरखाव तक, सभी तरह की सेवाएं देगा। अल्ट्रावायलेट के सीईओ और सह-संस्थापक नारायण सुब्रमण्यम ने कहा कि हम आज चंडीगढ़ में अपना व्यापक प्रोडक्ट पोर्टफोलियो पेश कर रहे हैं। यह एक ऐसा शहर जो तेजी से आर्थिक, आईटी और टेक्नोलॉजी हब के रूप में उभर रहा है। चंडीगढ़ में हमारी मौजूदगी अल्ट्रावायलेट के मिशन को दर्शाती है, भारत के हर कोने तक विश्व स्तरीय नवाचार पहुंचाना और ग्राहकों को एक सहज व उन्नत अनुभव देना।



### गोहाना में चरस तस्कर कार समेत दबोचा

**अनंत ज्ञान, सोनीपत।** नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) की रोहतक इकाई ने गोहाना में एक कार सवार नशा तस्कर को पकड़कर उसके पास से 742 ग्राम चरस बरामद की गई है। साथ ही नशीले पदार्थों की तस्करी में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त किया गया है। एनसीबी के निरीक्षक सुखपाल सिंह ने गुरुवार को बताया कि सहायक उपनिरीक्षक संदीप अपनी टीम सहित गोहाना बस अड्डे पर गश्त कर रहे थे, जब उन्हें गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति रोहतक-पानीपत मार्ग से होकर गोहाना के रास्ते नशा लेकर गुजरने वाला है। सूचना मिलते ही टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जींद बाईपास फ्लाईओवर के नीचे नाका लगाकर कार की तलाशी ली तो उसमें 742 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी की पहचान गढ़ी उजालेखां, गोहाना निवासी करमबीर उर्फ मन्नू के रूप में हुई है।

### पोप फ्रांसिस को हजारों लोगों ने दी श्रद्धांजलि



**वेटिकन सिटी।** पोप फ्रांसिस को अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए दुनियाभर से पहुंचे लोग सेंट पीटर्स बेसिलिका के मुख्य गलियारे में पैदल चलकर पोप की एक झलक पाने के मकसद से उनके खुले ताबूत तक पहुंचे। यहां वीरवार को भी सार्वजनिक दर्शन की प्रक्रिया जारी रही। एक दिन पहले शुरू हुए सार्वजनिक अंतिम दर्शन में भारी संख्या में लोग पहुंचे, जिसके कारण वेटिकन ने कहा कि इसे अधिक समय तक जारी रखने पर विचार किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### भोपाल स्थित भेल संयंत्र में लगी आग

**भोपाल।** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) के भोपाल स्थित कारखाने में वीरवार को आग लग गई। हालांकि, कोई हताहत नहीं हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि बिजली संयंत्र के उपकरण बनाने वाली पीएसयू के कारखाने में आग दोपहर बाद लगी। भोपाल नगर निगम (बीएमसी) के अग्निशमन अधिकारी सौरभ पटेल ने बताया कि आग में कोई हताहत नहीं हुआ। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। आग पर काबू पा लिया है। (अनंत ज्ञान)

### नौसेना ने किया मिसाइल का सफल परीक्षण



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने वीरवार सुबह युद्धपोत आईएनएस सूरत से मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एमआरएसएएम) सफलतापूर्वक परीक्षण किया। इससे जहाज रोधी मिसाइलों को संलग्न करने की क्षमता प्रमाणित हुई है। यह परीक्षण ओडिशा के तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर में किया गया। मिसाइल ने हवाई लक्ष्यों को रोक दिया और दोनों सीमाओं पर सीधे हिट करते हुए उन्हें पूरी तरह से नष्ट कर दिया। (अनंत ज्ञान)

# विदेश भेजने के नाम पर ठगी की शिकायतों पर मंत्री विज सख्त

## डीएसपी को सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश, लोगों की समस्याएं भी सुनीं

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आज अंबाला में अपने आवास पर अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुना और उनके निवारण के लिए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए।

विदेश भेजने के नाम पर ठगी के अलग-अलग मामलों में विज ने पुलिस को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अशोक नगर निवासी व्यक्ति ने शिकायत देते हुए बताया कि उसे मतिदास नगर निवासी एक एजेंट ने उसे झांसा दिया कि वह उसके बेटे को विदेश में भेज देगा। बेटे को स्लोवाकिया भेजने के लिए उसने ढाई लाख रुपए दिए थे। मगर कुछ समय बाद एजेंट ने यह राशि उसे वापस लौटाते हुए कहा कि स्लोवाकिया का वीजा नहीं लग रहा है। वह दूसरे देश में उसके बेटे को भेज देंगे और उसे ढाई लाख रुपए वापस कर दिए। इसके बाद एजेंट ने उसके बेटे को कैनेडा भेजने के नाम पर 15 लाख रुपए लिए मगर आज तक उसके बेटे को कैनेडा भेजा नहीं और न ही राशि वापस लौटाई गई। उन्होंने मौके पर मौजूद डीएसपी कैंट को मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

इसी प्रकार,अंबाला कैंट थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने बताया कि एजेंट ने उस विदेश भेजने के लिए उसके साथ 25 लाख रुपए की ठगी की। इस मामले में वह कार्रवाई बारे एजेंट से मिला, मगर उसकी राशि वापस नहीं की गई। विज के समक्ष बिजली के संबंधित कई समस्याएं आई जिन पर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को कार्रवाई को कहा। राजेंद्र नगर निवासियों ने क्षेत्र में तारों को कसने व बिजली पोल लगाने की शिकायत दी। इसी प्रकार, बाबा बालक नाथ मंदिर के निकट रहने वाली महिला ने बिजली विभाग पर उसका मीटर जबरन उतारने की शिकायत दी। अमन नगर निवासी व्यक्ति ने उसके मीटर रीडिंग में गड़बड़ी होने व मीटर जांच की मांग की। इसके अलावा, बिजली से संबंधित अन्य शिकायतें भी आई।

महेशनगर निवासी महिला ने शिकायत देते हुए बताया कि उसके पति ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घर से निकाल दिया है। इसी तरह, सदर क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने शटरिंग के सामान व पैसों के लेनदेन को लेकर व्यक्ति से विवाद की शिकायत दी, राजेंद्र नगर निवासियों ने क्षेत्र में नया ट्यूबवेल लगाने की शिकायत दी जिस पर उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन को कार्रवाई के निर्देश दिए। (अनंत ज्ञान)

### सिंधु जल संधि पर रोक से पाक को करारा जवाब: धामी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल एवं निर्णायक नेतृत्व में हुई सीसीएस बैठक में आतंकवाद के खिलाफ लिए गए ऐतिहासिक और कठोर निर्णय पर अब कार्रवाई प्रारंभ हो चुकी है। इसी क्रम में भारत सरकार ने सिंधु जल संधि पर रोक लगाकर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उठाए गए ये साहसिक कदम न केवल आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति पर मुहर लगाते हैं, बल्कि इससे दुश्मनों को भी यह स्पष्ट संदेश गया है कि भारत हर एक आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने का तैयार है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की सिंधु जल संधि पर रोक लगाकर साफ कर दिया है कि अब खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। इस निर्णायक फैसले से आतंक को पनाह और बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान के मंसूबे चकनाचूर होंगे। इसी तरह अटारी बॉर्डर चेक पोस्ट को बंद करने सहित अन्य फैसलों से भी पाकिस्तान को कड़ा संदेश गया है।

# पहलगाम की घटना को लेकर दुकानदारों ने निकाला कैंडल मार्च



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना में निर्दोष लोगों के नरसंहार के विरोध में सेक्टर 41 डी की मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव ग्रोवर के नेतृत्व में शांतिपूर्वक कैंडल मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने नारों और मोमबत्तियों की रोशनी के बीच सभी दुकानों के आगे जाकर रोष मार्च का समर्थन प्राप्त किया।

एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव ग्रोवर ने कहा कि इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ है। उनके नापाक इरादों के पीछे बैठे उनके आकाओं की भी उलटी गिनती शुरू हो गई है। आज देश भर में कोई ऐसी जगह नहीं जहां के लोगों ने इस घटना की निंदा न की हो। हमारे देश के सभी लोग इस वारदात के खिलाफ एकजुट हैं और मांग करते हैं कि दोषियों को भी उसी प्रकार से सजा दी जाए जिस प्रकार से उन्होंने हमारे भाइयों को मारा। यह बहुत ही शर्मनाक बात है कि धर्म पूछ कर चुन-चुन कर वहां लोगों को मौत के घाट उतारा गया।

उन्होंने कहा कि इस सब के पीछे पाकिस्तान का हाथ है, जो कि जांच में सामने आ चुका है। ऐसे में हम सभी देशवासी मांग करते हैं कि इस बार हमारे प्रधानमंत्री मोदी सर्जिकल स्ट्राइक से ऊपर की कार्रवाई करें, ताकि पाकिस्तान की कमर तोड़ी जा सके और भविष्य में वो कभी फिर से इस तरह की कार्यवाही करने से पहले लाख बार सोचे।

# सोनीपत पुलिस ने मुठभेड़ के बाद पकड़े दो इनामी बदमाश

**अनंत ज्ञान, सोनीपत**

सोनीपत जिले के खरखौदा क्षेत्र में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान गोलीबारी में दोनों बदमाश घायल हो गए। पुलिस ने घटनास्थल से दो देशी कट्टे और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

घायल बदमाशों की पहचान संदीप निवासी छिछड़ाना और दीपक निवासी रिंढ़ाना, गोहाना के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस को सूचना मिली थी कि दोनों अपराधी सांपला की ओर से खरखौदा की तरफ आ रहे हैं। सूचना मिलते ही एसएसपी यूनिट सेक्टर-7, सीआईए गोहाना तथा सीआईए सेक्टर-27 की टीमों ने इलाके की घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने गोलियां चलानी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों को गोली लगी और वह मौके पर ही घायल होकर गिर गए।

डीसीपी नरेंद्र कादियान ने बताया कि इन बदमाशों ने 16 और 17 अप्रैल की रात कई गंभीर अपराधों को अंजाम दिया था। पहले उन्होंने दिल्ली से एक वाहन लूटा और एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद गोहाना में एक ट्रैक्टर छीना और एक शराब के ठेके में लूटपाट की। इतना ही नहीं, छिछड़ाना गांव से इन्होंने 50 लाख रुपए की फिरौती की मांग भी की थी, जिससे ग्रामीणों में भारी दहशत फैल गई थी।

### पंजाब-हिमाचल के राज्यपाल आज पुरस्कृत करेंगे अथर्व भारत के एक्सीलेंस अवार्ड

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब के राज्यपाल तथा यूटी प्रशासक गुलाब चंद कटारिया और हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला शुक्रवार को अथर्व भारत के नैशनल एक्सीलेंस अवार्ड के विजेताओं को पुरस्कृत करेंगे। होटल जेडब्ल्यू मैरियट में आयोजित इस कार्यक्रम में जस्टिस लोकपाल सिंह, भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के ऑल इंडिया कौंसिल फार टेकनिकल एज्युकेशन के चीफ कार्डिनेटिंग आफिसर डॉ. बुद्धा चंद्रशेखा, पीएमओ के आंतरिक मामलों के पूर्व सलाहकार कुंवर विक्रम सिंह, पूर्व सांसद विजय सांपला सहित समिट इंडिया के चेयरमेन श्याम जाजू और सचिव महेश वर्मा व अन्य गणमान्य शामिल होंगे।

# एमसी कमिश्नर ने शुरू किया मिशन स्ट्रे कैटल-फ्री चंडीगढ़

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



शहर की सड़कों पर आवारा पशुओं की बढ़ती समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम कमिश्नर श्री अमित कुमार, आईएएस ने मिशन 'स्ट्रे कैटल-फ्री चंडीगढ़' के तहत एक आक्रामक अभियान शुरू किया है।

इस मिशन के तहत कमिश्नर ने संबंधित अधिकारियों को सभी सेक्टरों में मवेशियों को पकड़ने के अभियान को तेज करने का निर्देश दिया, जिसमें गांवों और शहरी कॉलोनियों के आस-पास के इलाकों पर विशेष जोर दिया गया।

कमिश्नर ने स्पष्ट किया है कि अगले तीन महीनों से अधिक समय तक शहर की सड़कों पर आवारा पशुओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कैटल कैचिंग यूनिट से जुड़े सभी संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं कि वे सार्वजनिक क्षेत्रों से आवारा पशुओं को हटाने के लिए निरंतर और प्रभावी अभियान सुनिश्चित करें। उल्लंघन करने वालों को सख्त संदेश देते हुए कमिश्नर ने कहा कि एमसीसी द्वारा पकड़े गए किसी भी मवेशी को किसी भी हालत में नहीं छोड़ा जाएगा और शहर में अपने पशुओं को खुलेआम घूमने देने के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानून के अनुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि आवारा मवेशी यातायात, सार्वजनिक सुरक्षा और शहर के समग्र अनुशासन के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। उन्होंने नागरिकों से इस पहल का समर्थन करने और आवारा मवेशियों की घटनाओं की सूचना एमसीसी को देने का भी आग्रह किया।

## देश-विदेश

# पहलगाम हमले पर आक्रोश: दिल्ली के पाक उच्चायोग के बाहर नारेबाजी



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर देश के लोगों में पाकिस्तान के खिलाफ काफी रोष है। दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर लोगों ने वीरवार को जमकर नारेबाजी की।

दिल्ली के कोने-कोने से लोग यहां पहुंचे थे और प्रदर्शन कर अपना गुस्सा जाहिर किया। इस बीच आतंकवाद विरोधी कार्य मंच और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भी प्रदर्शन किया और पाकिस्तान के नाम के प्लेकार्ड को जलाकर अपना विरोध प्रकट किया। इस मौके पर दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ हर्षवर्धन, भाजपा के कई विधायक भी मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

### अटारी-बाघा बॉर्डर से वापस लौटाए पाकिस्तानी नागरिक

**अमृतसर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के विरुद्ध लिए गए फैसलों का असर वीरवार को अटारी बाघा बॉर्डर पर देखने को मिला। पाकिस्तान की तरफ से वीजा लेकर भारत में भ्रमण के लिए आने वाले किसी भी नागरिक को भारत में प्रवेश नहीं दिया गया। वहीं, इधर से जाने वाले 42 पाकिस्तानी नागरिकों को पूछताछ के बाद अटारी सीमा के रास्ते पाकिस्तान भेज दिया गया।

### मुर्शिदाबाद हिंसा भड़काने के पांच और आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुए दंगों में कथित संलिप्तता के लिए पुलिस ने पांच और लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए कुल लोगों की संख्या 307 हो गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जिले में विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किए गए लोगों का दंगों से सीधा संबंध था। दंगों में तीन लोग मारे गए थे और कई घायल हो गए थे। हिंसा की घटनाओं की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ये पांच लोग दंगों में शामिल थे और हमने उन्हें को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार मुख्य आरोपी जियाउल शेख के छोटे बेटे को वापस यहां लाने के प्रयास जारी हैं। (अनंत ज्ञान)

# रूस ने यूक्रेन में किए मिसाइल, ड्रोन हमले, नौ लोगों की मौत, 70 घायल

**एजेंसी, कीव**





रूस ने यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जिनमें नौ लोगों की मौत हो गई और छह बच्चों सहित 70 अन्य लोग घायल हो गए। यूक्रेन के प्राधिकारियों ने वीरवार को यह जानकारी दी। 'कीव सिटी मिलिट्री एडमिनिस्ट्रेशन' ने अपने 'टेलीग्राम' चैनल पर बताया कि रूस ने कीव पर ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। प्रशासन ने बताया कि कम से कम 45 ड्रोन का पता लगाया है। यूक्रेन की वायुसेना बाद में इन आंकड़ों को अद्यतन करेगी। हमलों के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने दक्षिण अफ्रीका की अपनी आधिकारिक यात्रा को बीच में ही रोककर स्वदेश लौट रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### सरकार ने दी भूमिगत कोयला खनन में तेजी लाने के लिए अग्रिम भुगतान से छूट

**एजेंसी, दिल्ली**

**केंद्र** सरकार ने भूमिगत कोयला ब्लॉक के परिचालन में तेजी लाने के लिए वीरवार को अग्रिम भुगतान से छूट देने जैसे नये प्रोत्साहन उपायों की घोषणा की। भूमिगत कोयला खनन को बढ़ावा देना देश में पर्यावरण अनुकूल तरीके से कोयला उत्पादन अभियान को बढ़ावा देने के अनुरूप है। एक आधिकारिक बयान में कहा कि कोयला मंत्रालय ने देश के कोयला क्षेत्र को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम उठाते हुए भूमिगत कोयला खनन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई परिवर्तनकारी नीतिगत उपाय शुरू किए हैं। (अनंत ज्ञान)

### तेलंगाना में 14 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**हैदराबाद।** प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के 14 सदस्यों ने वीरवार को तेलंगाना पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। विभिन्न कैडर से संबंधित इन माओवादियों में दो एरिया कमेटी सदस्य (एसीएम) भी शामिल हैं। इन्होंने वारंगल पुलिस आयुक्तालय में मल्टी जोन-1 के पुलिस महानिरीक्षक एस. चंद्रशेखर रेड्डी के समक्ष आत्मसमर्पण किया। (अनंत ज्ञान)

# ईडी ने धनशोधन मामले में कोचिंग संस्थान के खिलाफ दिल्ली-एनसीआर में की छापेमारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने कोचिंग संस्थान 'फिटजी' के खिलाफ धन शोधन की जांच के तहत वीरवार को दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में कई परिसरों पर छापे मारे।

इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के इच्छुक छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग प्रदान करने वाले 'फिटजी' ने हाल में अपने केंद्र अचानक बंद कर दिए थे, जिससे कई छात्र मुश्किल में पड़ गए थे। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली, नोएडा एवं गुरुग्राम में संस्थान, इसके प्रवर्तक डी के गोयल और कुछ अन्य लोगों से जुड़े आठ स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि जनवरी में देश भर में कई फिटजी केंद्र बिना किसी सूचना के अचानक बंद कर दिए गए थे। यह मामला नोएडा एवं दिल्ली पुलिस द्वारा इन अभिभावकों की शिकायतों पर दर्ज की गई प्राथमिकियों से जुड़ा है। (अनंत ज्ञान)

### मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले से अलग-अलग अभियानों के दौरान तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (नोंगड्रेनखोम्बा) के एक सक्रिय सदस्य को नोंगपोक संजेनबाम में गिरफ्तार किया गया, जिसकी पहचान लोशिंबम सुंदर सिंह उर्फ बुंगबुंग (34) के रूप में हुई है। प्रतिबंधित कांगलेई यावोल कन्ना लुप के एक सदस्य को केइबी हेइकक मपाल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। जबकि पीआरईपीएके के एक सदस्य को सांओमबुंग पौराबी से पकड़ा गया। पौरबी में हथियार और गोला-बारूद का जखीरा भी बरामद किया गया, जिसमें तीन एसएमजी कार्बाइन और मैगजीन, एक 9 एमएम पिस्तौल, एक मैगजीन और चार हैंड ग्रेनेड शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका सामान न खरीदे, तो कनाडा का अस्तित्व खत्म हो जाएगा: ट्रंप

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को दावा किया कि यदि उनका देश कनाडा से सामान खरीदना बंद कर दे तो उसका अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। ट्रंप ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब कुछ ही दिन बाद कनाडा में चुनाव होने वाले हैं। कनाडा की अर्थव्यवस्था एवं संप्रभुता पर ट्रंप की पहले की गई टिप्पणियां कनाडाई चुनाव में मुख्य मुद्दा हैं।

ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय 'ओवल ऑफिस' में समारोह में कहा कि ईमानदारी से कहूं तो एक राज्य के तौर पर वह बहुत बढ़िया काम करता है। ट्रंप ने कनाडा को आर्थिक दबाव के जरिए अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की पहले भी धमकी दी थी।

### अमेरिका के साथ समझौते के लिए ईरान को परमाणु संवर्धन रोकना होगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि यदि ईरान अमेरिकी प्रशासन के साथ वार्ता के दौरान कोई समझौता करना चाहता है और सशस्त्र संघर्ष के खतरे को टालना चाहता है, तो उसे परमाणु संवर्धन रोकना होगा। रुबियो इस बात पर जोर देते है कि उसका परमाणु कार्यक्रम असैन्य ऊर्जा के क्षेत्र में उपयोग के लिए है। ईरान का कहना है कि उसका इरादा परमाणु बम बनाने के उद्देश्य से यूरेनियम बनाना नहीं है।

उन्होंने अपना दावा दोहराया कि अमेरिका को कनाडा से ऑटो एवं तेल समेत किसी भी चीज की आवश्यकता नहीं है। (अनंत ज्ञान)

# 7 दिन तेजी के बाद गिरा शेयर बाजार

## सेंसेक्स 315 अंक नीचे 79,801 पर बंद, निफ्टी भी 82 अंक लुढ़का

**एजेंसी, मुंबई**



**लगातार** 7 दिन तेजी के बाद वीरवार को शेयर बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स 315 अंक गिरकर 79,801 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 82 अंक की गिरावट रही। यह 24,247 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में गिरावट रही। हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर में 4 फीसदी से ज्यादा की गिरावट रही।

इसके अलावा, जोमैटो, एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 1 फीसदी गिरकर बंद हुए। वहीं, इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा के शेयर में 3.3 फीसदी की गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 31 में गिरावट रही। एनएसई के निफ्टी रियल्टी और एफएमसीजी इंडेक्स में सबसे ज्यादा 1.41 फीसदी तक की गिरावट रही। इसके अलावा, ऑटो, आईटी और बैंकिंग में भी मामूली गिरावट रही।बुधवार को अमेरिका का डाउ जोन्स 420 अंक (1.07 फीसदी), नैस्डैक कंपोजिट 408 अंक (2.50 फीसदी) चढ़कर बंद हुए। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 171 अंक (0.49 फीसदी) ऊपर 35,244 पर बंद हुआ। कोरिया के कोस्पी में 3 अंक (0.13 फीसदी) की गिरावट रही, ये 2,522 पर कारोबार कर रहा है। चीन का शंघाई कंपोजिट में 0.028 फीसदी की गिरावट रही, ये 3,297 पर बंद हुआ। हांगकांग के हैंगसेंग इंडेक्स में 0.74 फीसदी की गिरावट रही, ये 21,910 पर बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)

# छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर तीन नक्सली किए ढेर

**एजेंसी, रायपुर**

**छत्तीसगढ़** और तेलंगाना की सीमा पर हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने तीन महिला नक्सलियों को मार गिराया है। अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले से लगे पड़ोसी राज्य तेलंगाना की सीमा पर नक्सली गतिविधि की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबल के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए भेजा गया था।

उन्होंने बताया कि दल जब दोनों राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित करेगुट्टा की पहाड़ी वाले इलाके में था तब सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से अभी तक तीन नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। मुठभेड़ में अन्य नक्सलियों के भी मारे जाने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि यह अभियान बस्तर क्षेत्र में शुरू की गई सबसे बड़ी नक्सल विरोधी कार्रवाई में से एक है। इस अभियान में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), बस्तर फाइटर्स, विशेष कार्य बल (एसटीएफ), राज्य पुलिस की सभी इकाइयां, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और इसकी विशिष्ट इकाई कोबरा सहित विभिन्न इकाइयों के लगभग 10 हजार जवान शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड




ऑरेंज कैप
**साई सुदर्शन**
417




पर्पल कैप
**प्रसिद्ध कृष्णा**
16



सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
31

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गुजरात | 08 | 06 | 02 | 12 |
| 2. | दिल्ली | 08 | 06 | 02 | 12 |
| 3. | मुंबई | 09 | 05 | 04 | 10 |
| 4. | बेंगलुरु | 08 | 05 | 03 | 10 |
| 5. | पंजाब | 08 | 05 | 03 | 10 |
| 6. | लखनऊ | 09 | 05 | 04 | 10 |
| 7. | कोलकाता | 08 | 03 | 05 | 06 |
| 8. | राजस्थान | 08 | 02 | 06 | 04 |
| 9. | हैदराबाद | 08 | 02 | 06 | 04 |
| 10. | चेन्नई | 08 | 02 | 06 | 04 |

## आईपीएल

### चेपक में धोनी करेंगे धमाका या हैदराबाद के धुरंधर बरसाएंगे चौके-छक्के

# चेन्नई-हैदराबाद के बीच होगी उम्मीद जीवंत रखने की 'जंग'

**एजेंसी, चेन्नई**

चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शुक्रवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अपनी उम्मीद जीवंत रखने की रोचक जंग देखने को मिलेगी। इन दोनों टीमों का वर्तमान सत्र में अभी तक प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। इन दोनों टीमों के आठ मैच में चार अंक हैं और अगर उन्हें प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीद को बनाए रखना है तो उन्हें अपने सभी मैच जीतने होंगे।

चेन्नई की टीम को घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने के लिए जाना जाता है, लेकिन इस बार उसे यहां मुंह की खानी पड़ रही है। उसकी टीम अभी तक यहां के विकेट का सही अनुमान लगाने में नाकाम रही है। चेन्नई ने स्पिनर नूर अहमद की शानदार गेंदबाजी के दम पर मुंबई इंडियंस को हराकर अपने अभियान की अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन इसके बाद उसकी लय गड़बड़ा गई और उसे अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा। यही नहीं उसकी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ नौ विकेट पर 103 रन ही बना पाई जो उसका अपने घरेलू मैदान पर न्यूनतम स्कोर भी है।



चेन्नई के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग यहां की पिच को लेकर खुलेआम अपनी नाराजगी व्यक्त कर चुके हैं। यहां का विकेट स्पिनरों के लिए मददगार माना जाता है लेकिन इस बार यहां तेज गेंदबाजों को मदद मिल रही है। चेन्नई का अपने मैदान से इतर और अन्य स्थानों पर भी अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा है तथा उसने दूसरे मैदानों पर खेले गए चार मैच में से केवल एक मैच जीता है। इस बार उसके बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं तथा नियमित कप्तान रुतुराज गायकवाड के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से उसकी समस्याएं बढ़ी हैं।

महेंद्र सिंह धोनी की पूर्णकालिक कप्तान के रूप में वापसी हुई है और घुटने की परेशानी के बावजूद कप्तान के रूप में उनके फैसले काफी मायने रखते हैं। डेथ ओवरों की उनकी बल्लेबाजी तथा मैच के महत्वपूर्ण मोड़ पर लिए जाने वाले फैसले टीम को वापसी दिलाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। चेन्नई के लिए 17 वर्षीय आयुष म्हात्रे का टीम से जुड़ना अच्छा संकेत है। इस युवा बल्लेबाज ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने पदार्पण मैच में अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया था। चेन्नई ने अपने बल्लेबाजी विभाग को मजबूत करने के लिए दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस को भी अपनी टीम से जोड़ा है। सनराइजर्स की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। उसकी टीम ने भी शानदार शुरुआत की थी, लेकिन इसके बाद उसे अपनी अति आक्रामकता भारी पड़ने लगी।

पिछले सत्र में उसकी सफलता में अहम भूमिका निभाने वाले ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की विस्फोटक सलामी जोड़ी इस बार नहीं चल पा रही है, जिससे टीम के मध्य क्रम की कलई भी खुल गई है। उसे पिछले मैच में मुंबई इंडियंस से सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। सनराइजर्स के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने भी स्वीकार किया है कि उनके बल्लेबाज साझेदारी निभाने में नाकाम रहे हैं। विटोरी ने कहा, "जब हेड और अभिषेक सफल नहीं होते हैं, तो यह अन्य बल्लेबाजों की जिम्मेदारी है। इस सत्र में हम ऐसा नहीं कर पा रहे हैं। हमें अच्छी साझेदारियां निभाने की जरूरत है।" (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**सनराइजर्स हैदराबादः** पैट कमिंस (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अथर्व तायदे, अभिनव मनोहर, अनिकेत वर्मा, सचिन बेबी, स्मरण रविचंद्रन, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), ट्रैविस हेड, हर्षल पटेल, कामिंडु मेंडिस, वियान मुल्डर, अभिषेक शर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद शमी, राहुल चाहर, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा।

**चेन्नई सुपर किंग्सः** एमएस धोनी (कप्तान और विकेटकीपर), डेवाल्ड ब्रेविस, डेवोन कॉनवे, राहुल त्रिपाठी, शेख रशीद, वंश बेदी, आंद्रे सिद्धार्थ, आयुष म्हात्रे, रचिन रवींद्र, रविचंद्रन अश्विन, विजय शंकर, सैम कुरेन, अंशुल कंबोज, दीपक हुडा, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, खलील अहमद, नूर अहमद, मुकेश चौधरी, नाथन एलिस, श्रेयस गोपाल, मथीशा पथिराना।

## टेस्ट क्रिकेट के 150 साल की दास्तान है नई किताब में

**एजेंसी, नई दिल्ली।** क्रिकेट के पारंपरिक स्वरूप पर एक नई किताब 'टेस्ट क्रिकेट 'अ क्रिस्टी' में 1877 से टेस्ट क्रिकेट की शुरुआत के बाद से अब तक खेल में आए बदलावों और खिलाड़ियों के संस्मरणों को कलमबद्ध किया गया है।

हैशे द्वारा प्रकाशित टिम विगमोर की किताब में महान क्रिकेटरों सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, पैट कमिंस, माइकल होल्डिंग, मुथैया मुरलीधरन, केविन पीटरसन , इयान चैपल और डेल स्टेन के इंटरव्यू भी हैं। प्रकाशक ने एक बयान में कहा,"बॉडीलाइन से बैजबॉल तक, वेस्टइंडीज क्रिकेट का सुनहरा दौर, शेन वॉर्न से इयान बॉथम तक पाठकों को टेस्ट क्रिकेट के इतिहास के बारे में जानने को मिलेगा। टेलिग्राफ के पुरस्कार प्राप्त क्रिकेट संवाददाता ने क्रिकेट प्रेमियों के लिए खेल के इतिहास की यह सौगात एक ही किताब में दी है।" पहला आधिकारिक टेस्ट मैच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर 15 से 19 मार्च 1877 को आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेला गया था जिसमें आस्ट्रेलियाई टीम विजयी रही। यह किताब आनलाइन और आफलाइन स्टोर पर बिक्री के लिए उपलब्ध है। (अनंत ज्ञान)

## कोहली ने की राजस्थान के गेंदबाजों की धुनाई

**एजेंसी, बेंगलुरु**

आईपीएल के 42वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना राजस्थान रॉयल्स से बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुआ। राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। दोनों टीमें इस सीजन दूसरी बार भिड़ रही हैं, पिछला मैच बेंगलुरु ने जीता था। पहले बल्लेबाजी करने आए बेंगलुरु के ओपनर बल्लेबाज विराट कोहली और फिल साल्ट ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। सॉल्ट ने 23 गेंदों में 26 रन की पारी खेली। हसरंगा ने साल्ट को हेटमायर के हाथों कैच करवाया। दूसरे ही ओवर में फिल सॉल्ट को जीवनदान मिल भी मिला था। समाचार लिखे जाने तक बेंगलुरु ने 14 ओवरों में एक विकेट के नुकसान पर 134 रन बना लिए थे। विराट कोहली (63) और देवदत्त पडिक्कल (37) रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। (अनंत ज्ञान)



शॉट खेलता विराट कोहली।

**पीएसएल को झटका**

## प्रसारण दल में शामिल भारतीयों को सरकार ने वापस भेजने का किया फैसला

**एजेंसी, कराची।** पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के प्रसारण पर आने वाले दिनों में संकट आ सकता है, क्योंकि पहलगाम आतंकवादी हमले के कारण सीमा पार तनाव बढ़ने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से जुड़े सभी अनुभवी भारतीय दल के सदस्यों को बदला जा सकता है।

माना जा रहा है कि कश्मीर के पहलगाम इलाके में घूमने आए 26 भारतीय नागरिकों की हत्या के पीछे पाकिस्तानी आतंकवादियों का हाथ है। पीसीबी के एक सूत्र ने कहा, "पीएसएल के प्रोडक्शन और प्रसारण दल में दो दर्जन से अधिक भारतीय नागरिक शामिल हैं, इसलिए उन्हें बदलने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। प्रसारण और प्रोडक्शन क्रू में इंजीनियर, प्रोडक्शन मैनेजर, कैमरामैन, प्लेयर-ट्रैकिंग विशेषज्ञ (सभी भारतीय नागरिक) शामिल हैं जो पीएसएल की सुचारू कवरेज सुनिश्चित करते हैं।" इस्लामाबाद में वीरवार को हुई बैठक के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने घोषणा की कि पाकिस्तान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को अगले 48 घंटों में देश छोड़ देना चाहिए। सूत्र ने कहा कि पीसीबी और पीएसएल के अधिकार रखने वाले समूह ने जल्द से जल्द प्रसारण दल में भारतीय नागरिकों को बदलने के विकल्प पर चर्चा की है। सूत्र ने कहा कि दल में शामिल भारतीय नागरिकों को पाकिस्तान छोड़ने तक अपनी गतिविधियों को सीमित रखने के लिए भी कहा गया है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### एशियाई अंडर-15 व अंडर-17 मुक्केबाजी में पांच और भारतीय सेमीफाइनल में

**एजेंसी, अम्मान (जोर्डन)।** पांच भारतीय मुक्केबाज एशियाई अंडर 15 चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। लड़कों के अंडर 15 वर्ग में नेल्सन के (55 किलो) ने पहले दौर में चीनी ताइपे के वांग शेंग यांग को रैफरी द्वारा मुकाबला रोके जाने (आरएससी) के आधार पर हराया। अभिजीत (61 किलो) और लक्ष्य फोगाट (64 किलो) ने किर्गीस्तान और जोर्डन के प्रतिद्वंद्वियों पर 5-0 से जीत दर्ज की। लड़कियों में प्रिंसी (52 किलो) ने यूक्रेन की येवा कुबानोवा को 5-0 से हराया। समृद्धि सतीश शिंदे (55 किलो) ने यूक्रेन की सेनिया साविना को आरएससी पर मात दी। छह भारतीय पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

### लेरिशा मुनसामी का खूबसूरत अंदाज

**दक्षिण अफ्रीका** के क्रिकेटर केशव महाराज की पत्नी लेरिशा मुनसामी बेहद खूबसूरत हैं और वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम अकाउंट पर लेरिशा के लाखों फॉलोअर्स हैं और वह बॉलीवुड गानों की बेहद शौकीन हैं। दोनों पति-पत्नी भारतीय मूल के हैं।



# ट्रेंट बोल्ट बोले-विश्वस्तरीय खिलाड़ी हैं रोहित

**एजेंसी, हैदराबाद**

मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने कहा है कि रोहित विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं और टीम को रिकॉर्ड छठा आईपीएल खिताब दिलाने में बड़ी भूमिका निभायेंगे । बोल्ट ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ चार विकेट लेकर मुंबई इंडियंस की लगातार चौथी जीत में सूत्रधार की भूमिका निभाई।

सनराइजर्स को आठ विकेट पर 143 रन पर रोकने के बाद रोहित के 46 गेंद में 70 रन की मदद से मुंबई ने 15.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। बोल्ट ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा,'मुंबई की पूरी टीम में विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं और रोहित को परिचय की कोई जरूरत नहीं है।" उन्होंने कहा,"हर कोई टीम की जीत में योगदान देना चाहता है, लेकिन रोहित पिछले कुछ मैचों में शानदार प्रदर्शन कर रहा है। वह सत्र के बाकी मैचों में हमारे लिये बड़ी भूमिका निभाएगा।" बोल्ट ने हार्दिक पांड्या की कप्तानी की तारीफ करते हुए कहा,"हार्दिक जुनूनी क्रिकेटर है और काफी प्रतिभावान भी। वह बेहतरीन कप्तान है और मोर्चे से अगुवाई करता है।" उन्होंने कहा,"वह मेरे पसंदीदा भारतीय क्रिकेटरों में से है लिहाजा उसकी कप्तानी में खेलना शानदार अनुभव है।"

**हमारे लिए निभाएंगे बड़ी भूमिका**



पहले पांच में से चार मैच हारने के बाद मुंबई ने लगातार चार जीत दर्ज करके प्लेआफ की उम्मीदें कायम रखी है लेकिन बोल्ट ज्यादा आगे की नहीं सोच रहे। उन्होंने कहा,"शुरूआत में हम लय हासिल नहीं कर सके थे, लेकिन लगातार चार जीत के बाद हमने वह कमी पूरी कर दी। हमारी टीम अच्छा खेल रही है और इसे कायम रखना चाहेंगे। ज्यादा आगे की नहीं सोच रहे क्योंकि हालात बदलने में देर नहीं लगती। अभी टूर्नामेंट में काफी क्रिकेट बाकी है।" (अनंत ज्ञान)

## हमने परिस्थितियों का सही आकलन नहीं किया : विटोरी

**एजेंसी, हैदराबाद**

सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि शीर्ष क्रम का नाटकीय पतन और पिच का गलत आकलन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में मुंबई इंडियंस से उनकी करारी हार में निर्णायक साबित हुआ। सनराइजर्स के बिग हिटर इस मैच में भी नहीं चल पाए और उसका स्कोर चार विकेट पर 24 रन हो गया। हेनरिक क्लासेन (71) और अभिनव मनोहर (43) के बीच 99 रन की साझेदारी के बावजूद उसकी टीम आठ विकेट पर 143 रन ही बना सकी।



विटोरी ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, "टॉस महत्वपूर्ण था। हम पहले गेंदबाजी करना चाहते थे। विकेट उससे अलग था जो हमने पहले देखा था, और जब हमने 250 से 280 रन बनने की संभावना पर चर्चा की थी, लेकिन इसके बाद स्थितियां नाटकीय रूप से बदल गई और हम उनसे सामंजस्य नहीं बिठा पाए।"

उन्होंने कहा, "जब हमने पहले दो ओवर खेल लिए तब हमें लगा कि यह विकेट वैसा नहीं है जिसमें 250 से अधिक रन बने जैसा कि पिछले कुछ मैच में होता रहा है। इसलिए हमारी पूरी रणनीति बदल गई।" उनकी रणनीति पावर प्ले का पूरा उपयोग करने की थी, लेकिन जल्द ही उनकी यह रणनीति नाकाम हो गई।

उन्होंने कहा, "हम पावर प्ले का पूरा उपयोग करना चाहते थे, लेकिन दुर्भाग्य से हम विकेट खोते रहे। एक बार जब हमें पता चल गया कि यह विकेट हो ऐसा नहीं है जैसा हमने सोचा था तो हम 180 रन तक पहुंचने के बारे में सोचने लगे लेकिन पावर प्ले में चार विकेट गंवाने से हम वहां तक नहीं पहुंच पाए।" (अनंत ज्ञान)

## नेशनल मास्टर गेम्स में कल्पना और सीमा की जोड़ी ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सुपर मास्टर्स गेम्स एंड स्पोर्ट्स फेडरेशन की ओर से धर्मशाला में चल रही नेशनल मास्टर गेम्स-2025 में सोलन की इंटरनेशनल एथलीट कल्पना परमार ने एक बार फिर से प्रदेश का नाम रोशन किया है। रोचक बात यह है कि इस बार एथलेटिक्स में नहीं बल्कि बैडमिंटन में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करते अपनी बड़ी बहन सीमा परमार के साथ मिलकर प्रदेश के लिए ब्रॉन्ज मेडल जीता। कल्पना परमार ब्वॉयज सीसे स्कूल सोलन में इतिहास प्रवक्ता हैं, जबकि उनकी बड़ी बहन सीमा परमार भी सीसे स्कूल धौण (नाहन) में इतिहास प्रवक्ता और कार्यवाहक प्रिंसिपल हैं। दोनों बहनें परिवार की देखभाल के बाद जो समय मिलता, उसमें खेलों का अभ्यास करती है।



## मोनफिल्स मैड्रिड में जीत दर्ज करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने फेडरिको

**एजेंसी, मैड्रिड**

इटली के किशोर खिलाड़ी फेडरिको सिना ने अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में कोलमैन वोंग को सीधे सेटों में हराकर अपनी दूसरी एटीपी मास्टर्स 1000 जीत हासिल की, जबकि गेल मोनफिल्स इस प्रतियोगिता के इतिहास में जीत दर्ज करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए।



38 वर्षीय मोनफिल्स ने खराब शुरुआत से उबरते हुए क्वालीफायर बोर्ना गोजो को 1-6, 6-2, 6-4 से हराकर 2022 के बाद मैड्रिड में अपनी पहली जीत दर्ज की। विश्व में 42वीं रैंकिंग के खिलाड़ी मोनफिल्स इस मास्टर्स 1000 क्ले-कोर्ट टूर्नामेंट में दो बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। मोनफिल्स का अगला मुकाबला सातवीं वरीयता प्राप्त गत चैंपियन आंद्रे रुबलेव से होगा। रुबलेव ने दो सप्ताह पहले मोंटे कार्लो में 32वें राउंड में मोनफिल्स को हराया था। इटली के 18 वर्षीय सिना ने पिछले महीने मियामी में फ्रांसिस्को कोमेसाना को हराया था। उन्होंने जीत का यह सिलसिला जारी रखते हुए वोंग के खिलाफ 7-6 (5), 6-1 से जीत हासिल की। उन्होंने वोंग के खिलाफ मिले दोनों ब्रेक प्वाइंट बचाए और 19 विनर्स लगाए। उनका अगला मुकाबला अमेरिकी सेबेस्टियन कोर्डा से होगा। (अनंत ज्ञान)

# गुटबाजी का खामियाजा भुगत रहे हैं खिलाड़ी

## खेलमंत्री मंडाविया ने महासंघों से कहा-हम ऐसा होने नहीं देंगे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने वीरवार को कहा कि राष्ट्रीय खेल महासंघों को खिलाड़ियों पर से फोकस हटाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने महासंघों से भारत की ओलंपिक 2036 की मेजबानी का दावा सफल रहने के लिए गुटबाजी और भाई भतीजावाद खत्म करने की अपील की। डिजिलॉकर में सर्टिफिकेट का पहला सेट लांच करने के मौके पर खेलमंत्री ने राष्ट्रीय खेल महासंघों से जुड़े मसलों पर बेबाक राय रखी। डिजिलॉकर दस्तावेजों और सर्टिफिकेट के संग्रहण का क्लाउड आधारित प्लेटफॉर्म है जिससे दस्तावेजों को साझा करना और प्रमाणित करना आसान हो जायेगा ।

मांडविया ने 40 राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा,"मुझे एनएसएफ में दखल देना पसंद नहीं है लेकिन इसके यह मायने नहीं है कि खिलाड़ियों पर फोकस की सरकार की नीति से भटकने की उन्हें अनुमति दी जाएगी।" उन्होंने कहा,"मैने विभिन्न महासंघों के कई गुटों से बात की है और मैने उनसे इस पर काम करने के लिये कहा है ताकि खिलाड़ियों को नुकसान नहीं हो।" उन्होंने कहा,"आपको खिलाड़ियों का ध्यान रखना है और गुटबाजी होने पर उन्हें नुकसान होता है । मैं इसकी अनुमति नहीं दूंगा। एनएसएफ को जिम्मेदार होना होगा।" मांडविया का इशारा संभवतः मुक्केबाजी , फुटबॉल, कुश्ती और घुड़सवारी जैसे खेलों के महासंघों की ओर था जिनकी अंतर्कलह अंतरराष्ट्रीय महासंघों और अदालत तक पहुंच गई है। मांडविया ने कहा,"महासंघों को मंत्रालय से पूरा सहयोग मिलेगा। मैं पहले भी कह चुका हूं कि हम दफ्तर की जगह भी देंगे। जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 18 कमरे तैयार हैं। आपको बस आवेदन करना है।" उन्होंने कहा,"लेकिन भाई-भतीजा नहीं चलेगा। खेल प्रशासन ऐसा नहीं होता है। एक दिन मैं एक अधिकारी से मिला जिसने अपने चपरासी को अपना सचिव बना रखा था। चीजें ऐसे नहीं चलती है।"

उन्होंने कहा कि भारत 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी का दावा कर चुका है और 2036 ओलंपिक की मेजबानी का आशय पत्र दे चुका है लिहाजा सभी को एकजुट होना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### खिलाड़ियों के लिए शुरू किया डिजिलॉकर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रिकॉर्ड रखने की प्रक्रिया को सरल बनाने की कवायद के तहत खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने खिलाड़ियों के लिए डिजिलॉकर सुविधा शुरू करते हुए कहा कि राष्ट्रीय महासंघों के लिए अगले एक साल के भीतर खिलाड़ियों के प्रमाण पत्र और अन्य जरूरी दस्तावेजों को डिजिटल रूप देना अनिवार्य होगा। मांडविया ने 40 राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधियों और तोक्यो ओलंपिक रजत विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू और हॉकी खिलाड़ी जरमनप्रीत सिंह सहित कुछ खिलाड़ियों की मौजूदगी में औपचारिक रूप से इस पहल की शुरुआत की। मांडविया ने याद करते हुए कहा, "एक खिलाड़ी, एक युवा लड़की, एक बार आंखों में आंसू लिए मेरे पास आई थी और बताया था कि उसने नौकरी का मौका गंवा दिया क्योंकि उसके प्रमाण पत्र को सत्यापित नहीं माना गया और वह राष्ट्रीय महासंघ से मूल प्रमाण पत्र प्राप्त करने में विफल रही।" उन्होंने कहा, "ऐसा नहीं होना चाहिए। मैं सभी को बताना चाहता हूं कि डिजिलॉकर अनिवार्य है। मैं शोषण की अनुमति नहीं दूंगा।" मांडविया ने इस 'क्लाउड आधारित' स्टोरेज मंच तथा दस्तावेजों और प्रमाण पत्र के सत्यापन को औपचारिक रूप से शुरू किया जिससे भारतीय डिजिटल निगम (डीआईसी) ने विकसित किया है। तकनीकी प्रगति से उत्साहित चानू ने कहा, "जब हम ट्रेनिंग लेते हैं और विदेश जाते हैं तो हमें इन दस्तावेजों की आवश्यकता होती है और उन्हें साथ ले जाना हमेशा संभव नहीं होता। (अनंत ज्ञान)